# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष : 15 • अंक : 01 • पृष्ठ : 12 • नगर संस्करण

• लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित

• लखनऊ से प्रकाशित
• बुधवार, 28 जनवरी 2026
• मूल्य : ₹ 3.00

www.kanwhizztimes.com

सफलता का 15वां साल




# नए सपने, नया संकल्प



राकेश कुमार पाण्डेय
चेयरमैन/प्रधान सम्पादक

आज जब **कैनविज टाइम्स** अपने 15वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तो यह हमारे लिए आत्ममंथन और नवसंकल्प का समय है। बीते 14 वर्षों ने हमें पहचान दी, अनुभव दिया और विश्वास की पूँजी सौंपी। अब 15वाँ वर्ष उस विश्वास को और मजबूत आधार देने का अवसर है।

जब **कैनविज टाइम्स** ने अपने पहले अंक के साथ आपसे संवाद शुरू किया था, तब हमारे पास न बड़ा नाम था, न संसाधनों की प्रचुरता—बस एक ईमानदार संकल्प था कि सच को पूरी निडरता और जिम्मेदारी के साथ आपके सामने रखा जाएगा। आज 14 वर्षों बाद जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो सबसे बड़ी उपलब्धि यही प्रतीत होती है कि आप आज भी हमें उसी विश्वास के साथ पढ़ते हैं। इन 14 वर्षों में देश, समाज और पत्रकारिता—तीनों ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। समय बदला, तकनीक बदली, खबरों की रफ्तार बदली, लेकिन अगर कुछ नहीं बदला तो वह है कैनविज टाइम्स की आत्मा—जनहित, सत्य और निष्पक्षता।

आज के दौर में जब खबरें जल्दी परोसी जाती हैं और सच अक्सर भीड़ में दब जाता है, वहाँ आप जैसे जागरूक पाठकों का साथ मिलना हमारे लिए सबसे बड़ा संबल है। हम गर्व से कह सकते हैं कि **कैनविज टाइम्स** ने कभी भी सनसनी के आगे सत्य को नहीं झुकने दिया। यह सफर आसान नहीं था। कई कठिनाइयाँ आईं, कई बार रास्ते चुनौतीपूर्ण लगे, लेकिन हर मुश्किल घड़ी में हमें यह एहसास रहा कि हमारे साथ हमारे पाठक खड़े हैं। मैं इस अवसर पर **कैनविज टाइम्स** की पूरी टीम—संवाददाताओं, संपादकीय सहयोगियों, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्टाफ—का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उनका समर्पण और परिश्रम ही इस संस्थान की असली नींव है। आने वाले समय में **कैनविज टाइम्स** केवल समाचार देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने वाला मंच बनेगा। हमारी भविष्य की कार्ययोजना स्पष्ट और पाठक-केंद्रित है हम स्थानीय और जमीनी पत्रकारिता को और अधिक सशक्त करेंगे, ताकि गाँव, कस्बे और आम नागरिक की आवाज़ मुख्यधारा में पूरी मजबूती से गूंजे। युवाओं, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। डिजिटल युग की आवश्यकता को समझते हुए हम अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को और विस्तार देंगे, जिससे खबरें अधिक तेज़, तथ्यपूर्ण और व्यापक रूप से पाठकों तक पहुँच सकें। साथ ही, यह विशेष ध्यान रखा जाएगा कि तकनीक के साथ-साथ पत्रकारिता की नैतिकता और विश्वसनीयता अक्षुण्ण बनी रहे। हम सकारात्मक समाचारों और समाधान आधारित रिपोर्टिंग पर विशेष बल देंगे, ताकि समस्याओं के साथ-साथ उनके रास्ते भी सामने आ सकें। कैनविज टाइम्स का उद्देश्य केवल सवाल उठाना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना भी है। पाठकों से हमारा रिश्ता और अधिक संवादात्मक होगा। आपके सुझाव, आपकी प्रतिक्रियाएँ और आपकी अपेक्षाएँ हमारी नीतियों का आधार बनेंगी। हम चाहते हैं कि **कैनविज टाइम्स** केवल पढ़ा न जाए, बल्कि आपका अपना मंच बने। 15वें वर्ष में प्रवेश करते हुए हम यह संकल्प दोहराते हैं कि सच के साथ खड़े रहेंगे, जनहित को सर्वोपरि रखेंगे, और किसी भी दबाव के आगे झुकेंगे नहीं। यह नया वर्ष हमारे लिए नई ऊर्जा, नई जिम्मेदारी और नए विश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर है।

# 'मदर ऑफ ऑल डील्स' करार

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार संधि की घोषणा, बनेगा दुनिया में दो अरब आबादी का सबसे बड़ा साझा बाजार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा।

इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा।

आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने वाली अमेरिका जैसे कुछ प्रमुख देशों की हाल की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच भारत और ईयू के बीच इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मार्कोस सेफकोविच के साथ समझौते के संपन्न



होने की घोषणा संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा, ''आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि का नया खाका है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने गोवा में आयोजित ऊर्जा क्षेत्र के वैश्विक सम्मेलन इंडिया एनर्जी वीक के उद्घाटन सत्र में कहा, ''कल (सोमवार को) ही भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच एक बहुत बड़ा करार हुआ है। दुनिया में लोग इसकी चर्चा 'मदर ऑफ ऑल डील्स' के रूप में कर रहे हैं। यह समझौता भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए बहुत बड़े अवसर लेकर आया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने इस समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील्स' • शेष पेज 11 पर

### लेयेन और कोस्टा की भारत यात्रा ऐतिहासिक क्षण : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बनने तथा भारत के साथ आज हुए समझौतों के समय उनकी मौजूदगी ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के दस्तावेजों के आदान प्रदान के बाद कहा कि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की भारत में यह मौजूदगी ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा एक ऐतिहासिक क्षण था जब यूरोपीय संघ के नेताओं ने पहली बार भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लिया। आज एक और ऐसा क्षण है, जब दो प्रमुख लोकतांत्रिक शक्तियां अपने संबंधों में एक निर्णायक अध्याय जोड़ रही हैं। इस ऐतिहासिक मौके पर दोनों नेता सहयोग और आपदा जोखिम प्रबंधन पर प्रशासनिक व्यवस्था पर दस्तावेजों के आदान-प्रदान के गवाह बने हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है।

# किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा : प्रधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नये नियमों पर हो रहे विवादों पर कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने देंगे।

श्री प्रधान ने यूजीसी के नए नियम 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' पर उठे विवादों पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भेदभाव के नाम पर किसी को इसका दुरुपयोग करने नहीं दिया जायेगा। इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आय़ी है वह उच्चतम न्यायालय की निगरानी में है। उल्लेखनीय है कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी को नई नियमावली लागू की है। इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों के मुताबिक इससे जाति-आधारित भेदभाव समाप्त होगा। हालांकि, इन नियमों ने आरक्षण जैसे एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने इसे 'सामान्य वर्ग विरोधी' करार देते हुए सड़कों पर प्रदर्शन शुरू कर दिये हैं।

## यूपी गैंगस्टर एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

# एक ही विधायी क्षेत्र में दो कानून नहीं चल सकते

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपित कई व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी। 22 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था।

याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई



है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 2021 की कुछ धाराओं-नियम 16(3), 22, 35, 37(3) और 40 को भी असंवैधानिक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने • शेष पेज 11 पर

### न्यायालय ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों से तेजाब हमले के मामलों की जानकारी मांगी

**नयी दिल्ली।** तेजाब हमले के मामलों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए, उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कई तरह की जानकारी देने को कहा। इसमें ऐसे मामलों का वर्ष वार ब्यौरा, अदालतों में उनकी स्थिति के साथ साथ पीड़ितों की मदद के लिए किए गए पुनर्वास उपायों का विवरण भी • शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### असंल निदेशकों पर एक और ठगी का मुकदमा

**लखनऊ।** आवासीय योजना के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले अंसल निदेशकों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज की गई। आदित्य बिरला ग्रुप के अधिकारी ने प्लॉट के नाम पर 29 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आवंटन मिलने के 14 साल बाद भी उन्हें प्लॉट पर कब्जा नहीं मिला सका। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। राजस्थान के राजश्रीनगर निवासी राजेंद्र प्रसाद मिश्र (59) आदित्य बिरला ग्रुप के संयुक्त अरब अमीरात स्थित आरएके सीमेंट फैक्ट्री में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम में वरिष्ठ पद पर हैं। उन्होंने बताया कि नौ मई 2008 को अंसल कंपनी में संपर्क किया था। सुशांत गोल्फ सिटी प्रोजेक्ट के अधिकारी नीरज तिवारी और संजय बलियासी से बात कर एग्रीमेंट टू सेल के तहत एक प्लॉट बुक कराया था। जिसके बाद पीड़ित राजेंद्र ने 29,04,960 रुपये का भुगतान कर दिया था। पेमेंट देने के बाद उन्हें आवंटन पत्र भी दिया गया था।

### बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में दूसरी भूमि रजिस्ट्री पूरी

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के आसपास जनसुविधाओं के विकास की परियोजना के तहत मंगलवार को दूसरी भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की मौजूदगी में बिहारीपुरा निवासी मनीष मिश्रा ने अपनी 322.32 वर्ग मीटर भूमि ठाकुर श्री बांके बिहारी जी (देवता) के नाम बैनामा की। इस भूमि का क्रय मूल्य एक करोड़ 85 लाख 36 हजार 704 रुपये निर्धारित किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# लखनऊ के 905 बैंक बंद, 16 हजार कर्मचारी सड़क पर, 2500 करोड़ का कारोबार प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने 5 दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर हड़ताल की

लखनऊ। पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग के समर्थन में बैंक अधिकारी और कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। हड़ताल का आह्वान यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने किया था। हड़ताल से लखनऊ की 905 बैंक शाखाओं के ताले नहीं खुले और करीब 2500 करोड़ की क्लीयरिंग ठप रही। इससे उन व्यापारियों और उद्यमियों को भारी परेशानी हुई, जिनके भुगतान चेक के माध्यम से होने थे। बड़े ट्रांजेक्शन न होने के कारण न केवल व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुईं, बल्कि निजी तौर पर लोगों के जरूरी भुगतान भी समय पर नहीं हो सके। एक ओर बैंककर्मी अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे तो तो बैंक शाखाओं के गेट पर लटके तालों ने आम ग्राहकों की मुश्किलों को बढ़ा दिया।

एटीएम 'आउट ऑफ सर्विस' व 'नो कैश' के बोर्ड लगे बैंक शाखाएं बंद होने



के कारण ग्राहक नकदी के लिए एटीएम पर निर्भर थे। हड़ताल की खबर से पहले ही कई लोगों ने नकदी निकाल ली थी, जिससे दोपहर होते-होते हजरतगंज, अमीनाबाद, गोमतीनगर, भूतनाथ, आलमबाग सहित शहर के कई इलाकों में एटीएम 'आउट ऑफ सर्विस' या 'नो कैश' के बोर्ड के साथ नजर आए। अमीनाबाद स्थित यूको बैंक का एटीएम और भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम खराब था। इससे बुजुर्गों और उन लोगों को अधिक परेशानी हुई जो डिजिटल पेमेंट के बजाय बैंक काउंटर से लेनदेन करना पसंद करते हैं। इस दौरान ज्यादातर ग्राहकों को खाली हाथ लौटना पड़ा। होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की फाइलें अटक गईं। पेंशन संबंधी कार्यों और केवाईसी अपडेट के लिए आए वरिष्ठ नागरिकों को बैंकों के चक्कर काटकर निराश होना पड़ा। दाखिले या सरकारी फीस जमा करने के लिए • शेष पेज 11 पर

## विधायी एजेंडा पर विपक्ष का आरोप निराधार

# सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार संसद में नियम प्रक्रियाओं के तहत हर मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है लेकिन एजेंडा साझा नहीं करने का विपक्ष का आरोप निराधार है।

श्री रिजिजू ने संसद के बुधवार से शुरु हो रहे बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि सरकार कल से शुरु हो रहे बजट सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा और प्रक्रियाओं के तहत चर्चा कराने को तैयार है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में सबसे पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है जिसमें वह दोनों सदनों को संबोधित करती है जो बुधवार को तय है। संसद में अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है और उसके बाद बजट पर चर्चा होती है। धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदस्य कई मुद्दे



उठा सकते हैं क्योंकि अभिभाषण में सरकार के समक्ष लेखाजोखा रखा जाता है। सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के विधायी एजेंडा साझा नहीं करने के आरोप पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सरकार अपना एजेंडा साझा करती है। उनका कहना था कि विपक्ष को बोलने की आजादी है, लेकिन सुनना भी जरूरी है। उन्होंने मनरेगा की जगह लाये गये वीबी-जी राम-जी कानून पर चर्चा की मांग खारिज कर दी। बजट सत्र से पहले सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में मंगलवार को 35 से ज्यादा राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हुए। बैठक में सरकार की तरफ से सभी दलों के नेताओं से बजट सत्र को सकारात्मक और सुचारू रूप से चलाने में मदद करने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार हर बात सुनने के लिए तैयार है। सिर्फ हंगामा करके अगर विपक्ष सदन को नहीं चलने देती है तो तकलीफ होती है। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार रहती है लेकिन यह बजट सत्र है इसलिए इसमें बजट पर चर्चा कर इसे पास करना एक नियम है। हम लोग नियम से बाहर जाकर कोयी काम नहीं करते हैं। संविधान से देश चलता है कोई अपनी मर्जी से काम नहीं करता है। श्री रिजिजू ने कहा, • शेष पेज 11 पर

### न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया जारी, जांच समिति की रिपोर्ट का इंतजार : रिजीजू

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने मंगलवार को कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया जारी है और सरकार उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए बहुदलीय नोटिस स्वीकार करने के बाद पिछले साल 12 अगस्त को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए समिति का गठन किया था। न्यायमूर्ति वर्मा को 14 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तब वापस भेज दिया गया था, जब उनके आधिकारिक आवास पर नोटों के जले हुए बंडल मिले थे। यह पूछे जाने पर कि क्या बुधवार से शुरू होने वाले संसद के आगामी बजट सत्र से पहले इस मामले पर चर्चा की जाएगी, रीजीजू ने टिप्पणी करने से इनकार किया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''प्रक्रिया के अनुसार, सदन की सहमति से अध्यक्ष द्वारा गठित समिति को मामला भेज दिया गया है और प्रक्रिया जारी है। जांच समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और बर्खास्तगी की प्रक्रिया से परिचित अधिकारियों ने बताया कि संसद के किसी भी सदन में सांसदों के सामने अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा।

## रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से सोचें : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के साथ तारतम्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत यानी जो तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है वही आगे रहता है पर चलना होगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि स्वदेशी प्रणालियां भारत की संचालन तैयारियों को सशक्त बना रही हैं। श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों तथा तकनीकी कर्मियों से मंगलवार को यहां मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्धक्षेत्र में डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग किया गया जिससे यह साबित होता है कि स्वदेशीकरण के मामले में रक्षा क्षेत्र में डीआरडीओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी- • शेष पेज 11 पर

# शिविरों का एके शर्मा ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने मऊ प्रवास के दौरान विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत लगाए गए विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिंदटोलिया, सुग्गीचौरा, गजियापुर, डुमरी एवं मरयादपुर सहित विभिन्न स्थानों पर लगे शिविरों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बिंदटोलिया में आयोजित विद्युत बिल राहत शिविर के निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में विसंगतियां हैं, उनका तत्काल सुधार कर योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए भी संयुक्त शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री शर्मा ने कटान से प्रभावित परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया। सु?ग्गीचौरा में आयोजित शिविर के दौरान भैरोपुर निवासी एक उपभोक्ता के 16 वर्ष पुराने ?2 लाख 15 हजार के विद्युत बिल का निपटारा मात्र ?28 हजार में होने पर मंत्री श्री शर्मा ने उपभोक्ता को बधाई दी। उपभोक्ता ने 1 लाख 87 हजार की छूट मिलने पर ऊर्जा मंत्री का आभार व्यक्त किया।इसी तरह डुमरी शिविर के निरीक्षण के दौरान एक अन्य उपभोक्ता का ?3 लाख 23 हजार का विद्युत बिल समायोजित होकर ?1 लाख 6 हजार में निपटने पर उपभोक्ता ने इस लोककल्याणकारी योजना के लिए मंत्री श्री ए.के. शर्मा की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। मंत्री श्री शर्मा ने गजियापुर एवं मरयादपुर में लगे शिविरों का भी निरीक्षण किया और उपभोक्ताओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में विद्युत बिल राहत योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आमजन को राहत देना है और किसी भी उपभोक्ता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर श्री राम बाबू के साथ अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फर्जी फर्मों से करोड़ों की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) उत्तर प्रदेश ने फर्जी फर्मों का पंजीकरण कर नकली इनवॉयस व ई-वे बिल के जरिए करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों को मंगलवार को सहारनपुर से गिरफ्तार किया है।

अभियुक्तों के कब्जे से 6 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप/चार्जर, 2 आधार कार्ड, विभिन्न बैंकों की 17 चेकबुक, 11 पासबुक, 9 एटीएम कार्ड और 5200 रूपये नकद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में विशाल गर्ग पुत्र नवीन गर्ग, निवासी न्यू भगवती कॉलोनी, बेहट रोड, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर; बशारत पुत्र सलमान अली, वर्तमान पता निजाम कॉलोनी गली नंबर-12, थाना मंडी, सहारनपुर (मूल निवासी सरायमेहंदी, थाना मंडी); तथा फुरकान पुत्र मुन्ने शाहिद, निवासी चांद कॉलोनी, ठोकरी सरो, एटीएमसी एजेंसी के पास, मस्जिद वाली गली नंबर-7, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर शामिल हैं।

एसटीएफ के अनुसार आरोपी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बोगस फर्में रजिस्टर कराते थे और बिना वास्तविक माल की खरीद-फरोख्त किए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाकर सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा रहे थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह पहले अलग-अलग राज्यों में फर्जी फर्में पंजीकृत कराता था। इसके बाद नकली सेल इनवॉयस और ई-वे बिल तैयार कर जीएसटी पोर्टल पर अपलोड किए जाते थे। दिखावटी सप्लाई दिखाकर आईटीसी का लाभ लिया जाता और बैंक खातों के जरिये रकम घुमाकर नकदी निकाली जाती थी। जांच में 30 से अधिक ई-मेल आईडी और कई बैंक खातों के उपयोग की पुष्टि हुई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों से की गयी विस्तृत पूछताछ से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त राजेश सुनैजा जो जीएसटी की चोरी के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-275/25 धारा-420 में एक सप्ताह पूर्व जेल गया है जिसके साथी विशाल गर्ग एवं बशारत द्वारा जनपद सहारनपुर में एकाउण्टेसी सम्बन्धी कार्यों को किया जाता है। वर्तमान प्रकरण में अभियुक्तों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 भादवि सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं एसटीएफ ने गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश तेज कर दी है।

# मनाया गया गणतंत्र दिवस



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज लखनऊ के विवेकानंद सभागार में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया।महाविद्यालय की संस्थापक डॉ डी सी श्रीवास्तव द्वारा प्रातः 10:00 बजे झंडा फहराने के बाद झंडे की सलामी दी गई। देशभक्ति पूर्ण नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पहले प्राचार्या ने सरस्वती जी के चित्र फलक पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कई छात्राओं द्वारा भक्ति गान ,भाषण ,नृत्य प्रस्तुत किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात प्राचार्या महोदया द्वारा पूर्व में हुए विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतियोगी एवं स्थान प्राप्त छात्राओं का पुरस्कृत किया गया। उसके पश्चात प्राचार्या के अध्यक्षीय संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्राओं को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक डॉ डी सी श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव, विद्यालय के उप प्राचार्या शीला श्रीवास्तव, डॉ रोली श्रीवास्तव,डॉ यतींद्र कुमार झा, प्रकाशिनी,भावना सेठी,टी के चौधरी, राखी सिंह, डॉ फौजिया सिद्दीकी,पूनम श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, आरती निगम, रूबी मिश्रा, साक्षी श्रीवास्तव, नवनीत सिंह ,पंकज शुक्ला, सरिता राठौर, शिखा सहाय, शुभी शुक्ला, दीपांशी कनौजिया,आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बंथरा में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ तिरंगा लहराते हुए यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व भाजपा के सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह ने किया, जबकि उम्मेद खेड़ा निवासी युवा नेता हर्षित सिंह चौहान के नेतृत्व में यह यात्रा बंथरा से शुरू होकर शांतिनगर होते हुए क्षेत्रभर में धूमधाम से गुजरी। हर्षित सिंह चौहान जो बंथरा के भावी चेयरमैन प्रत्याशी भी हैं, ने अपनी टीम के साथ यात्रा में भाग लिया और क्षेत्रवासियों के साथ गणतंत्र दिवस के जश्न में शामिल हुए। यात्रा के दौरान कई सम्मानित क्षेत्रवासी और स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश फैलाना था। युवा नेता हर्षित सिंह चौहान ने कहा, ''हमारे लिए यह दिन गर्व का है। तिरंगा हमारे देश की एकता और गौरव का प्रतीक है। इस यात्रा के माध्यम से हम सभी को देशभक्ति की भावना से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।''

## ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** राजधानी के ग्रामीण अंचलों में 77 वा गणतंत्र दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सभी सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानो c स्कूलों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई वही ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं ने जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली, तिरंगा यात्रा का ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर जगह जगह स्वागत कर सभी का उत्साहवर्धन किया तिरंगायात्रा के दौरान देश भक्ति के जश्न में डीजे पर थिरकते युवाओं द्वारा जय हिंद , जय भारत , वंदे मातरम ,भारत माता की जय ,के जयकारो से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा । वही गोपाल खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिकाओ , ग्रामीणों एवं बच्चों की मौजूदगी में पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी व प्रधानाचार्या माया दीक्षित ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी वही राष्ट्र गान के बाद बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम c देश भक्ति के गीत नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया वही कार्यक्रम के तत्पश्चात मेधावी बच्चों को मेडल c उपहार देकर मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

## कुल्हाड़ी से सिर पर वार, हालत गंभीर

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** थाना नगराम क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर अचाका में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित मिठाई लाल सलेमपुर अचाका ने थाना नगराम में तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार की दोपहर करीब दो बजे उसका पुत्र गोविंद काम से लौटकर घर के पास किराने की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान दीपक ने अपने माता-पिता और बहन सहित मामा का लड़का निवासी ग्राम हुलासखेडा थाना मोहनलालगंज सहित अन्य लोगों ने मिलकर गोविंद को घेर लिया और कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिजन घायल गोविंद को इलाज के लिए मोहनलालगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित के अनुसार आरोपियों से पूर्व से रंजिश चली आ रही थी, इसी के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दो गैंगस्टरों की छह लाख रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति कुर्क

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** मोहनलालगंज पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर गैंगस्टरों की अपराध से अर्जित की गई छह लाख से अधिक रुपये की संपत्ति को कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्ति में एक मारुति सुजुकी डिजायर कार तथा एक ई-रिक्शा शामिल है। यह कार्यवाही मोहनलालगंज एसीपी विकास पांडे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मोहनलालगंज पुलिस के अनुसार थाने पर आरोपियों के खिलाफ पंजीकृत उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत आरोपी दीपक यादव उर्फ रजित यादव पुत्र बद्री यादव उर्फ योगेश यादव, निवासी रहीमाबाद, थाना बिजनौर, जनपद लखनऊ, दूसरे विमल पुत्र राकेश, निवासी ग्राम कुरौनी, थाना बंथरा, जनपद लखनऊ के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा संगठित आपराधिक गिरोह बनाकर लूट, चोरी एवं अन्य संगीन अपराधों के माध्यम से अवैध रूप से धन अर्जित किया जा रहा था। इसी अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई संपत्तियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए कुर्क किया गया। कुर्क की गई संपत्ति एक मारुति सुजुकी डिजायर कार, कीमत लगभग साढ़े पांच लाख और एक ई-रिक्शा, कीमत लगभग पचहत्तर हजार है। कुल छह लाख से अधिक की सम्पत्ति कुर्क की गई है। वही मोहनलालगंज पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठित अपराधियों एवं गैंग लीडरों के विरुद्ध केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी अपराधियों पर इसी प्रकार प्रभावी अंकुश लगाया जाता रहेगा।

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरु महिमा का भावपूर्ण वर्णन

**नगराम, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा स्थल भक्तिरस से सराबोर नजर आया। कथावाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान गुरु-शिष्य परंपरा, सद्गुरु की कृपा और जीवन में गुरु के महत्व पर प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए गए। महाराज जी के ओजस्वी वचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कथा प्रसंगों से जुड़ी सजीव एवं आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। झांकियां कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंचे और धर्मलाभ प्राप्त किया। कथा आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रीमद्भागवत कथा का क्रम प्रतिदिन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जारी है।

## बैठक एवं तहरी भोज का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान ने सोमवार को जानकीपुरम स्थित क्लब में कार्यकारिणी बैठक एवं तहरी भोज का आयोजन किया। जिसमें इस मौके पर अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार मौर्य ने आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं व होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर मौजूद साथियों के साथ खुली चर्चा की। वहीं उन्होंने होने वाले वार्षिक कार्यक्रम और होली मिलन समारोह को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं संगठन से जुड़ने वाले नए सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर अरुणेंद्र कुमार मौर्य, देवेंद्र प्रताप सिंह, सुशील सिंह, विनोद कुमार सिंह, राज कुमार सोनी एडवोकेट, मनोज मिश्रा, अवधेश अग्रवाल, ए आर तिवारी, राकेश रस्तोगी, कमलेश्वर सोनी, विजय यादव, राजेश मौर्या, अमर सिंह लोधी समेत अन्य मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े बम फेंककर दहशत फैलाने वाले 5 शातिर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में रंगदारी व लूट के उद्देश्य से दिनदहाड़े बम फेंककर भय का माहौल पैदा करने वाले शातिर अपराधियों के गिरोह का पुलिस ने सफल अनावरण किया है। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की पश्चिमी जोन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से तीन नाजायज देसी बम भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार थाना दुबग्गा क्षेत्र स्थित एस.आर. ट्रेडर्स बिल्डिंग पर 16 जनवरी 2026 को अज्ञात बदमाशों द्वारा बम फेंका गया था। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई थी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाना दुबग्गा में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि अभियुक्त पहले थाना मलिहाबाद और काकोरी क्षेत्र में मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम दे चुके थे। लूटे गए मोबाइल फोनों के माध्यम से अभियुक्तों ने एस.आर. ट्रेडर्स के मोबाइल नंबर पर लगातार जान से मारने की धमकी देते हुए 10 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। रंगदारी न मिलने पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से दिनदहाड़े बम फेंकने की घटना को अंजाम दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिमी द्वारा विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। सर्विलांस और अपराध शाखा की मदद से 26 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना दुबग्गा क्षेत्र से पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में अभियुक्तों का संगठित गिरोह बनाकर योजनाबद्ध तरीके से लूट, धमकी और रंगदारी जैसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होना पाया गया। इनके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से तीन नाजायज देसी बम, लूटे गए मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की है। अभियुक्तों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का कार्य किया गया है।

## गणतंत्र दिवस निकली गई तिरंगा यात्रा



लखनऊ। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा निकली गई। कार्यक्रम सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित जेएनडी खेल मैदान, जी7 चौकी, हसनपुर खेवली से प्रारंभ हुआ। सुल्तानपुर रोड पर, एचसीएल तिराहा होते हुए गोसाईगंज के पटेल पार्क पहुँची। यही से इस यात्रा का समापन हो गया।

यात्रा के आयोजक सूरज प्रधान ने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियाँ पिछले दो महीनों से लगातार की जा रही थीं। उन्होंने कहा कि इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ शामिल हुए। यात्रा के दौरान भारत माता की जयङ्क और ङ्खवंदे मातरम्ङ्क के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करना रहा । कार्यक्रम में राम सिंह प्रधान, राजेश वर्मा, केशव प्रसाद (वार्ड पार्षद), अजय पांडेय, सत्यम (चेयरमैन प्रतिनिधि), विनय वर्मा, डिंपल (ब्लॉक प्रमुख), एडवोकेट रमा शंकर भीम, दुर्गेश आंबेडकर, कमल किशोर, सर्वेश प्रधान, विश्राम राज पासी, पवन वर्मा, सुरेंद्र यादव, अमित रावत, निखिलेश रावत एवं विकास रावत सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# संविधान ही भारत की अस्मिता और शक्ति का आधार : डॉ. राजेश्वर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हाथों में तिरंगा, दिलों में राष्ट्रप्रेम और सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, 77वें गणतंत्र दिवस पर सरोजनीनगर राष्ट्रभक्ति के विराट उत्सव में परिवर्तित हो उठा, जब डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में 'सरोजनीनगर भव्य तिरंगा यात्रा' ने पूरे क्षेत्र को तिरंगे के रंग में रंग दिया। हजारों बाइक और कारों पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज, देशभक्ति गीतों पर थिरकते उत्साही युवा और नागरिक,खुली जिप्सी में हाथों में तिरंगा थामे, जन-जन का अभिवादन करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, सरोजनीनगर का यह दृश्य, राष्ट्र के प्रति समर्पण का चलता-फिरता उद्घोष बन गया।

छठ पूजा स्थल, सैनिक स्कूल ग्राउंड, नवीन गौरी से प्रारंभ होकर कानपुर रोड, स्कूटर इंडिया चौराहे से यू टर्न लेते हुए एयरपोर्ट तक, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में पहुँची यह तिरंगा यात्रा, तिरंगे की आन, बान और शान को समर्पित जनभावनाओं की अभिव्यक्ति थी, जिसने सम्पूर्ण सरोजनीनगर को देशभक्ति के जयघोषों से गुंजायमान कर दिया। इस भव्य तिरंगा यात्रा से पूर्व विधायक ने उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल' द्वारा छठ पूजा स्थल, सैनिक स्कूल ग्राउंड, नवीन गौरी में आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम एवं 'सरोजनीनगर भव्य तिरंगा यात्रा' में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता करते हुए तिरंगे को सम्मानपूर्वक आकाश की ओर आरोहित किया।

# गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में भव्य परेड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस लाइन प्रयागराज में भव्य परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। परेड में विभिन्न पुलिस टुकड़ियों ने अनुशासन और एकरूपता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता तथा सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। समारोह देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना से ओतप्रोत रहा, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पायलटों की जान बचाने वाले तीन जांबाज नागरिक सम्मानित

प्रयागराज । प्रयागराज में शहर के बीच भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण विमान के तालाब में गिरने के बाद पायलटों की जान बचाने वाले तीन जांबाज नागरिकों को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने हादसे के दौरान साहस दिखाकर पायलटों को सुरक्षित बाहर निकालने वाले पंकज सोनकर, पदम सिंह और रामचंदर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही तीनों को एक-एक लाख रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की गई तथा संविदा पर नौकरी देने की भी बात कही गई। यह हादसा बुधवार दोपहर करीब 12:20 बजे केपी कॉलेज के पीछे मलाकराज मोहल्ले में स्थित तालाब में हुआ, जहां वायुसेना का दो-सीटर प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के तालाब में गिरते ही दोनों पायलट दलदल में फंस गए थे। स्थानीय युवकों ने जान की परवाह किए बिना तालाब में छलांग लगाकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। उपमुख्यमंत्री ने इस साहसिक कार्य को प्रयागराज का गौरव बताते हुए नागरिकों की सराहना की।

## उपद्रवियों ने कर लिया महिला के खेत पर कब्जा

**गोसाईगंज/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 26 जनवरी के दिन जब सभी लोग गणतंत्र दिवस का महोत्सव मनाने में व्यस्त थे उसी समय गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर मजरा शिवलर निवासी शान्ति पत्नी संतदीन की जमीन पर कुछ उपद्रवी लोगों द्वारा कब्जा किए जाते का काम हो रहा था। शिकायत खत्री महिला के अनुसार उसके मकान के पास में उसकी भूमि (गाटा संख्या 1529) भी है।इसी भूमि पर 26 जवानी 2026 के दिन गांव के ही निवासी देवानंद पुत्र गंगाप्रसाद, मनीष पुत्र देवानन्द, रामनाथ पुत्र भग़वानदीन ने कब्जा करने का काम शुरू कर दिया।उन लोगों ने टैक्टर ट्राली से समान लाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया।शिकायत कत्री के पति संतदीन के विरोध करने पर उन्हें आरोपियों ने जान से मार देने की धमकी दी गई। पीड़ित महिला के अनुसार अवैध कब्जा करने वालो के पक्ष में 50 से 60 लोग खड़े हुए थे जिसमे कुछ लोग काले रंग का कोट पहने हुए थे। काला कोट पहने हुए लोग वकील थे या गुंडे यह कुछ पता नहीं है। पीड़ित महिला के अनुसार उसकी ओर से 112 नम्बर डायल किया गया, एस एच ओ के सी यू जी नम्बर पर फोन करके उन्हें भी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची किन्तु अवैध कब्जा करने वालों ने अपना का बंद नहीं किया। शांति के अनुसार उन्होंने अपनी शिकायत गोसाईगंज कोतवाली प्रभारी, सहित सभी पुलिस अधिकारियों और मुख्य मंत्री को भी भेज दी है।

## गांव में हो रही है अवैध गांजा और शराब की बिक्री

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली के गांव राम बख़्श खेड़ा में अवैध शराब और गांजा भेजने का काम किया जाता है।इस बात की शिकायत गांव के निवासी रामू कुमार पुत्र राजा राम की ओर से पुलिस से की गई है। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार उसी गांव के निवासी अंकित और लवकुश पुत्र गण मथुरा प्रसाद अवध शराब और गांजा भेजने का काम करते हैं। पुलिस ने 26 जनवरी 2016 को शाम 6 बजे छापा लेकिन कुछ भी बरामद नहीं हुआ । शिकायत के अनुसार आरोपियों को पुलिस छापा मारे जाने की जानकारी पहले ही मिल गई और उसने शराब व गांजा किसी अन्य जगह छिपा दिया था।

## गण तंत्र दिवस के मौके पर कहीं लड्डू कहीं तहरी भोज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देश के 77वे गणतंत्र दिवस के अवसर गोसाईगंज में बहुत से संगठनों के कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया। लोगों ने ध्वजारोहण के बाद कही लड्डू तो कही तहरी भोज का आनंद लिया। गोसाईगंज में मोहनलालगंज मार्ग पर स्थित आदर्श पत्रकार वेल फ़ेयर एसोशिएशन के कार्यालय पर अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया उसके बाद लड्डू बांटे गए।ध्वजारोहण के मौके पर मौजूद पत्रकार अश्वनी कुमार, मोनू वर्मा, रवींद्र सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। भमरौली गांव के राम अधीन मॉन्टेसरी स्कूल ध्वजारोहण के बाद बच्चों द्वारा मामोहक नाटक के अलावा गीत भी प्रस्तुत किए। इसके लिए प्रबंधक लाल बहादुर की ओर पुरस्कृत किया गया। गोसाईनाज स्थित भाकियू (अम्बवता) कार्यालय परिसर में ध्वजा रोहन के बाद तहरी भोज कराया गया जिसमें सुरेन्द्र कुमार वर्मा, हरिपाल,देवेंद्र सिंह यादव, विजय कुमार वर्मा शामिल हुए। सुलतानपुर रोड पर स्थित भ्रष्टाचार निवारण पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिचरन सिंह यादव द्वारा ध्वजारोहण किए जाने के बाद लड्डू वितरित किए गए । इस आयोजन में पार्टी आशाराम यादव, राम सेवक यादव, सलमान खान, आलोक सिंह, प्रेम चंद रावत, अखिलेश यादव संदीप यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों में बांटे कम्बल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा ऐशबाग में एक सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोसायटी द्वारा लगभग 200 गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण कर उन्हें कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम में सचिव अमरनाथ मिश्र की उपस्थिति में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग तक सहायता पहुँचाना और गणतंत्र दिवस को सेवा भाव के साथ मनाना रहा।

## डिस्कॉम रेटिंग में सुधार के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध वितरण निगमों के मुख्यालय शक्ति भवन में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने पारेषण, उत्पादन एवं वितरण के क्षेत्र में वितरण निगमों की रेटिंग में हुए सुधार को सराहनीय बताया। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को ए-ग्रेड रेटिंग प्राप्त होने पर ऊर्ज़ा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. गोयल ने कहा कि आने वाला समय आईटी आधारित व्यवस्था और स्मार्ट मीटरिंग का है, ऐसे में कार्मिकों की क्षमता वृद्धि एवं निरंतर प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इस्तीफा देने वाले सिटी मजिस्ट्रेट से की फोन पर बात

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री से फोन पर बातचीत की। इस दौरान शंकराचार्य ने कहा कि जो पद सरकार ने दिया था, उससे कहीं बड़ा पद धर्म के क्षेत्र में उन्हें देने का प्रस्ताव वे रखते हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने वालों को समाज और संतों का पूरा समर्थन मिलता है। इस बातचीत के बाद मामला और चर्चा में आ गया है तथा धार्मिक व प्रशासनिक हलकों में इसे लेकर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

## डीसीपी गंगानगर व एसीपी हंडिया ने की जनसुनवाई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत एवं सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सिविल लाइंस में फाइनेंस कर्मी पर जानलेवा हमला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइंस क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी अमन पर 10 से 12 युवकों ने ईंट और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने छह नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## गणतंत्र दिवस पर विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

# राष्ट्र और सनातन संरक्षण का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कमल पार्क, इंदिरा नगर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगीत, संविधान की शपथ, दीप प्रज्वलन तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, भारत माता एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके उपरांत वृक्षारोपण एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत कर दिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनंत श्री विभूषित मंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी अभयानंद सरस्वती महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। प्रेरक उद्बोधन में अनिल, विभाग प्रचारक, लखनऊ विभाग (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने कहा कि समाज में सांस्कृतिक चेतना, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को सशक्त करना आज की आवश्यकता है। संत समाज की ओर से स्वामी भास्करानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सनातन धर्म भारत की आत्मा है और इसकी रक्षा से ही राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनु शर्मा, संस्थापक निदेशक, ग्रीन बायोटेक ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के अवध प्रांत संयोजक प्रमिल द्विवेदी ने कहा कि सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय सरोकारों को जन-जन तक पहुँचाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश राय ने कहा कि जब तक समाज से जात-पात की भावना समाप्त नहीं होगी, तब तक हिंदू समाज पूर्ण रूप से सशक्त नहीं हो पाएगा। प्रख्यात समाजसेवी अरुण सिंह ने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बना सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्पना सिंह ने की। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज की ओर से इंदिरा नगर रेजिडेंशियल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि ल्लविराट हिंदू सम्मेलन एक माध्यम है, वास्तविक उद्देश्य सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा है। इस अवसर पर स्वामी भास्करानंद सरस्वती महाराज एवं राजकिशोर सिंह द्वारा नगर निगम के सफाई विभाग, उद्यान विभाग के कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में राजकिशोर सिंह ने सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों एवं सकल हिंदू समाज के बंधुओं और मातृशक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से हरि नारायण मिश्रा, प्रमिल द्विवेदी, आर. पी. पांडे, कनौजिया, अरुणा सिंह, नीतू सिंह, सी. के. प्रसाद, वेद प्रकाश राय एवं विजय यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोमती नगर विस्तार में 26 जनवरी को 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय एवं देशभक्ति से परिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपम सलूजा द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। तिरंगे के फहराते ही पूरा परिसर वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। इसके पश्चात सभी ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय संघ की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत परेड ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। सटीक कदमताल और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन ने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। इसके बाद विद्यालय के हेड बॉय ने प्रभावशाली भाषण दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व, लोकतंत्र की शक्ति और युवाओं की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को भावनात्मक स्वरूप देते हुए विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति कविता पाठ प्रस्तुत किया गया, जिसमें वीर शहीदों के बलिदान और भारत की गौरवशाली संस्कृति का सुंदर चित्रण था। इसके उपरांत प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रगाढ़ कर दिया। विशेष आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक में सामाजिक कुरीतियों, नागरिक कर्तव्यों और संविधान के मूल्यों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। सशक्त अभिनय और सरल संवादों ने दर्शकों को सोचने पर विवश कर दिया। विद्यालय के ऑर्केस्ट्रा समूह द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति धुनों ने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य ने भारत की विविधता में एकता को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या रूपम सलूजा ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों को अपनाने, जिम्मेदार नागरिक बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात हेड मिस्ट्रेस नाज़िश ज़फ़र ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके आत्मविश्वास, देशभक्ति की भावना और मंचीय कौशल की प्रशंसा की तथा राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संदेश दिया। अंत में जूनियर हेड मिस्ट्रेस दीपांजलि सक्सेना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह, देशभक्ति और गर्व के साथ संपन्न हुआ। पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा नजर आया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अलीगंज स्थित राम राम बैंक चौराहा के किड्जी स्कूल में बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और गीत, नृत्य व अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावकों और शिक्षकों ने सराहा। इस मौके पर स्कूल की ऑर्डिनेटर स्वाति रस्तोगी के साथ मृणाल त्रिवेदी, कोपल मिश्रा, खुशी सिंह, नेहा शुक्ला एवं कल्पना मौजूद रहीं। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों को बसंत पंचमी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायी जानकारियां भी दीं।

## श्री झुन्झुनू वाली दादी डोली उत्सव में उमडा भक्तों का सैलाब, निकली भव्य मंगल कलश यात्रा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री झुन्झुनू वाली दादी मित्र मण्डल की ओर से डोली उत्सव की शुरुआत रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा इन्द्रिरा नगर स्थित श्री अखण्डेश्वर महादेव मन्दिर से 351 सौभाग्यशाली महिलाओ द्वारा हाथों में मेंहदी सजाये, चुनरी की साड़ी में सजी महिलाएं सिर पर दादी नाम का कलश धारण किये जब निकली तो हर कोई देखते ही रह गया। यात्रा में सबसे आगे रथ पर सवार भगवान पर शंकरपरिवार, हनुमान तथा श्रीकृष्ण तथा पालकी में राधा रानी चल रहा थी। वहीं अपराह्न एक बजे नारायणी चरित्र मानस पाठ देविका बाजोरिया के भावपूर्ण मधुर वाणी में किया गया। इसी बीच श्री नारायणी चरित्र मानस पाठ के अध्याय चतुर्थ में दादी का विवाह का वर्णन के समय कमेटी ने दो असहाय वर वधु को पवित्र परिणय सूत्र में पिरोया। डोली उत्सव कार्यक्रम में श्री दादी मित्र मंडल लखनऊ के सदस्य दिनेश मेघदूत अग्रवाल, महेश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, जया अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, राजेंद्र पाण्डेय, आशीष अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल स्वदित अग्रवाल व संगीता अग्रवाल सहयोग प्रदान कर रहे है।

# सैकड़ों लोगों ने ली एआईएमआईएम की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ। 171 पश्चिम विधानसभा क्षेत्र दुबग्गा में गणतंत्र दिवस का आयोजन इस बार देशभक्ति के साथ-साथ सियासी उत्साह और जनसैलाब का गवाह बना। दुबग्गा स्थित विधानसभा कार्यालय में झंडारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जहां आज़ादी के शहीदों और संविधान निर्माताओं को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। झंडारोहण के बाद अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने कहा कि हमारे बुज़ुर्गों की ऐतिहासिक कुर्बानियों के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में पूरे गौरव के साथ गणतंत्र दिवस मना पा रहे हैं। 26 जनवरी 1950 को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में लागू हुए भारतीय संविधान को याद करते हुए युवाओं से अपील की गई कि वे अपने इतिहास संविधान और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी न भूलें। इस अवसर पर बतख मियां अंसारी और बेगम हज़रत महल जैसे महान क्रांतिकारियों के योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। गणतंत्र दिवस के इस ऐतिहासिक मौके पर दुबग्गा बाजार स्थित साहिल मैरिज हॉल में क्षेत्रीय नेता और समाजवादी पार्टी के पूर्व नेता हाशिम सिद्दीकी का जन्मदिन भी भव्य रूप से मनाया गया। जन्मदिन समारोह ने राजनीतिक कार्यक्रम का रूप ले लिया। जहां भारी संख्या में समर्थकों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी देखने को मिली। कार्यक्रम में सेंट्रल अध्यक्ष शेख़ ताहिर सिद्दीकी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। शौकत अली ने अपने संबोधन में संविधान सामाजिक न्याय और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर हाशिम सिद्दीकी के नेतृत्व में 500 से अधिक लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की जिसे क्षेत्र में पार्टी की बढ़ती ताकत के रूप में देखा जा रहा है। सदस्यता ग्रहण करने वालों ने जन्मदिन की बधाई के साथ हाशिम सिद्दीकी के नेतृत्व पर भरोसा जताया।

## गणतंत्र दिवस पर करोरा बेसिक विद्यालय बना यादों और राष्ट्रभक्ति का संगम

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगराम क्षेत्र के करोरा स्थित बेसिक विद्यालय में सत्र 1974-75 के पुरातन छात्रों का भव्य एवं भावनात्मक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीजे बैंड के साथ वर्तमान छात्रों, पुरातन छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में निकाली गई प्रभात फ़ेरी से हुई। भारत माता और महापुरुषों के जयघोष से पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंग गया। प्रभात फ़ेरी के उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज सुशील कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी मोइन अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान डॉ. रूप नारायण वर्मा, डॉ. मसर्रन बानो, डॉ. श्याम मनोहर चौधरी (पूर्व डीएसपी), मेराजुन हसन, देवेंद्र सिंह चौहान सहित लगभग 40 पुरातन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी को माला एवं पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा पांडे, अनूप कुमार व अनिल कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापक बृजेश कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुधीर विश्वकर्मा , नीरज त्रिवेदी, दीपक तिवारी समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## तिरंगे की शान में गूंजा पतंजलि योग समिति गंगागंज, गणतंत्र दिवस पर दिखा राष्ट्रभक्ति का विराट रूप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति गंगागंज, लखनऊ के तत्वावधान में गंगागंज स्थित योग केंद्र पर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में योग, भारतीय संस्कृति और देशप्रेम का सजीव संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष नागेश कुमार एवं स्वामी अभिषेक देव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ कराकर किया गया। हवन में बड़ी संख्या में योग साधकों व श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर राष्ट्र की सुख-समृद्धि और अखंडता की कामना की।

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
CERAGEM
स्पाइन थेरेपी सेंटर
बदायूं
सर्वेश तिवारी
प्रबंध निदेशक




## भैरमपुर स्थित भैरवनाथ बाबा मंदिर पर दो दिवसीय मेला सम्पन्न

निगोहां, लखनऊ। क्षेत्र अंतर्गत भैरमपुर स्थित प्राचीन भैरवनाथ बाबा मंदिर परिसर में सोमवार को दो दिवसीय मेले का भव्य आगाज़ हुआ। मेले के पहले दिन खेलकूद गतिविधियों के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से कुल 16 टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मेले के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष विकास पटेल ने फीता काटकर किया, जबकि पुरस्कार वितरण चन्दन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवीन मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मेले के आयोजक विमल किशोर उर्फ रामू ने बताया कि यह दो दिवसीय मेला विगत कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। मेले के दौरान धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों को चन्दन सिंह द्वारा ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ संजय कुमार तिवारी
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर (समाजशास्त्र विभाग) रामनगर पीजी कॉलेज रामनगर-बाराबंकी

कलावती शिक्षा निकेतन की ओर से समस्त अभिभावकों व ग्राम पंचायत उपरैला के सभी ग्राम वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रिंकू शाक्य प्रधानाचार्य
रामगोपाल शाक्य कार्यवाहक प्रबंधक

नवल किशोर शर्मा जिलाध्यक्ष
प्रमोद शर्मा कोषाध्यक्ष
ब्रह्मदेव शर्मा संरक्षक सेवा निवृत्त बैंक प्रबंधक
मैथिल ब्राह्मण सभा (समिति) बदायूं उ.प्र. की ओर से समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
शीबू खान
समाजसेवी निवासी ग्रामसेखनपुर तहसील धौरहरा जिला लखीमपुर खीरी

जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रेहान खान
प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ गौतम
जिलाध्यक्ष भारतीय दलित पैंथर लखीमपुर खीरी

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश कुमार गौतम
निवासी पूजा गांव बिजुआ प्रथम से जिला पंचायत पद के उम्मीदवार

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. शिवाकांत सिंह
खुर्रमनगर खीरी

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज भारती
राष्ट्रीय संयोजक भारतीय दलित पैंथर

गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश यादव
उप निबन्धक पूरनपुर जनपद पीलीभीत

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस (26 जनवरी 2025) के शुभ अवसर पर नगर पंचायत अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है नगर वासियों को समुचित नागरिकों को सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु संकल्पबद्ध होने के साथ साथ अपने नागरिकों से अपेक्षाएँ रखती है कि:-
1. सर्वेक्षण में नगर को प्रथम स्थान दिलाने में सहयोग करें।
2. दुकानदार ग्राहक कपड़े के करीब का प्रयोग करें। पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
3. नगर पंचायत की सरकारी भूमि एवं नाला/माली पर अतिक्रमण कदापि न करें।
4. अपने पशुओं को खुला न छोडे तथा रास्ते में पशुओं को न बांधें।
5. पानी की प्रयोग करने के बाद टोटी बन्द कर दें, पानी बर्बाद न करें।
6. वातावरण को स्वच्छ रखने के हेतु वृक्षारोपण अवश्य करें।
7. हमेशा अपने कचरा संग्रहक को सूखा और गीला अलग अलग दें।
8. सेप्टिक टैंक सफाई हेतु टोल की नं0-14420/8280900188 पर काल करें। प्रत्येक 03 वर्ष में सेप्टिक टैंक की सफाई अवश्य करवायें।
9. जन्म मृत्यु का पंजीकरण समय से अवश्य करायें।
10. नगर पंचायत के समस्त करी को समय से अदा करें।
नगरपंचायत आपकी सेवा में सदैव तत्पर हैं।
(अनूप चन्द्र) अधिशासी अधिकारी — समस्त सम्मानित सदस्यगण — (तय्यबुन) अध्यक्ष
कार्यालय नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर।

सभी ग्राम पंचायत वासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं आने वाले माह रमजान की बहुत-बहुत मुबारकबाद ग्राम पंचायत जगत सचिव शिखा ग्राम प्रधान नाजमा प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद उवैस विकासखंड अमरिया जनपद पीलीभीत
नोट : सभी ग्रामवासी ग्राम पंचायत को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
अनिकेत गंगवार
एमओआईसी अमरिया पीलीभीत

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत सिंह
समाजसेवी एवं प्रोपराइटर उद्यम फिलिंग स्टेशन पूरनपुर जनपद पीलीभीत

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
खुशीराम भार्गव
जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
हर्षित मिश्रा
दरोगा सामाजिक वानिकी पूरनपुर रेंज जनपद पीलीभीत

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
निपेंद्र कुमार
वन दरोगा सामाजिक वानिकी पूरनपुर रेंज जनपद पीलीभीत

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
सुरजीत कुमार
वन दरोगा सामाजिक वानिकी पूरनपुर रेंज जनपद पीलीभीत

समस्त क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनाएं
कपिल कुमार
डिप्टी रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर रेंज जनपद पीलीभीत

# यूजीसी के विरोध में राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज ने राष्ट्रपति को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

❐ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह कानून समाज में विभाजन पैदा करेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा , सीतापुर। राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज ने नए यू जी सी कानून को लेकर भारा सैनी माता मंदिर में एक बड़ी बैठक की रैली निकाल कर कानून का विरोध कर ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद अवस्थी ने राष्ट्रपति को संबोधित खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी को 3 बिंदुओं का सौंपा ज्ञापन।

उन्होंने बताया कि ज्ञापन मुख्य रूप से सवर्ण समाज यू जी सी काले कानून का विरोध करते हैं कहा यह कानून समाज में विभाजन पैदा करेगा। यह कानून वैचारिक सामाजिक एवं नैतिक मुद्दों के विपरीत है इस लिए यह काला कानून तत्काल वापिस लिया जाए। इसके अलावा दूसरे बिन्दु में इस कानून से देस के युवाओं और छात्र छात्राओं पर मानसिक तथा दुरुपयोग की पूर्ण संभावना है। सवर्ण समाज महामहिम से अपेक्षा करता है कि यू जी सी काला कानून भारत सरकार वापस लें। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद अवस्थी ने कहा सरकार बिल वापस न लिया देस प्रदेश से सरकार की रवानगी तय है।भाजपा नेता अंजनी शुक्ल ने कहा कानून में कमियां हैं जो कमेटी बनी है उसमें समानता पर सामान्य जाति को कमेटी में नहीं स्थान मिला फिर समाज में कैसे समानता होगी।,अजीत तिवारी,रोहित बाजपेई,सुमित मिश्रा,प्रभाकर अवस्थी,कृष्ण कुमार मिश्रा,शैलेन्द्र दीक्षित, गुड्डू मिश्रा अभय मिश्रा, पवन शुक्ला,परितोष दीक्षित ,देव शंकर शुक्ला,नागेन्द्र मिश्रा,दिनेश तिवारी, संतोष शुक्ला,गोविंद प्रसाद पांडे आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# सीएमओ की छापेमारी पर उठे सवाल लगे भ्रष्टाचार के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में वसूली और अनियमित जांच प्रक्रिया के आरोप, स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग

सीतापुर । जनपद में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी कार्रवाई को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। जिलाधिकारी को दिए गए एक प्रार्थना पत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सीतापुर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापेमारी तो की गई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। प्रार्थना पत्र के अनुसार लहरपुर, सिधौली, अटरिया, पिसावा, मछरेहटा और सीतापुर नगर क्षेत्र के कई निजी अस्पतालों व डायग्नोस्टिक सेंटरों पर सीएमओ टीम द्वारा छापे डाले गए। आरोप है कि इन छापों के दौरान सीएमओ के साथ बाबू शिवेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहते थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि निरीक्षण के बाद भी किसी अस्पताल या केंद्र पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कार्रवाई की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कुछ अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच के दौरान न तो मजिस्ट्रेट मौजूद थे और न ही विधिक प्रक्रिया का पूर्ण पालन किया गया। संचालकों द्वारा कथित रूप से यह आपत्ति भी जताई गई कि नियमानुसार मजिस्ट्रेट की मौजूदगी आवश्यक होती है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि कार्रवाई न होना कहीं न कहीं अनियमितता या सांठगांठ की ओर इशारा करता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जिलाधिकारी से मांग की गई है कि सीएमओ द्वारा की गई इन सभी छापेमारी कार्रवाइयों की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए और यदि अनियमितता पाई जाए तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर चर्चा तेज हो गई है।

## ग्रामीण अंचल में भी रही 77वें गणतंत्र दिवस की धूम

जहांगीराबाद,सीतापुर। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामीण अंचल में भारतीय लोकतंत्र का महापर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति के साथ मनाया गया। जहां एक ओर कस्बा जहांगीराबाद में विद्यालयों व मदरसों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही, वहीं सकरन ग्राम पंचायत सचिवालय पर भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। जहांगीराबाद कस्बे में मदरसा इस्लामिया कन्जुल उलूम सहित अन्य मदरसों और विद्यालयों के बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रभातफ़ेरी निकाली। बच्चों और शिक्षकों ने देशभक्ति नारों के साथ कस्बे का भ्रमण कर लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। लगभग आधा दर्जन विद्यालयों और मदरसों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जहांगीराबाद स्थित राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय में प्रबंधक विजय कुमार श्रीवास्तव एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डा0 श्याम किशोर वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

# रैडिको खेतान लिमिटेड में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रैडिको खेतान लिमिटेड, सीतापुर इकाई में राष्ट्रप्रेम और उल्लास से परिपूर्ण भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं इकाई प्रमुख श्री अंशु श्रीवास्तव के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात इकाई प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस गरिमामय अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख श्री अजय गोस्वामी, सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार कर्मी तथा उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत इकाई प्रमुख श्री अंशु श्रीवास्तव एवं मानव संसाधन प्रमुख श्री अजय गोस्वामी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायी एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत संबोधन में उन्होंने संविधान के मूल्यों, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, सुरक्षा संस्कृति तथा संगठन के सतत विकास में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिजनों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं वर्ष भर में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य करने वाले कर्मचारियों तथा सहयोगी स्टाफ को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। गणतंत्र दिवस के उत्साह को और अधिक सशक्त रूप देने के लिए आयोजन स्थल से बॉटलिंग प्लांट तक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें कर्मचारियों एवं सहयोगियों ने ‘भारत माता की जय’ के गगनभेदी नारों के साथ राष्ट्र के प्रति अपनी एकजुटता, समर्पण एवं गर्व का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों एवं सहयोगियों ने सुरक्षा, गुणवत्ता एवं परिचालन उत्कृष्टता के सिद्धांतों का पालन करते हुए संगठन और देश की प्रगति में सामूहिक योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन मानव संसाधन प्रमुख श्री अजय गोस्वामी द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कर्मचारियों, परिवारजनों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। रैडिको खेतान लिमिटेड : आर्थिक एवं सामाजिक विकास की मजबूत कड़ी रैडिको खेतान लिमिटेड उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। उद्योग, रोजगार सृजन एवं राजस्व के माध्यम से कंपनी राज्य और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

बिसवां, सीतापुर । नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एल्पिस ग्लोबल स्कूल में 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।इस राष्ट्रीय महापर्व के पावन अवसरब पर विद्यालय प्रबंधन समिति के श्री मुदित सिंघल, श्री उमंग राजवंशी एवं श्री अनुज सिंघल की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीमती निशी सिंघल, अंजली गोयल,अंकिता सिंघल एवं तुलसी गुप्ता ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई, जिसमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाटक शामिल रहे। कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। विद्यालय के अध्यापकों ने अपने उद्बोधनों में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक एवं संवैधानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधक मुदित सिंघल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रहित के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए गणतंत्र की महत्ता, देश की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

# देश भक्ति के रंग में रंगा स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज

❐ 77 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खैराबाद । खैराबाद क्षेत्र के ख्याति लब्ध शिक्षण संस्थान स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज में 77वाँ गणतन्त्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 10 बजे प्रबन्धक महोदय श्री आमिर रिजवी व श्रीमती लुबना रिजवी द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तत्पश्चात विद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकगणों ने एक स्वर से राष्ट्रगान गाया।

उक्त अवसर पर कॉलेज के छात्र / छात्राओं ने देशभक्ति के गीत व शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किये जिसमें कक्षा 8 की छात्रा आया शक्ति दुबे के शास्त्रीय नृत्य को खूब सराहा गया। कॉलेज के ही एक शिक्षक श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव ने देशभक्ति का बड़ा प्यारा सा गीत सुनाकर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। आज के उत्सव के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं ख्याति प्राप्त समाजसेवी श्री राम सुमिरन शर्मा रहे।

विद्यालय में संचालित स्काउट / गाइड, कब और बुलबुल ने पूर्ण वर्दी में पथ संचालन करके शोभा बढ़ाई, जिसका उपस्थित अभिभावकों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। विद्यालय में स्काउट/गाइड, कब व बुलबुल का संचालन कॉलेज के स्काउट शिक्षक श्री रेहान खान, गाइड शिक्षिका श्रीमती अल्का सिंह व सुश्री चित्रांशी श्रीवास्तव, कब के शिक्षक श्री गगन बाजपेई द्वारा बड़ी कुशलता के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में ही पुरातन छात्र मो0 जैद मलिक अच्छी सफलता प्राप्त करने के बाद चिकित्सा की पढ़ाई पास करके वर्तमान समय में प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से एम0डी0 ( डर्मेटोलॉजिस्ट) कर रहे हैं जो क्षेत्र के लिए इकलौती उपलब्धि होगी।

# डीएम खीरी ने राजापुर व सिविल लाइन्स के परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

❐ निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा-कक्षों में पहुंचकर शिक्षण कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जिले में परिषदीय विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज राजापुर एवं सिविल लाइन्स स्थित परिषदीय विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण स्तर, छात्रों की उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा-कक्षों में पहुंचकर शिक्षण कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों की पढ़ाने की शैली, बच्चों की सहभागिता और विषयों की समझ को परखा। बच्चों से सवाल-जवाब कर उनके ज्ञान स्तर का आकलन किया और उन्हें पूरे मन से पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। कक्षाओं में बच्चों की सक्रियता, उत्साह और सीखने की ललक को देखकर डीएम ने इसे विद्यालयों की सकारात्मक उपलब्धि बताया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, मध्याह्न भोजन, खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। जहां कहीं भी कमियां पाई गईं, वहां संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें बच्चों की व्यक्तिगत प्रगति पर विशेष ध्यान देने, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर अतिरिक्त सहयोग देने तथा नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों को अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं और उनके प्रयासों से ही भविष्य की पीढ़ी का निर्माण होता है।डीएम ने यह भी कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और संसाधनों की है। प्रशासन द्वारा विद्यालयों की स्थिति को निरंतर बेहतर बनाने के लिए नियमित निरीक्षण और निगरानी की जाएगी।निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मितौली में गणतंत्र दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग का विशेष जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशानुसार विकासखंड मितौली में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग मितौली द्वारा विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समग्र शिक्षा की विभिन्न योजनाओं के प्रति जनसमुदाय को व्यापक स्तर पर जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रेनी आईएएस एवं खंड विकास अधिकारी मनीषा धारवे तथा खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद की उपस्थिति में जागरूकता रैली मितौली बाजार से प्रारंभ होकर कस्ता बाजार व बेहजम चौराहे तक निकाली गई, जहां कार्यक्रम का समापन खंड शिक्षा अधिकारी बेहजम देवेश राय द्वारा किया गया।अभियान के दौरान समग्र शिक्षा की प्रमुख योजनाओं जैसे निपुण भारत मिशन, बाल वाटिका, डिजिटल शिक्षा, डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्टेशनरी व स्वेटर वितरण, बालिका शिक्षा, ऑपरेशन कायाकल्प, तथा विद्यालयों में दी जाने वाली निशुल्क सुविधाएं—पाठ्य पुस्तकें, कार्यपुस्तिकाएं, स्टेशनरी और मिड-डे मील योजना—के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार दल में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रतहरी से चयनित 10 छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र प्रताप सिंह एवं शिक्षक आनंद शुक्ला शामिल रहे। दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर एक-एक घंटे तक नुक्कड़ नाटक, अभियान गीत और जागरूकता स्लोगनों के माध्यम से लोगों को शिक्षित किया गया।

## गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर निकाली गई भव्य झांकिया



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर आर.जे.जे.एजूकेशन प्वाइंट मे प्रबंधक कुलदीप जयसवाल द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के द्वारा मछरेहटा नगर क्षेत्र मे भव्य झांकिया निकाली गई। माँ भारती व अन्य देश भक्ती नारों से मछरेहटा नगर क्षेत्र गूँज उठा। नगर के लोगो ने सभी झाकियो की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मछरेहटा व उनकी पूरी टीम ने भी बच्चो का उत्साह बढाकर अपना पूरा सहयोग प्रदान किया, साथ ही इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी लोग उपस्थित रहे।झाकियो मे विशेष रूप माँ भारती व माता सरस्वती की झांकी के साथ साथ रानी लक्ष्मीबाई, पर्यावरण संरक्षण, कारगिल विजय, मिशन शक्ति, आधुनिक भारत, की झाकियों ने सभी को मंत्रमुगध कर दिया ।कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर मे मिष्ठान वितरण के साथ हुआ। विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल, प्रबंधक कुलदीप जयसवाल, प्रिंसिपल पूनम जयसवाल, वाईस प्रिंसिपल अरुणीमा श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट्रेटर रुपेश प्रिन्स एवं समस्त टीचर स्टॉफ ने सभी को इस पर्व की बधाई दी।

## धूमधाम और उल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



**खैराबाद सीतापुर, , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देशभर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास और उमंग से मनाया। नगर पालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने पालिका में सुबह 8.30 बजे झंडा रोहण कर गोश्ठी का आयोजन किया। अभिषेक गुप्ता ने गणतंत्र दिवस पर समस्त देश एवं प्रदेश वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा गणतंत्र दिवस हमारे संवैधानिक आदर्शों में विश्वास, सामाजिक समता के संकल्प और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव है. इस पावन अवसर पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों तथा सशक्त गणतंत्र की आधारशिला रखने वाले संविधान निर्माताओं को मैं सादर नमन करता हूँ। पालिका कार्यक्रम के उपरांत अभिषेक गुप्ता सरस्वती शिशु मंदिर पहुच कर झंडा रोहण कर बच्चो के साथ राष्टगान में शामिल हुए।खैराबाद में लाल हरि प्रसाद स्मारक,अल्लामा फजले हक स्मारक पर पहुँच कर माल्यार्पण कर महापुरुषों को नमन किया। हटौरा विद्यालय,ट्रामा सेंटर खैराबाद डॉ याकूब के यंहा ध्वजा रोहण किया , खैराबाद दिव्यांग एकता फाउंडेशन द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुष्ठ आश्रम खैराबाद पहुच कर फल वितरण कर सभी को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर सभासद आलोक बाजपेई, दिलीप जोशी,विष्णु गौतम,राकेश चंद्र गुप्ता ''अप्पू'',संदीप गुप्ता,गौरव गुप्ता,गौरव अग्रवाल,रोमिल गुप्ता,निरंकार गुप्ता,अर्पित सिंह,गोलु मिश्र,नवनीत दीक्षित आदि के साथ गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर खैराबाद में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**खैराबाद सीतापुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खैराबाद के विद्यालय प्रांगण में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के मुख्य अतिथि सत्येंद्र वैश्य (संरक्षक प्रबंध समिति सरस्वती शिशु मंदिर खैराबाद), अभिषेक गुप्ता (प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद खैराबाद), कृष्णाचारी, महंत बड़ा मंदिर माखूपुर खैराबाद, कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनील मिश्रा , अध्यक्ष प्रबंध समिति सरस्वती शिशु मंदिर खैराबाद , राजेश मिश्रा , विभाग शारीरिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीतापुर), सविनय (नगर संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खैराबाद), विशाल, नगर कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खैराबाद), आलोक बाजपेई (सभासद), राकेश चंद्र गुप्ता (सभासद), दिलीप जोशी ( सभासद) आदि गणमान्य उपस्थित रहे।नन्हे मुन्ने भैया बहनों ने देशभक्ति गीतों भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया विद्यालय के अध्यक्ष जी ने अपने संबोधन में बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। इस सफल आयोजन के पीछे विद्यालय के सभी आचार्य श्री मान जगदंबा प्रसाद शुक्ला जी, श्री मान परितोष दीक्षित जी और आचार्या दीदी श्री मती निशा जी, नीलम जी, निकिता जी, पूनम जी, राधा जी खुशी जी की कड़ी मेहनत रही कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमान सचिन कुमार अवस्थी जी ने सभी अभिभावको और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# महिला थाना लखीमपुर में बलरामपुर फाउंडेशन ने किया वाटर कूलर व आरओ का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में लगातार सक्रिय बलरामपुर फाउंडेशन बलरामपुर की ओर से महिला थाना लखीमपुर में आज स्वच्छ पेयजल सुविधा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

फाउंडेशन द्वारा महिला थाना परिसर में आधुनिक वाटर कूलर एवं आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) संयंत्र का विधिवत लोकार्पण किया गया, जिससे अब यहां आने वाली महिलाओं, पीड़िताओं, आगंतुकों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को भी शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।लोकार्पण कार्यक्रम में बबिता सिंह, अध्यक्ष महिला क्लब बलरामपुर चीनी मिल्स गुलरिया, शिल्पी शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना लखीमपुर तथा अखिल सिंह, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) बलरामपुर चीनी मिल्स गुलरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर वाटर कूलर व आरओ का उद्घाटन किया और इस पहल को जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया।इस अवसर पर बबिता सिंह ने कहा कि बलरामपुर फाउंडेशन का उद्देश्य केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी संस्था की प्राथमिकता है। महिला थाना जैसे संवेदनशील स्थान पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना महिलाओं की सुविधा और स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद आवश्यक है।वहीं प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला ने बलरामपुर फाउंडेशन एवं बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से महिला थाना में आने वाली महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी और यह सहयोग प्रशासन व समाज के बीच सकारात्मक सहभागिता का उदाहरण है।

# यूजीसी के विरोध में सवर्ण समाज ने किया जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के ग्राम खमरिया पंडित में आज यूजीसी (UGC) से जुड़े प्रस्तावों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व हर्षित मिश्रा मासूम ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं सवर्ण समाज के लोगों ने सहभागिता की।

प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर यूजीसी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को मुखर रूप से रखा।प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी से जुड़े हालिया निर्णय सवर्ण समाज के हितों के खिलाफ हैं और इससे युवाओं, विशेषकर छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एवं संबंधित संस्थाएं समाज की भावनाओं को नजरअंदाज कर ऐसे फैसले ले रही हैं, जिन्हें किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।हर्षित मिश्रा मासूम ने अपने संबोधन में कहा कि यह आंदोलन केवल खमरिया पंडित तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में जनपद के अन्य गांवों एवं क्षेत्रों में भी इसे व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज का यह संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए समाज एकजुट होकर अंतिम निर्णय तक लड़ाई जारी रखेगा।प्रदर्शन के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ‘केंद्र सरकार होश में आओ‘, ‘यूजीसी के फैसले वापस लो‘ जैसे नारे लगाकर अपना आक्रोश जताया और प्रशासन के माध्यम से मांग की कि यूजीसी से संबंधित फैसलों पर पुनर्विचार किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।इस दौरान हर्षित मिश्रा मासूम ने यह भी कहा कि उनके द्वारा धौरहरा विधानसभा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सूचना दी गई थी, लेकिन सवर्ण समाज की इस लड़ाई में कोई भी जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि ‘यह लड़ाई पूरे सवर्ण समाज के भविष्य से जुड़ी है, इसे हल्के में न लिया जाए। 2027 के चुनाव में आज का यह दिन जरूर याद रखा जाएगा, क्योंकि इससे बड़ी कोई लड़ाई पूरे सवर्ण समाज के लिए नहीं होगी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

❒ बैठक में योजना से संबंधित बिंदुओं पर जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राज्य सेक्टर के अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025S26 में प्राप्त भौतिक लक्ष्यों के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में योजना से संबंधित बिंदुओं पर जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार 50 हेक्टेयर, लूज फ्लावर (गेंदा, गुलाब, कमल) 30 हेक्टेयर, मसाला बीज (धनिया, मेंथी, सौंफ, जीरा) 04 हेक्टेयर, हाई डेंसिटी बागवानी (आम, अमरूद, लीची, नींबू) 05 हेक्टेयर, कम लागत वाली फल फसलें (पपीता, करौंदा, बेल, बेर, आंवला, कटहल आदि) 04 हेक्टेयर, प्याज क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत प्याज 85 हेक्टेयर, मौनपालन (मौन वंश, मौन गृह एवं उपकरण) 303 इकाई, एचडीपीई वर्मी बेड 05 इकाई, फ्रूट बैगिंग 05 हेक्टेयर, मल्चिंग 02 हेक्टेयर तथा सब्जियों पर मचान 15 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इसके पश्चात जिला उद्यान अधिकारी द्वारा योजना की पात्रता शर्तों की जानकारी दी गई। अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए, जिस पर अवगत कराया गया कि योजना से संबंधित पात्रता एवं लक्ष्य समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं।बैठक में एपीडा के नामित सदस्य द्वारा क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में उत्पादित औद्यानिक एवं कृषि फसलों के निर्यात की संभावनाओं पर जानकारी दी गई। उन्होंने एपीडा के अंतर्गत शामिल उत्पादों, निर्यात पंजीकरण प्रक्रिया, निर्यात को सुगम बनाने हेतु प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता तथा वर्ष 2026 में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के विषय में उपस्थित एफपीओ, प्रगतिशील कृषकों एवं औद्यानिक समितियों को अवगत कराया।

## एमएलसी डॉ. सुरेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास में हुआ ध्वजारोहण

प्रयागराज। 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास (बालक), चांदपुर सलोरी में हर्षोल्लास के साथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. सुरेन्द्र चौधरी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल, छात्रावास अधीक्षिका स्वप्ना सिंह, कर्मचारीगण एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्र अभिषेक द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रावास में यू.पी. सिडको द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी, वहीं अधीक्षिका ने छात्रावास की गतिविधियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में अधीक्षिका द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा बताया गया कि छात्रावास में प्रत्येक रविवार को छात्रों के साथ नियमित रूप से श्रमदान किया जाता है।

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में साधु-संतों की धूनी साधना



❒ कंप्यूटर बाबा के नेतृत्व में अनुष्ठान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन व सरकार के बीच चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में साधु-संतों ने उनके शिविर में धूनी रमाकर साधना प्रारंभ कर दी है।इस विशेष साधना में साधु-संतों ने कंडों का घेरा बनाकर उसमें अग्नि प्रज्वलित की और उसके मध्य बैठकर मंत्रोच्चार किया। साधु-संतों का कहना है कि धूनी साधना का उद्देश्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करना है, जिससे उन्हें न्याय प्राप्त हो सके।यह धूनी साधना कंप्यूटर बाबा के नेतृत्व में की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संत भाग ले रहे हैं। साधना को लेकर क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# नानपारा में शान से लहराया तिरंगा, गणतंत्र दिवस पर दिखी एकता और देशभक्ति की झलक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। देश की एकता, अखंडता और संविधान के सम्मान का प्रतीक 77वां गणतंत्र दिवस नानपारा क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

इस अवसर पर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत संदेश दिए गए। नानपारा तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी मोनालिसा जोहरी ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत उन्होंने शहीद स्मारक पहुंचकर देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर नायब तहसीलदार, तहसीलदार सहित तहसील के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद नानपारा में अध्यक्ष अब्दुल वहीद एवं अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में पालिका के कर्मचारी, सभासद व नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नगर के सबसे पुराने शिक्षण संस्थान सआदत इंटर कॉलेज में प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार नानपारा रविकांत द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 1947 में देश को विदेशी शासन से स्वतंत्रता मिली और उस स्वतंत्रता को मजबूती देने के लिए हमें भारतीय संविधान का अमूल्य उपहार मिला। आज़ादी हमें एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में मिली है, जिसे निभाना हम सभी का नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। इस अवसर पर नरेश चंद अग्रवाल, उमेश चंद्र शाह, ओम पोद्दार, पत्रकार डी.के. श्रीवास्तव, शकील अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कोतवाली नानपारा में कोतवाल राजनाथ सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया।राहत जनता इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण प्रबंधक अरशद खान द्वारा किया गया। पर प्राचार्य अरुण प्रकाश चौधरी, खालिद मुर्तज़ा उस्मानी, काजी इरशाद अहमद, इरफान अली खान, आबिद अली, फूलचंद्र भारती, रफीक अहमद सिद्दीकी, असद यार बेग, अख्तर जाफरी, रविन्द्र प्रताप, अविनाश तिवारी, जिला बनाओ समिति के केशव पांडे, शब्बीर अहमद, सपा नेता मुन्ना राईनी, कलीम अहमद, मोहम्मद सहीक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में शाफ्ट पेटल एकेडमी में ए. कांत श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जहां शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। ग्लोबल पब्लिक स्कूल, शंकरपुर में शैले मिश्रा, जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज नानपारा में प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव, जबकि शंकर इंटर कॉलेज में अध्यक्ष ओमप्रकाश छापड़िया ने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव, मुक्तिनाथ साहू, सुरेश चंद्र शाह, मदनलाल गोयल, डॉ. अशोक गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। नगर स्थित मदरसा अंजुमन इस्लामिया में मौलाना अफजल नदवी तथा मज़हरुल उलूम में मौलाना इलियास द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अमीर हसन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फुरकान फारूकी एवं जुनैद अहमद द्वारा संयुक्त रूप से झंडारोहण किया गया। इसके अतिरिक्त किसान यूनियन से जुड़े किसानों ने करीब 100 ट्रैक्टरों की तिरंगा रैली निकालकर गणतंत्र दिवस जिंदाबाद के नारे लगाए। यह रैली नगर में आकर्षण का केंद्र बनी और लोगों ने देशभक्ति के इस प्रदर्शन की सराहना की।

# संभल के प्राकृतिक किसान अशुतोष प्रताप सिंह राष्ट्रपति के 'एट होम' रिसेप्शन में हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। संभल जिले के प्रगतिशील प्राकृतिक खेती करने वाले किसान श्री अशुतोष प्रताप सिंह को गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'एट होम' रिसेप्शन में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ।इस भव्य कार्यक्रम में देश-विदेश के अनेक विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने का अवसर मिला। इसके साथ ही उन्होंने यूरोपीय संघ के चेयरमैन एवं को-चेयरमैन सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इस दौरान भारत में प्राकृतिक खेती के विस्तार, प्रभाव और भविष्य की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। अशुतोष प्रताप सिंह ने प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव और नवाचार साझा किए तथा बताया कि किस प्रकार रासायन मुक्त और पर्यावरण अनुकूल खेती किसानों की आय बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण में सहायक है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने उनके प्रयासों की सराहना की और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।इस अवसर पर श्री सिंह ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मंच से उन्हें किसानों के बीच प्राकृतिक खेती को और अधिक प्रोत्साहित करने की प्रेरणा मिली है।यह उपलब्धि न केवल संभल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के किसानों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

## राजस्व ग्रामों में तैनात सफाई कर्मियों दिया गया द्वितीय एसीपी का लाभ

सम्भल । जनपद के राजस्व ग्रामों में तैनात सफाई कर्मियों को 16 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण किए जाने के फलस्वरूप द्वितीय एसीपी का लाभ प्रदान किया गया जिस कारण सफाई कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ी थदध का लाभ प्राप्त करने वाले सफाई कर्मियों के द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी श्री चेतेंद्र पाल सिंह, श्री दिनेश माहुर वरिष्ठ सहायक एवं दिनेश सागर को बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया ।

## बाइक की टक्कर से बच्ची की मौत, पुलिस ने शव का कराया पोस्टमॉर्टम

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उद्यैती थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क किनारे बकरी चरा रही नौ साल की बच्ची को बाइक से टक्कर लग गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस व परिजन पहुंचे। बच्ची को सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बच्ची कक्षा तीन की छात्रा थी।

## एसआईआर लोगों को बनी मुसीबत, कर्मचारी कम भीड़ ज्यादा

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसआईआर निर्वाचन नामावली का विषेश प्रांगढ पुनरीक्षण को ब्लाक मुख्यालय में लगे शिविर में वोटर बनने को मिले नोटिस का जबाब पूरा करने में लोगों के पसीने छूट गये, लोगों की भीड़ ज्यादा कर्मचारियों की संख्या कम, उसके बाद भी वोटर नोटिस की औपचारिकताएं पूरी नहीं कर पाए। जहां जहां महिला बीएलओ बनी उसी क्षेत्र के वोटरों को सबसे ज्यादा नोटिस मिले हैं। साहूकारा मोहल्ला के वोटरों में मीनाक्षी, सुरेन्द्र, अभिलाषा, संजीव कुमार सहित दर्जनों ने बताया कि उन्हें कल ही बीएलओ द्वारा नोटिस मिले हैं। इतने कम समय में वोटर नोटिस की खानापूरी नहीं कर पाए। ब्लाक मुख्यालय जाने पर मौजूद अधिकारियों से मालूम पडा कि मूलनिवास प्रमाण पत्र नहीं चलेगा ,स्थाई निवास प्रमाण पत्र चाहिए, किसी ने हाईस्कूल परीक्षा दी ही नहीं, तो बोले कक्षा पांच की जन्मतिथि वाली मार्कशीट नहीं चलेगी। अब वह जन्मप्रमाण कहां से बनवाऐ। या जिलाधिकारी द्वारा स्थाई निवास प्रमाणपत्र कैसे बनवाएं। चार पांच कर्मचारियों के भरोसे हजारों वोटरों को समझाना भी मुश्किल नजर आया, कुछ बीएलओ की कमी रही कि उन्होंने लोगों को कल ही नोटिस थमाए समय रहते नोटिस मिलता तो लोग भागदौड़ कर औपचारिकता पूरी कर लेते। बताते हैं आज भी बीएलओ को मौजूद रहने के निर्देश थे, लेकिन ब्लाक मुख्यालय पर कोई नहीं मिला लोगों ने मोबाइल पर संपर्क करना चाहा तो मोबाइल उठा ही नहीं, किसी बीएलओ ने फोन रिसीव भी किया तो संतोष जनक जबाब नहीं दे पाया ना ही समस्या समाधान कर पाया।

## डीएम के फोन पर उल्टे पांव दौड़ते नजर आये पशु चिकित्सक

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी में बीती रात बदांयू रोड पर एक घुमंतू गाय को प्रसवपीडा हुई सडक पर ही परेशान गाय के पिछले हिस्से में मांस का लोथड़ा निकलने से वह दर्द से कराहती हुई इधर उधर दौड़ने लगी, विश्वहिंदू परिषद के उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने पशु चिकित्सक को फोन किया तो बोले- रात के दस बजे हे नहीं आ सकता सुबह बात करना। इतने में उधर से निकल रहे पशुप्रेमी प्रखर अग्रवाल ने डीएम अवनीश राय को गाय की व्यथा बताते हुए मोबाइल से संपर्क किया तो बोले डीएम पांच मिनट रूकिए। फिर क्या दस मिनट में पशु चिकित्सक उल्टे पांव घटनास्थल पर दोडते हुए आ गये व गाय का इलाज करना शुरू कर दिया। लेकिन गाय थी मामूली उपचार लेकर भाग खड़ी हुई, फिर भी पशु-चिकित्सक ने खोजबीन कर गाय का सही-सलामत प्रसव कराया।

## आशा कर्मियों की हड़ताल का 43वां दिन, बोली जिलाध्यक्ष धैर्य की परीक्षा न ले सरकार

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आशा कर्मियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल 43वें दिन में प्रवेश कर गई। मालवीय मैदान में जारी धरने के दौरान आशा कर्मियों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जॉली वैश्य ने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि 9 फरवरी को राजधानी कूच किया जाएगा, जो महिला कामगारों के संघर्ष का ऐतिहासिक दिन होगा। आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को खून से चिट्ठी देने की योजना थी, लेकिन मौसम खराब होने के कारण इसे टालना पड़ा। जॉली वैश्य ने बताया कि 28 जनवरी 2026 को खून से चिट्ठी दी जाएगी। इसके बाद भी सरकार नहीं जागी तो रोजाना खून से मांग पत्र सौंपे जाएंगे। न्यूनतम वेतन लागू होने तक ?21,000 मानदेय, आशा संगिनी को ?28,000 ईपीएफऽईएसआई, बीमा और मुआवजा सीयूजी सिम व टैबलेट जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। धरने में बड़ी संख्या में महिला आशा कर्मी मौजूद रहीं और सरकार से तत्काल निर्णय लेने की मांग की।

## मिशन इंग्लिश हाईस्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के मिशन इंग्लिश हाईस्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस भव्यता, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में देशभक्ति का वातावरण बन गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेवरेन्ट सचिन रोबिन्सन की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेवरेन्ट पास्टर रजनीश, श्रीमती श्वेता रोबिन्सन एवं डॉ. सोलोमन मोरिस उपस्थित रहे।विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने सभी का मन मोह लिया। तिरंगे की थीम में सजे शिक्षक-शिक्षिकाओं का उत्साह भी देखते ही बनता था। विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्वेता रोबिन्सन ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं रेवरेन्ट पास्टर रजनीश कुमार ने बच्चों के देशप्रेम और ज्ञान की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

## स्व-रोजगार को अपनाकर स्वयंसेवी आत्मनिर्भर बनें: सुभाष चौधरी

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसौली क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत ग्राम शरह बघोली सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन आपदा प्रबंधन, नेतृत्व विकास एवं स्वयंसेवकों के कौशल संवर्धन पर केंद्रित रहा। दिन की शुरुआत प्रातः योग सत्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के गायन से हुई, जिससे स्वयंसेवकों में अनुशासन, एकता औरसकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डीलक्स एग्रो लिमि0 कम्पनी के डायरेक्टर सुभाष चन्द्र चौधरी ने स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल विकास के द्वारा स्वरोजगार अपनाने की बात कही। इस अवसर पर गवेन्द्र पाठक, अनिल आचार्य डॉ प्रमोद शर्मा विपुल प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी अनमोल उपाध्याय ने किया।

## दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत संस्थाओं से 31 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 तथा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत पंजीकृत गैर-सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं/ट्रस्टों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इन परियोजनाओं में अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे-केयर सेंटर/प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी से जूनियर हाईस्कूल एवं हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (न्यूनतम 02 एवं अधिकतम 04 ट्रेड), पाठ्य सामग्री विकास तथा पुस्तकालयों से संबंधित कार्यक्रम शामिल हैं, जिनके लिए सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री अशोक कुमार गौतम ने बताया कि जनपद में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत इच्छुक पंजीकृत संस्थाएं/ट्रस्ट निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण कर उसकी 02 हार्ड कॉपी दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक विकास भवन स्थित कक्ष संख्या-13 में कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# बदायूं में हर्षोल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

❒ पुलिस लाइन में पर्यावरण राज्य मंत्री व कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। उत्तर प्रदेश सरकार में वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 अरुण कुमार ने 26 जनवरी सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली।

वहीं कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अवनीश राय ने राष्ट्रीय पर्व के मौके पर ध्वजारोहण किया तथा संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ अरुण कुमार ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ, इसमें मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का भी बोध कराया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें समरसता, धर्मनिरपेक्षता व राष्ट्रवाद की प्रेरणा देता है। वही कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय ने संविधान की प्रस्तावना का महत्व बताते हुए इसको जीवन में अंगीकार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत (अपनाया) किया गया था और 26 जनवरी 1950 को संपूर्ण देश में लागू हुआ। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर डीएम व अन्य अधिकारियों ने पुष्पचक्र व फूल अर्पित कर शहीदों को नमन किया। बदायूँ क्लब बदायूँ में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने ध्वजारोहण किया। पुलिस लाइन व बदायूँ क्लब बदायूँ में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। प्रभात फ़ेरी का आयोजन गांधी ग्राउंड से किया जाएगा जो की विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस गांधी ग्राउंड पर समाप्त होगी। समस्त शैक्षिक संस्थानों पर ध्वजारोहण किया गया तथा जिला चिकित्सालय आदि में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत डीईओ ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड उझानी की नगर पालिका व प्राईमरी स्कूल नरैनी विकास खण्ड सहसवान आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आगामी 06 फरवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों का मतदाता पहचान पत्र बने, यह सुनिश्चित करें तथा निर्वाचक नामावली से जुड़े समस्त कार्यो को पूरी निष्पक्षता, सुचितापूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए। बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आगामी 31 जनवरी व 01 फरवरी को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रारूप 6, 7, 8 व अन्य प्रारूपों की स्थिति को जाना तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिया। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया जा चुका है तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। नामावलियों से संबंधित सुनवाई, सत्यापन एवं निर्णय की प्रक्रिया 27 फरवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी, जबकि अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के दौरान साप्ताहिक दावे एवं आपत्तियों का विवरण एनआईसी बदायूँ की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस अवसर पर समबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व इलाहाबाद ड्रग एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं इलाहाबाद ड्रग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं बिल्डर वेद प्रकाश गोयल द्वारा होटल यश पदम, सिविल लाइंस में किया गया।

ध्वजारोहण के उपरांत वेद प्रकाश गोयल ने संविधान एवं गणतंत्र के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संविधान निर्माण से जुड़े प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों से संवैधानिक मूल्यों के पालन का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर इलाहाबाद ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल दुबे अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ महामंत्री नवीन अग्रवाल ने सभी उपस्थित व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया। समारोह में महामंत्री पियूष पांडे, महिला जिलाध्यक्ष रौशनी अग्रवाल, विकास वैश्य, एडवोकेट मनोज गोस्वामी, राजीव अग्रवाल, अभिषेक कुमार, अंकित सरन, मेजर नवीन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रस्तावित कानून को लेकर सामान्य वर्ग के अधिवक्ताओं का आक्रोश, अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित भेदभाव विरोधी कानून को लेकर सामान्य वर्ग के अधिवक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा है। मंगलवार को महाराजगंज तहसील परिसर में सामान्य श्रेणी के अधिवक्ताओं ने लामबंद होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस कानून को वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी, देवी प्रसाद, सुरेंद्र श्रीवास्तव, भूपेश मिश्रा,पंकज प्रकाश श्रीवास्तव आदि ने कहा कि यूजीसी का नया कानून सामान्य श्रेणी के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह कानून शिक्षण संस्थानों में नई विसंगतियां पैदा करेगा। शैक्षणिक वातावरण में समानता के बजाय यह कानून विभाजनकारी साबित होगा। तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करने के पश्चात अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी गौतम सिंह से मिला। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम गौतम सिंह को सौंपकर कानून को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने दो टूक शब्दों में शासन को चेतावनी दी है कि यदि इस कानून को वापस नहीं लिया गया, तो यह विरोध केवल तहसील स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर एडवोकेट कृष्ण कुमार शुक्ला, सुशील पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, सतीष चंद द्विवेदी, ज्योति प्रकाश अवस्थी, नागेंद्र सिंह, अमित सिंह, अतुल पांडेय, मनीष तिवारी, अमित शुक्ला, सत्य प्रकाश मिश्रा, सर्वेश अवस्थी, समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# यूजीसी बिल के खिलाफ वकीलों ने किया विरोध, प्रदर्शन

❒ अधिवक्ता संघ के बैनर तले वकी लों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पैदल मार्च निका ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में सवर्ण वकीलों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी ) के प्रस्तावित नए नियमों और संशोधनों के खिलाफ प्रदर्शन किया है। वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध जताते हुए 'यूजीसी बिल वापस लो' के पोस्टर प्र दर्शित किया।

अधिवक्ता संघ के बैनर तले वकी लों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पैदल मार्च निका ला। इस दौरान परिसर में ''यूजीसी बिल वापस लो'' और ''लोकतंत्र विरोधी नीतियां नहीं चलेंगी जैसे नारे लगाए गए है।अधिवक्ताओं ने इस बि ल को शिक्षा व्यवस्था के लिए हानिकारक बता या।उनका तर्क है कि बिना व्यापक संसदीय च र्चा और सामाजिक सहमति के इतने संवेदन शील विषय पर निर्णय लेना लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है।प्रदर्शनकारी वकीलों ने बिल के संभावित दूरगामी प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। उनका मानना है कि यह बिल शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को समाप्त कर देगा,जिससे शि क्षा की निष्पक्षता प्रभावित होगी।अधिवक्ताओं के अनुसार,बिल में शिकायतों से संबंधित प्राव धानों से झूठी शिकायतों की संख्या बढ़ सकती है।इससे निर्दोष छात्रों और शिक्षकों का भविष्य प्रभावित होने की आशंका है,जिससे शैक्षणिक संस्थानों में भय और असुरक्षा का माहौल बन सकता है।प्रदर्शन के बाद, अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिला धिकारी को सौंपा।ज्ञापन में बिल को तत्काल रद्द करने या उस पर पूर्णतःरोक लगाने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस बिल को वापस नहीं लिया, तो वे अपने ने इस बिल को वापस नहीं लिया, तो वे अपने आंदोलन को और अधिक तीव्र कर ने के लिए बाध्य होंगे।अधिवक्ताओं ने कहा कि जहां समाज आज भेदभाव को भूल कर एक हो रहा था वही भेदभाव फिर करने का काम किया जा रहा है।

# मिट्टी संकट से अयोध्या रिंग रोड का निर्माण कार्य ठप

❒ 983 करोड़ की परियोजना पर खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। अयोध्या रिंग रोड के गोंडा जनपद में निर्माण कार्य मिट्टी की उपलब्धता रुकने के कारण पूरी तरह बंद हो गया है,जिससे परियो जना की समय-सीमा और लागत दोनों पर गं भीर संकट खड़ा हो गया है।

अयोध्या रिंग रोड निर्माण के लिए स्थानीय किसानों की आपसी सहमति के आधार पर तथा नियमानुसार अनु मति लेकर मिट्टी खनन किया जा रहा था। कि सानों के अनुसार,बाढ़ के बाद खेतों में गाद जम जाने से खेती संभव नहीं रह गई थी, ऐसे में रिंग रोड परियोजना के लिए मिट्टी निकालने की अ नुमति दी गई थी,ताकि भूमि को दोबारा कृषि योग्य बनाया जा सके।स्थानीय किसानों का क हना है कि पिछले सप्ताह जिला प्रशासन की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी से संबंधित सभी कार्यों को बंद करा दिया,जिसके बाद से रिंग रोड की पटाई का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है।इसका सीधा असर परियोजना की प्रगति पर पड़ रहा है। गौरतलब है कि लगभग 983 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्वपूर्ण परियोज ना का कार्य जुलाई 2025 में प्रारंभ हुआ था और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा किया जाना है निर्माण कार्य बंद रहने की स्थिति में परियोज ना की लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जिस से सरकारी संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की आशंका है।किसानों और स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो न केवल किसानों के हित प्रभावित होंगे, बल्कि अयोध्या रिंग रोड जैसी महत्वपूर्ण परियोजना भी गंभीर विलंब का शिकार हो सकती है। मांग की जा रही है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर सहमति और वैधानिक प्रक्रिया के तहत मिट्टी खनन कार्य पु नः शुरू कराए, ताकि परियोजना को नि र्धारित समय सीमा में पूरा किया जा सके।

# होटल, कैफ़े की आड़ में चल रहा खेल, घंटे के हिसाब से बुक हो रहे केबिन रूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । शहर से लेकर कस्बों और बाजार की भी तरी गलियों में पिछले कुछ समय में कथित कै फ़े और होटल थोक में खुले हैं।यहां किस तरह की संदिग्ध गतिविधियां होती हैं, यह जानना हो तो इनके आसपास घंटा-आधा घंटा खड़े रहकर आसानी से जान सकते हैं।

बड़ी बात यह है कि पुलिस और किसी अन्य सरकारी विभाग ने अ ब तक इन अड्डों की जांच पड़ताल पर ध्यान न हीं दिया है।कुकुरमुत्तों की तरह शहर में उगे हो टल-कैफ़े पर अगर प्रशासन ठीक तरह से एक्श न लेना शुरू कर दे तो यहां होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लग सकता है।क्योंकि यहां आने वाले 'ग्राहक' घोर एकांत चाहते हैं। नियम कायदों की पालना को लेकर जांच-पड़ ताल होगी तो यह एकांत पसंद ग्राहक खुद ही भाग जाएंगे,बताते है कि सर्कुलर रोड पर स्थितन्यू ब्लू लॉन्ग रेस्टोरेंट में पर घंटे के हिसाब से केबिन बुक की जाती है और उसके ऊपरी छतपर कंडोम जैसे आपत्तिजनक समान पड़े हुए थे।पत्रकारों ने हकीकत पता कि तो इस दौरान सामने आया कि होटल-कैफ़े के कमरे व केबिन घंटों के हिसाब से किराए पर देकर संदिग्ध गति विधियां करवाई जा रही हैं।इन अड्डों पर मिले गर्भ निरोधक,सेक्सवर्द्धक इसके प्रमाण हैं शहर में दिनोंदिन होटल व कैफ़े खोलने की होड़ सी मची है सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है किइस बिल्डिंग में रेस्टोरेंट स्पा सेंटर,चल रहे है हर दिन संदिग्ध व अनैतिक गतिविधियां होती हैं।गोंडा पुलिस आए दिन रेस्टोरेंट और होटल में छापेमारी करती रहती है इसके बावजूद होटल व कैफ़े संचालक बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी के अभाव में यह हो टल व कैफ़े अनैतिक गतिविधियों अड्डे बने हुए हैं,आधुनिकता का लबादा ओढ़े इन बेहया लोगों को कितना ही कह लो,बेशर्मी इनकी आदत बन चुकी है स्थिति यह है कि जो पकड़ा गया वो चोर बाकी सब पर कौन करे गौर...? चौकी प्रभारी को अपने क्षेत्र की सभी अनैतिक व अप राधिक गतिविधियों की जानकारी होनी चाहिए है। उनकी चुप्पी पर कई सवाल खड़े करती है।राजनीतिक दलों और प्रशासन ने भी चुप्पी सा ध रखी है।यह गंभीर मामला है जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।समाज सेवायों का कहना है कि यह चिंताजनक स्थिति है वास्तव में अभि भावकों को जाग जाना चाहिए।स्वतंत्रता व स्व छंदता में अंतर समझना होगा। नागरिक सुरक्षा मंच इस मुद्दे को लेकर जल्दी ही प्रशासन व पु लिस के अधिकारियों से मिलकर उनसे कार्रवा ई करनी चाहिए।नियम-कायदों की जांच को ले कर विभागीय अधिकारियों को निरीक्षण करना चाहिए।जिले में इन दिनों कुछ ज्यादा ही गंदगी फैली हुई है।यहां के सफ़ेद-पोश दलाल मैनेज में ट में माहिर हैं।यहां कौनसा पर्यटन क्षेत्र विकसि त हो गया है जो धड़ाधड़ होटल-कैफ़े खुल रहे हैं इन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## पुलिस की तत्परता से दो घंटे में मिला लापता मासूम, परिजनों ने जताई खुशी

रायबरेली। दो घंटों में ही महराजगंज पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बाबा के साथ बाजार आए लापता सात वर्षीय मासूम को ढूंढकर सकुशल परिवार वालों के पास पहुंचाया। थाना क्षेत्र के गुरुबक्सगंज मजरे हलोर निवासी राजा का सात वर्षीय बेटा अर्पित अपने बाबा रामसुमेर के साथ मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे महराजगंज बाजार आया था। कस्बे के बैंक आफ बड़ौदा के पास बाबा राम सुमेर कुछ सामान लेने लगे इसी बीच अर्पित आगे बढ़ गया। कुछ देर बाद बाबा रामसुमेर जब सामान लेकर लौटे तो पोता वहां नही था। पोते के न मिलने से बाबा ने इधर उधर ढूंढना शुरू कर दिया। घंटों प्रयास के बाद पोते के न मिलने से परेशान बाबा ने कोतवाल जगदीश यादव को आपबीती बताई। सूचना पर कोतवाल जगदीश यादव ने कस्बे के हल्का दरोगा दिनेश गोस्वामी को खोजबीन की जिम्मेदारी सौंपी। एस एस आई दिनेश गोस्वामी ने हुलिया के आधार पर तत्काल बैंक आफ बड़ौदा व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने कस्बे के को सुखई का पुरवा तिराहे के पास से बच्चे को खोज निकाला।

# यूएफबीयू के आह्वान पर बैंक हड़ताल लेनदेन ठप होने से आमजन परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। बैंक कर्मचारियों की लंबित मांगों के समर्थन में मंगलवार को क्षेत्र में बैंकिंग गतिविधियां लगभग पूरी तरह ठप रहीं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के आह्वान पर हुई हड़ताल के चलते सरकारी और निजी दोनों श्रेणियों के बैंक बंद रहे, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ कारोबार और दैनिक लेनदेन पर भी असर पड़ा।

हड़ताल के कारण चेक क्लियरेंस, नकद जमा-निकासी, ऋण स्वीकृति, आरटीजीएस और एनईएफटी जैसी प्रमुख बैंकिंग सेवाएं बाधित रहीं। अनुमान के अनुसार इस दौरान करोड़ों रुपये का लेनदेन प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर एटीएम सेवाएं भी सीमित रहीं, जिससे नकदी की आवश्यकता वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।हड़ताल पर शामिल एक निजी बैंक कर्मचारी ने बताया कि बैंककर्मी लंबे समय से सप्ताह में पांच दिन कार्य प्रणाली लागू करने, लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण और कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में कई बार ज्ञापन सौंपे गए और वार्ता के प्रयास भी किए गए, लेकिन ठोस निर्णय न होने के कारण हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। बैंक बंद रहने से व्यापारियों, किसानों और नौकरीपेशा लोगों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस भर्ती के लिए आवेदन कराने आए लकी जायसवाल ने बताया कि वे चालान जमा करने बैंक पहुंचे थे, लेकिन हड़ताल के चलते चालान जमा नहीं कर सके। वहीं बलहा से नानपारा बैंक आईं मिथिला ने बताया कि उनकी पेंशन खाते में आई थी, लेकिन बैंक बंद होने के कारण वे बिना पैसा निकाले निराश होकर लौट गईं।

# वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र श्रीवास्तव राहत हयात शहाफ़त अवार्ड से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। स्थानीय राहत जनता इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार एवं सक्रिय समाजसेवी धर्मेंद्र श्रीवास्तव को राहत हयात शहाफ़त अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय के प्रबंधक अरशद अली खान एवं प्राचार्य अरुण प्रकाश चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।

समारोह में वक्ताओं ने धर्मेंद्र श्रीवास्तव के दीर्घकालीन पत्रकारिता अनुभव, निष्पक्ष लेखनी तथा समाजसेवा के प्रति उनके सतत समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीवास्तव जी वर्षों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहकर पत्रकारिता को जनहित का माध्यम बना रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक काज़ी इरशाद अहमद, शब्बीर अहमद, इरफान अली खान, अब्दुल्लाह अंसारी, खालिद मुर्तजा उस्मानी (मंच संचालक), आबिद अली, फूलचंद भारती, रफीक अहमद सिद्दीकी, अख्तर जाफरी, असद यार बेग, रविंद्र प्रताप सिंह, अविनाश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार शकील अंसारी, पत्रकार सरफराज सिद्दीकी, एडवोकेट नफीस अहमद, जिला बनाओ समिति के केशव पांडे, कलीम अहमद, सपा नेता मुन्ना रायनी, कलीम खान, सहीक अहमद, मजहर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर गांधी पार्क में ध्वजारोहण जरूरतमंदों को कंबल वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी नानपारा द्वारा स्थानीय गांधी पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण, जरूरतमंदों को कंबल वितरण तथा वरिष्ठजनों के सम्मान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सेवा का संदेश दिया गया।

नगर कांग्रेस कमेटी नानपारा के अध्यक्ष भोला कुरैशी एवं उनके सहयोगी डॉ. अब्दुल मन्नान सिद्दीकी (पूर्व प्रत्याशी, कांग्रेस–283 विधानसभा क्षेत्र नानपारा) के हाथों ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ए.एम. सिद्दीकी द्वारा इसके उपरांत नगर के 50 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व सभासद नौशाद हुसैन, वर्तमान सभासद गुड्डू (जुबलीगंज) तथा मुनव्वर सभासद (हसनगंज) को अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एम. शफीक कुरैशी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. ए.एम. सिद्दीकी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, जिसे सहेजना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वहीं नगर कांग्रेस अध्यक्ष भोला कुरैशी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें सामाजिक सद्भाव, समानता और विकास के मूल्यों को और मजबूत करते हुए देश व लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में अधिवक्ता परशुराम मिश्रा, अधिवक्ता प्रेम कुमार त्रिपाठी, श्रीमती खैरूलनिशा, अरुणेन्द्र कुमार सिंह, मो. हनीफ, एराज हुसैन, सआदत अली मुन्ना, डॉ. राधेश्याम श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल सिंह कसेरा, डॉ. गुड्डू, आफताब अहमद, एहसान वारिस, रामदीन गौतम, मुनऊ रस्तोगी, अर्जुन रस्तोगी, शकील खान, मो. शुऐब सिद्दीकी, ताजुद्दीन उर्फ हक्कानी, ताजू, साबित हुसैन, इकबाल, मो. मोईन, आसिफ खान, मो. शरीफ बाबू खान, मो. शरीफ खान, शकील अहमद, इरफान अली उर्फ छोटू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया मण्डल कारागार का निरीक्षण



**गोण्डा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मण्डल कारागार का संयुक्त आकस्मिक निरीक्षण किया।कारा गार में निरुद्ध बन्दियों के लिए की गई व्यव स्था ओं का जायजा लेने के उद्देष्य से जिलाधिकारीने जिला कारागार का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैया करायी जा रहीहै।सुविधाओं व कारागार की साफ–सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जाय जा लिया।कारागार निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने पाकशाला,चिकित्सालय सहित विभि न्न बैरकों का भी निरीक्षण किया।पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई,भोजन की गु णवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं।जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक जेलर,डिप्टी जेलर व अन्य संबंधित मौजूद रहें।

## यूएफबीयू के आह्वान पर बैंक हड़ताल, लेनदेन ठप होने से आमजन परेशान

**नानपारा, बहराइच , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बैंक कर्मचारियों की लंबित मांगों के समर्थन में मंगलवार को क्षेत्र में बैंकिंग गतिविधियां लगभग पूरी तरह ठप रहीं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के आह्वान पर हुई हड़ताल के चलते सरकारी और निजी दोनों श्रेणियों के बैंक बंद रहे, जिससे आम नागरिकों के साथ–साथ कारोबार और दैनिक लेनदेन पर भी असर पड़ा। हड़ताल के कारण चेक क्लियरेंस, नकद जमा–निकासी, ऋण स्वीकृति, आरटीजीएस और एनईएफटी जैसी प्रमुख बैंकिंग सेवाएं बाधित रहीं। अनुमान के अनुसार इस दौरान करोड़ों रुपये का लेनदेन प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर एटीएम सेवाएं भी सीमित रहीं, जिससे नकदी की आवश्यकता वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।हड़ताल पर शामिल एक निजी बैंक कर्मचारी ने बताया कि बैंककर्मी लंबे समय से सप्ताह में पांच दिन कार्य प्रणाली लागू करने, लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण और कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में कई बार ज्ञापन सौंपे गए और वार्ता के प्रयास भी किए गए, लेकिन ठोस निर्णय न होने के कारण हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। बैंक बंद रहने से व्यापारियों, किसानों और नौकरीपेशा लोगों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस भर्ती के लिए आवेदन कराने आए लकी जायसवाल ने बताया कि वे चालान जमा करने बैंक पहुंचे थे, लेकिन हड़ताल के चलते चालान जमा नहीं कर सके। वहीं बलहा से नानपारा बैंक आईं मिथिला ने बताया कि उनकी पेंशन खाते में आई थी, लेकिन बैंक बंद होने के कारण वे बिना पैसा निकाले निराश होकर लौट गईं।

## गणतंत्र दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम व कंबल वितरण

**रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महराजगंज कस्बे के पैगंबर नगर स्थित मदरसा इस्लामिक मांटेसरी स्कूल परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने नन्हे–मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर आनंद लिया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राष्ट्रभक्ति गीत, नाटक और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व समाजसेवी अली अमजद ने विद्यालय परिवार को एक लाख रुपये का चेक प्रदान कर आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि विद्यालय के बच्चों की शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने तथा स्कूल की शैक्षिक और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दी गई है। उन्होंने शिक्षा को समाज की तरक्की की नींव बताते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।वहीं, सभासद मोहम्मद अलीम एवं समाजसेवी अली अमजद द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच भारी मात्रा में कंबल वितरित किए गए। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर लोगों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी। स्थानीय लोगों ने इस पुनीत कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद रिजवान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करते हैं।इस मौके पर डॉ. मोहम्मद उमर, इनायत मंसूरी, मुन्ना मंसूरी, शब्बीर कुरैशी, रज्जू कुरैशी, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद मोबीन, मोहम्मद आरिफ, कारी कासिम, अर्चना, अलशिफा सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग, अभिभावक व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे व फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक सम्पन्न

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई, जिसमें पंजीकरण की प्रगति, डेटा की शुद्धता व सर्वे कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य समयबद्ध व त्रुटिरहित सुनिश्चित कराया जाए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में शिथिलता बरतने पर कृषि विभाग के दो संविदा कार्मिक क्रमशः आजाद पाण्डेय बी0टी0एम0 छतोह, व प्रवीण पाण्डेय ए0टी0एम0 ऊँचाहार की सेवाएं तत्काल समाप्त किये जाने के निर्देश दिये, इसके साथ ही उप निदेशक कृषि को प्रतिदिन कृषि व पंचायत के न्यूनतम प्रगति वाले 10 कर्मचारियों और उनसे सम्बन्धित ए0डी0ओ0 कृषि व ए0डी0ओ0 पंचायत की प्रतिदिन सायं 07:00 बजे बचत भवन कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये।

# गोंडा के बीएलओ रामबाबू मौर्य व सुपरवाइजर प्रवीण शुक्ला उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के गौरा विधानसभा क्षेत्र के बीएल ओ रामबाबू मौर्य व मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाइजर प्रवीण शुक्ला को उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ में सम्मानित किया गया है। इन्होंने एसआइआर के दौरान गोंडा जनपद में अव्वल कार्य किया।अल्ली पुर के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक व बीए लओ रामबाबू मौर्य को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसएआर) में उत्कृष्ट प्रद र्शन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अ धिकारी रणदीप रिणवा द्वारा सम्मानित किया गया।

यह सम्मान राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अव सर पर लखनऊ में प्रदान किया गया,मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाइजर प्रवीण कुमार शुक्ला को भी सर्वश्रेष्ठ के तौर पर चयनित कि या गया था।एसएआर अभियान में सर्वोत्तम का र्य करने के कारण प्रवीण कुमार शुक्ला को जि ले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वही विशेष रूप से,नो मैपिंग श्रेणी में इस केंद्र पर किसी मतदा ता को नोटिस जारी नहीं करना पड़ा, जो उनके सूक्ष्म कार्य की मिसाल है। उपजिलाधिकारीमनकापुर ने बताया कि प्रवीण शुक्ल ने अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी जिम्मेदारी के साथ कि या है। उनके इस सम्मान से न केवल तहसील का मान बढ़ा है,बल्कि स्थानीय स्तर पर चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को भी मजबूती मिली हैनिर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता के क्षेत्र में जनपद के मनकापुर ब्लाक में कार्यरत सुपरवाइजर प्रवीण कुमार शुक्ला को मतदाता सूची के शुद्धिकरण और तकनीकी नवाचारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया है।लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सुपरवाइजर प्रवीण शुक्ला को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मा नित किया।इस सूची में प्रवीण कुमार शुक्ला ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली की बदौलत स्थान ब नाया। प्रवीण कुमार शुक्ला को यह सम्मान मुख्य रूप से डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विभिन्न ऐप्स और तकनीकी प्लेटफार्मों के संचालन में आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान व सीमि त समय और संसाधनों के बीच डेटा शुद्धिकरण के कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने पर दिया ग या है।समारोह के दौरान अधिकारियों ने घोष णा की कि प्रदेश के इन सम्मानित कर्मियों में से जो सबसे विशिष्ट कार्य करेंगे,उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचन प्रणालियों को समझने और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश दौरे पर भी भेजा जाएगा।प्रवीण कुमार शुक्ला की इस उप लब्धि पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों और सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता की रहे मुख्य अतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर, पीजीभीत । नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को रामलीला मैदान पूरनपुर में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद के निर्देशन में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सम्पन्न हुआ ।

समारोह में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं कार्यक्रम के अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एकल नृत्य (जूनियर एवं सीनियर वर्ग) तथा सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर

## विधायक बाबूराम पासवान ने कार्यक्रम मे भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को दी प्रोत्साहन राशि

हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक स्तर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया साथ ही नगर में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले नागरिकों को ‘पूरनपुर प्राइड अवार्ड’ से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) पीलीभीत व शाहजहाँपुर डॉ. सुधीर गुप्ता, उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, पूर्व विधायक प्रमोद प्रधान, विभाग प्रचारक ओम प्रकाश गंगवार, जिला प्रचारक आर एस एस दुष्यंत सिंह, मैलानी नगर पंचायत चेयरमैन कीर्ति माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा, रितुराज पासवान, भवानी शंकर माहेश्वरी, व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, राम बहादुर गुप्ता, राजेंद्र आर्या, विजय पाल विक्की, लक्ष्मण गुप्ता, अनिल कटियार, समस्त सभासदगण, नगर पालिका परिवार, समाजसेवी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पत्रकार बंधु एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे आयोजित प्रतियोगिताओं में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में उदय ने प्रथम पुरस्कार, शिवांश एवं नैंसी ने सामूहिक रूप से द्वितीय पुरस्कार व दिव्यांश अंश और अन्वी ने सामूहिक रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया

एकल नृत्य प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में चैतन्य टेक्नो स्कूल से वैदेही वाजपेई ने प्रथम पुरस्कार, सेंट जोसेफ सीनियर सेकंडरी स्कूल से अक्षरा लोधी ने द्वितीय पुरस्कार व सेंट जोसेफ सीनियर सेकंडरी स्कूल से नविका ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया एकल नृत्य प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में मोहन सरस्वती शिशु मंदिर से वंदना ने प्रथम पुरस्कार, आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर से निष्ठा ने द्वितीय पुरस्कार तथा भसीन इंटरनेशनल स्कूल से युक्ति ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ सीनियर सेकंडरी स्कूल ने प्रथम, संजय गांधी नर्सिंग स्कूल ने द्वितीय तथा मेजर के एम लोधी स्कूल व बॉम्बेया अकैडमी पूरनपुर ने सामूहिक रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका संगीता सिंघल व गीता राठौर ने निभाई संचालन सुगंध अग्रवाल व सलिल आज़ाद ने किया कार्यक्रम का सफल व्यवस्थापन विवेक तिवारी द्वारा किया गया। समारोह को सफल बनाने में दिनेश भारती, दुर्वेश कुमार के साथ नगर पालिका परिषद का समस्त स्टाफ तन्मयता से जुटा रहा हैं।

## एसपी रेलवे ने किया जीआरपी थाने का वार्षिक निरीक्षण

सुलतानपुर। एसपी रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा ने मंगलवार को सुल्तानपुर जीआरपी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों और शस्त्रों की जांच की। निरीक्षण के बाद उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और मीडिया से भी बातचीत की। निरीक्षण के उपरांत एसपी मिश्रा ने बताया कि अिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, हालांकि कुछ कमियां भी सामने आईं। उन्होंने विशेष रूप से रजिस्टर और अन्य अभिलेखों में पाई गई खामियों को तत्काल सुारने के निर्देश दिए। एसपी मिश्रा ने रेलवे यात्रियों, ट्रेनों और प्लेटफर्म की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह कार्य जीआरपी और आरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। संदिग वस्तुओं, व्यक्तियों और वाहनों की लगातार संयुक्त चेकिंग की जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एसपी ने एस्कर्ट ड्यूटी की मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, महत्वपूर्ण ट्रेनों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के आदेश भी जारी किए गए। सीमावर्ती क्षेत्रों में शव मिलने की स्थिति पर एसपी रेलवे ने स्पष्ट निर्देश दिए।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया 77वें गणतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता ने ध्वजारोहण किया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक बाबूराम पासवान, प्रबंधक हरिबल्लभ गुप्ता,अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, सर्वेश गुप्ता, उमंग गुप्ता, सुशील गुप्ता, हर्ष गुप्ता गौरव गुप्ता,राजू गुप्ता, संजीव गुप्ता, अतुल कुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्य संजय मिश्र व समस्त सम्मानित पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर हुआ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस अवसर पर लगभग 18 झांकिया विद्यालय प्रांगण से नगर हेतु पद संचलन के लिए निकाली गई झांकियों के क्रम में भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, घोष संचलन, इसरो, जय जवान जय किसान जय विज्ञान, महाराणा प्रताप, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, शिवाजी, ऑपरेशन सिंदूर , स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह,अग्नि मिसाइल, महिला सशक्तिकरण, महारानी अहिल्याबाई, एनसीसी कैडेट्स,आदि झांकियों के द्वारा पद संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया व सभी झांकियों की प्रशंसा की इस अवसर पर अवधेश मिश्र, अनिल कुमार गुप्ता, राम रतन लाल वर्मा, राजीव सिंह, मोहन लाल गंगवार, राजीव मोहन अग्रवाल, सुरभि सिंह, रजनी वर्मा, वैशाली, पिंकी सिंह, मनोज पांडे, संजय पांडे, सोनाली गुप्ता, आकांक्षा, सूर्यवाला शर्मा, नूतन गुप्ता, चांदनी गुप्ता, तनु मिश्रा, अरुण विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी ऋषि कुमार, पंकज मिश्रा, अखिलकांत पांडेय, बलराम वर्मा, अशोक वर्मा, विवेक, मोहित पांडेय, राजेश वर्मा, संतोष मिश्र, इन्दूधर, चंद्रकांत , अरविंद, शीशपाल, बृजेश, धनपाल, दीपक द्विवेदी, योगेश शर्मा, राकेश शर्मा, राहुल मिश्रा आदि सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

## उन्नति खेती के गुर सीखने 40 गन्ना किसान शाहजहांपुर रवाना

सुलतानपुर। गन्ना उत्पादन को अिक लाभकारी और वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से जनपद सुलतानपुर व अमेठी क्षेत्र के 40 प्रगतिशील गन्ना किसानों का दल सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण लेने के लिए शाहजहांपुर स्थित गन्ना शोा संस्थान के लिए रवाना हुआ। यह दल शाहजहांपुर से लौटते हुए लखनऊ स्थित गन्ना विकास संस्थान भी जाएंगा।यह दल गन्ना विकास परिषद द्वारा भेजा गया है।दल को जिला पंचायत गेट पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी व गन्ना विकास समिति सुलतानपुर-अमेठी के चेयरमैन गाांी सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर चेयरमैन गाांी सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ने की नई एवं उन्नत प्रजातियों के साथ आाुनिक खेती तकनीकों की जानकारी देना है।इस प्रशिक्षण से गन्ना किसान कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे।

# धांधली के चलते एजुकेटर चयन प्रक्रिया पर जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। ईसीसीई एजुकेटर चयन प्रक्रिया में ाांली के आरोपों के बाद जिलाािकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। इन आरोपों के चलते सेवा प्रदाता कंपनी आईटी वर्ल्ड की चयन प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह कार्रवाई शिकायतों और स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों के बाद की गई है।

जानकारी के अनुसार आउटसोर्सिंग कंपनी आईटी वर्ल्ड को पूर्व में एक अन्य चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी के कारण ब्लैकलिस्ट किया गया था। इसके बावजूद उसे फिर से एजुकेटर नियुक्ति का जिम्मा सौंप दिया गया। कंपनी पर आरोप है कि उसने मनमाने ढंग से दो अलग-अलग विज्ञापनों के लिए चयन प्रक्रिया एक साथ शुरू कर दी। जिसके लिए कोई अनुमति नह ली गई और शासनादेशों का खुला उल्लंघन किया गया। सेवा योजन पोर्टल पर 22 दिसंबर से 7 जनवरी तक प्राप्त 4800 आवेदनों का रैण्डमाईजेशन किया गया। जिसमें से 870 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। हालांकि इस 870 चयनित अभ्यर्थियों की सूची को सार्वजनिक किए बिना कंपनी ने 290 पदों के लिए आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचना भेजकर अभिलेख सत्यापन शुरू कर दिया। जब अन्य अभ्यर्थियों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने हंगामा किया। कई आवेदकों ने आरोप लगाया कि कंप्यूटर आाारित रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप किया गया है। अभ्यर्थियों का यह भी आरोप है कि कम अंक पाने वाले आवेदकों का चयन पैसे लेकर किया गया, जबकि अिक अंक प्राप्त करने वाले योग्य अभ्यर्थी चयन से वंचित रह गए। बेसिक शिक्षा अिकारी (बीएसए) उपेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायतें मिलने के बाद आरोपों की जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि सेवा प्रदाता कंपनी आईटी वर्ल्ड द्वारा निजी स्तर पर बुलाकर किए जा रहे अभिलेख सत्यापन और साक्षात्कार की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

# केवलापति स्मारक इंटर कलेज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर । केवलापति स्मारक इंटर कलेज में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वज फहराने के साथ हुई, जिसके बाद देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्.तिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

समारोह का मुख्य आकर्षण एसएससी जीडी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र आशीष सिंह का सम्मान रहा। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आशीष सिंह की प्राथमिक शिक्षा केवलापति स्मारक इंटर कलेज से ही हुई है, जिससे विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। उनकी इस उपलबि को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोाित करते हुए विद्यालय के प्राानाचार्य एवं शिक्षकों ने कहा कि आशीष सिंह की सफलता यह सिद्ध करती है कि ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाानों में भी कठोर परिश्रम एवं अनुशासन से उच्च लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आशीष सिंह के संघर्ष और सफलता से सीख लेने का आह्वान किया। विद्यालय की संचालिका मंजू सिंह व प्रबांक संजय सिंह ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# यूजीसी बिल 2026 बना सवर्णों के लिए काला कानून: कृष्णा कुमार पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर । यूजीसी बिल 2026 को लेकर सवर्ण समाज में उबाल अब सड़क से पहले संगठन में दिखने लगा है। दिनांक 27 जनवरी 2026 को दरियापुर स्थित पूर्व विाानसभा प्रत्याशी एवं ब्राह्मण नेता कृष्ण कुमार पाण्डेय के कैम्प कार्यालय पर सवर्ण समाज के विभिन्न वर्गों, जातियों और विचाराााराओं से जुड़े बुद्धिजीवियों की एक अहम बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सर्वसम्मति और वनि मत के साथ यूजीसी बिल 2026 को सवर्ण समाज के लिए काला कानून घोषित करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई। इसी के साथ बैठक में उपस्थित समाज के प्रतिनिायों ने .ष्ण कुमार पाण्डेय ‘कक्कू को यूजीसी काला कानून हटाओ अभियान का राष्ट्रीय संरक्षक घोषित किया। बैठक को संबोाित करते हुए कक्कू पाण्डेय ने केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा यह सरकार भाई को भाई से बांटने का तानाबाना बुन रही है। यूजीसी बिल 2026 इसका जीता-जागता सबूत है। अगर यह कानून लागू हुआ तो सिर्फ सवर्ण ही नह, बल्कि पिछड़े और अनुसूचित समाज के बीच बने सामाजिक भाईचारे पर भी गहरा और खतरनाक असर पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह कानून शिक्षा सुाार के नाम पर सामाजिक विभाजन का औजार है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नह किया जाएगा। सभा में प्रयागराज में शंकराचार्य के शिष्य पर प्रशासन द्वारा किए गए हठार्मी बल प्रयोग की कड़ी निंदा की गई। कक्कू पाण्डेय ने कहा कि जब साु-संत भी सुरक्षित नह हैं, तो आम समाज की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह लोकतंत्र नह दमन तंत्र है। बैठक में साफ शब्दों में एलान किया गया कि यूजीसी काला कानून के खिलाफ ब्लक, तहसील, जिला और प्रदेश स्तर तक जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। यह लड़ाई सिर्फ एक वर्ग की नह, बल्कि सामाजिक संतुलन और शिक्षा की आत्मा को बचाने की लड़ाई होगी। बैठक में वनि मत से ऋषभ मिश्रा को अभियान का अयक्ष चुना गया। उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन अब पीछे नह हटेगा। दरियापुर की इस बैठक ने यह साफ कर दिया है कि यूजीसी बिल 2026 को लेकर सवर्ण समाज अब चुप नह बैठने वाला। .ष्ण कुमार पाण्डेय ‘कक्कू के नेतृत्व में यह मुद्दा आने वाले दिनों में सड़क से सदन तक गूंज सकता है। इस मौके पर प.जर्नादन शुक्ला, पूर्व प्रमुख राम शब्द मिश्र, चंदन तिवारी महाकाल, सुभाष तिवारी, राज कुमार तिवारी, नवल किोर, हर्षित मिश्रा, आंाु पाटक, सुमित सिंह, गोकरन पाटक सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# मुसाफिरखाना में छापेमारी में तीन बाल श्रमिक मिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की गई। अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने मुसाफिरखाना कस्बे में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

जहां निरीक्षण के समय कुछ दुकानों प्रतिष्ठानों पर नाबालिग बालक एवं बालिकाओं से कार्य कराया जाना पाया गया। जांच में दो बालिकाएं एवं एक बालक बाल श्रम में लिप्त पाए गए। टीम द्वारा मौके पर उपस्थित बच्चों के माता पिता को बाल श्रम न कराने के लिए समझाया गया जिस पर अभिभावकों द्वारा भविष्य में बाल श्रम न कराने का संकल्प लिया गया। साथ ही बच्चों को विद्यालय से जोड़कर उचित शिक्षा दिलाने हेतु प्रेरित किया गया। संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुये भविष्य में बाल मजदूरी न कराने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रम कराते हुए पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस ने पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आबिद पुत्र आशिक अली निवासी तेतारपुर थाना बाजार शुकुल को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

# स्वच्छता का संदेश लेकर आसमान में लहराईं पतंगें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद, पीलीभीत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनसामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज अशोक कॉलोनी ग्राउंड में ‘स्वच्छता जागरूकता पतंग उत्सव 2026’ का भव्य आयोजन किया गया। उत्सव में शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, महिलाएं व नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान मैदान रंग-बिरंगी पतंगों और स्वच्छता से जुड़े प्रेरक संदेशों से जीवंत नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा पतंग उड़ाकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया और कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों से बच्चों और आम नागरिकों में सकारात्मक सोच विकसित होती है।इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर संजय अग्रवाल एवं अमृत लाल अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यालयों द्वारा तैयार की गई पतंगों की सराहना करते हुए छात्रों के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।पतंग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बीच स्वच्छता संदेश युक्त पतंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने ‘स्वच्छ शहर ऽ स्वस्थ जीवन’, ‘कचरा डस्टबिन में डालें’, ‘स्वच्छता अपनाएं, बीमारी भगाएं’ जैसे संदेशों के माध्यम से स्वच्छता का प्रभावी संदेश दिया। प्रतियोगिता में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अक्षत शुक्ला ने प्रथम स्थान, कंपोजिट विद्यालय की छात्रा छवि ने द्वितीय स्थान तथा बैनर पब्लिक स्कूल की आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निर्णय स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर लक्ष्मीकांत शर्मा एवं मेघा अग्रवाल द्वारा किया गया। वहीं बेन हर गुरुकुल विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाई गई विशेष एवं आकर्षक स्वच्छता संदेश युक्त पतंग को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का सफल एवं सुसंगठित संचालन सभासद साकेत सक्सेना द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सभासद वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, विपिन कुमार, राजू फौजी, विपिन त्यागी, राशिद हुसैन,अवतार सिंह मोनू, विपिन मिश्रा, पंकज तिवारी का विशेष योगदान रहा।समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा स्वच्छता को लेकर निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सक्रिय सहभागिता से समाज में स्थायी परिवर्तन संभव है। डॉ. अग्रवाल ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी विद्यालयों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं शहरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कार पलटने से घर लौट रहे युवकों की मौत चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने जताया शोक

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश सहित अन्य पर्यटन स्थल से घूमकर घर वापस लौट रहे ब्लाक कोऑर्डिनेटर और बैंक मैनेजर की कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में दोनों दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम कराया। घर लौटे शवों को देख चीत्कार मच गई। दोनों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। घटना से परिजनों और करीबियों की आंखों से आंसू नहीं रुक रहे हैं। पूरनपुर के कोतवाली रोड पर क्षितिज अग्निहोत्री पुत्र संजीव अग्निहोत्री पूरनपुर ब्लॉक में पिछले कई सालों से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के पद पर तैनात थे।कायस्थान निवासी शिवांग पुत्र अरविंद एक बैंक शाखा के मैनेजर थे। दोनो दोस्त शनिवार निजी कार से घूमने हिमाचल प्रदेश सहित अन्य स्थान पर गए थे। शनिवार को क्षितिज ने घर के ही सामने भंडारा भी कराया था। सोमवार दोपहर दोनों कार से घर वापस लौट रहे थे। तभी अमरोहा जनपद के थाना डिडौली क्षेत्र में हाइवे पर कार पलट गई। इसमें शिवांग की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी हरीश वर्धन पुलिस के साथ पहुंच गए। उन्होंने दूसरे घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान क्षितिज ने भी दम तोड़ दिया। मामले की सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रही है। इसमें कार डिवाइडर से टकराकर कई बार पलटने के बाद दूसरे साइड में पहुंच जाती है। पोस्टमार्टम के बाद घर लौटे शवों को देख परिजनों में चित्कार मच गई। सूचना मिलने के बाद आसपास क्षेत्र से काफी लोगों ने मृतकों के घर पहुंचकर दुख व्यक्त किया है। मंगलवार को गमगीन माहौल में मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट श्रीराम जानकी हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता, एकता और चेतना को मजबूत करना था देशभर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर ऐसे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है पूरनपुर के इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्वयंसेवक और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे सम्मेलन के माध्यम से समाज को एकजुट करने, सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन–जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में सामाजिक एकता की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया इसका एक मुख्य लक्ष्य समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को समाप्त करना भी था इस विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में महामंडलेश्वर श्री भैया दास जी महाराज, श्री बालाजी धाम आश्रम, दिल्ली–बागपत रोड, उपस्थित रहे। उन्होंने अपने विचारों से सामाजिक समरसता, हिंदू एकता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों पर मार्गदर्शन प्रदान किया कार्यक्रम की तैयारियां श्रीराम जानकी हिंदू सम्मेलन समिति, पूरनपुर द्वारा की गई थीं। आयोजकों का मानना है कि संतों और विचारकों के संदेश से समाज में सकारात्मक चेतना का संचार होगा और यह कार्यक्रम सामाजिक एकता तथा एकजुटता की भावना को सशक्त करेगा देश में ऊंच नीच का भेदभाव डाला गया. जबकि, शास्त्रों में इसका कोई उल्लेख और व्याख्या नहीं है. व्यक्ति केवल कर्मों से ऊंचा होता है, लेकिन लोगों ने इसको जाति से जोड़ दिया. इन सब कुरीतियों को दूर करके सबको गले से लगाया जाएगा।

## भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य को परमात्मा की प्राप्ति होती है: पं.बृजेशाचार्य जी महाराज

**जयसिंहपुर/सुल्तानपुर कैनजिव टाइम्स संवाददाता।** बिरईपुर गांव में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान महायज्ञ के द्वितीया दिवस में श्रीााम अयोया से पाारे पं.बृजेशाचार्य जी महाराज ने कथा को विस्तार से कहते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत वेदों का प्राण तत्व है द्वितीया दिवस के कथा प्रसंग में अमर कथा, परीक्षित का प्राकट्य, भीष्म का उपदेश के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा की भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को परमात्मा की प्राप्ति होती है भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य को प्रेत योनि से मुक्ति मिलती है इसके पूर्व मुख्य यजमान श्रीमती देवकली देवी पत्नी रामलाल पांडेय ने आचार्य प्रवीण तिवारी, राजू तिवारी, संदीप मिश्र,के द्वारा व्यासपीठ की पूजन अर्चन विाि विाान से किया। इस मौके पर पं.संजय तिवारी(शास्त्री जी) श्यामलाल पांडेय दिनेश पांडेय, अवोश पांडेय, भगौती पांडेय, शिवराम तिवारी, अरुण तिवारी एवं बडी संख्या मे कथा प्रेमीयो ने कथा को श्रवण किया।

## गन्ना कृषक महाविद्यालय मे सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शपथ ग्रहण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह रहे उन्होंने उपस्थित छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा अपने उद्बोधन में यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति से वाहन न चलाने एवं जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पीलीभीत ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जन–जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है और युवाओं को इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों एवं यातायात संकेतों का पालन करें रेड लाईट होने पर अपना वाहन जेब्रा कॉसिंग के पीछे खडा करें।दो पहिया वाहन चलाते समय हैल्मेट का प्रयोग एवं दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बेठाये ।चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग अवश्य करें वाहन को निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से न चलाये ।वाहन को रॉग साईड न चलाये नो–पार्किंग जोन में वाहन खड़ा न करें वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करें ओवर टेक करने से बचे वाहन चलाते समय अनावश्यक हार्न न बजाये शराब पीकर,क्रोध एवं डिप्रेशन में वाहन न चलाये वाहन सम्बन्धी समस्त दस्तावेज अपने साथ रखे अथवा डीजी लॉकर में रखें बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाये पैदल यात्री सड़क के बीच में न चलें यथासम्भव फुटपाथ का प्रयोग करें।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का विकास करते हैं उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हर व्यक्ति से जुड़ा विषय है इसलिए जनमानस में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि हम खुद भी जागरूक हो और सब को जागरूक करें कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं एन सी सी प्रभारी शाहिद खान के निर्देशन में सम्पन्न हुईं कार्यक्रम का संचालन अंकित गुप्ता ने किया अंत में डॉ. रेखा सिंह ने सभी अतिथियों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## तीसरे दिन भी जारी रहा पीडीए जागरण व सम्मान पदयात्रा

**सुलतानपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** 188 सुल्तानपुर विाानसभा क्षेत्र के पूर्व विाायक अनूप संडा के नेतृत्व में कूरेभार तथा जयसिंहपुर ब्लक में निकाली गई द्वितीय चरण की पांच दिवसीय पीडीए जागरण व सम्मान पदयात्रा के तीसरे दिन आज फाजिलपुर ग्राम में शिवकुमार यादव के संयोजन में रात्रि विश्राम के उपरांत सैकड़ो समाजवादी साथियों के साथ अभूतपूर्व जोश व उत्साह तथा स्थानीय जनता का आशीर्वाद लेकर पुनः प्रारंभ हुई। लगातार तीसरे दिन पदयात्रा प्रारंभ करने से पहले पूर्व विाायक माननीय अनूप संडा जी ने उपस्थित जनता समाजवादी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों से संबोाित होते हुए कहा कि देश का पीडीए समाज सदियों से मनुवादी शक्तियों के बनाए गए मकड़जाल में फंसकर उत्पीड़न एवं जुल्म का शिकार होता रहा है और इस भाजपा शासन काल में यह चरम सीमा पर पहुंच चुका है, आज देश और प्रदेश का हर नौजवान, किसान, बेरोजगार, महिलाएं तथा श्रमिक वर्ग भाजपा द्वारा बनाई गई कुनीतियों के कुचक्रमें फंस कर बेबस और लाचार हो चुका है समाजवादी पार्टी और हमारा यह संकल्प है कि समाज के सबसे निचले पायदान पर बैठे हुए लोगों के हितों की रक्षा एवं सम्मान बढ़ाने एवं बचाने का हर सम्भव प्रयास और काम करेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 51255801 | 01. Interior stickers with Braille script for LHB AC 3 tier coaches as per drawing No. LE64016. | 144 Set | 24.02.2026 |
| | | 02. Interior stickers with Braille script for LHB AC 3 tier coaches as per drawing No. LE64026. | 48 Set | 24.02.2026 |
| | | 03. Interior stickers with Braille script for LHB AC 3 tier coaches as per drawing No. LE64022. | 36 Set | 24.02.2026 |
| | | 04. Interior stickers with Braille script for LHB AC 3 tier coaches as per drawing No. LE64021. | 24 Set | 24.02.2026 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 51255801 दिनांक: 27.01.2026 286/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# एक नया वर्ल्ड ऑर्डर बनाने के लिए कार्नी का बिगुल

20 जनवरी, 2026 को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने दावोस (स्विट्जरलैंड) में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए अपनी गहरी, दूर की सोच वाली और दमदार स्पीच, जिसे उन्होंने खुद लिखा था, में दुनिया भर के सभी मिडल क्लास देशों से एक नया वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन बनाने की अपील की। कनाडा का स्टैंड साफ करते हुए, उन्होंने पूरी दुनिया में उस भेडिय़े के खिलाफ हिम्मत से अपनी आवाज उठाई जो बार-बार उनके दरवाजे पर दस्तक दे रहा है, यानी अमरीका का नाम लिए बिना, उन्होंने कहा कि कनाडा के पास वह सब कुछ है जो दुनिया चाहती है। हम एनर्जी सैक्टर में एक सुपरपावर हैं। हमारे पास बहुत रिच मिनरल्स हैं। हमारे पास रिसोर्स हैं। हमारे लोग पढ़े-लिखे हैं, हमारा पैंशन सिस्टम सबसे अच्छा है। हमारे पास कैपिटल है, स्किल्स हैं और हमारे पास एक फाइनांशियल सिस्टम और अच्छी गवर्नैंस वाली सरकार वाला देश है। हमारे पास ऊंचे स्तर के मूल्य हैं। कनाडा एक बहुत ही फ्रैंडली समाज है और यह पूरी एनर्जी के साथ काम कर रहा है। हमारी ताकत हमारी ईमानदारी है। हम मौजूदा टूटे-फूटे और सड़े-गले ग्लोबल सिस्टम से बाहर आ गए हैं। हमारे पास अपना अच्छा, ताकतवर और न्याय पर आधारित कनाडा बनाने की ताकत है। इसी तरह, दुनिया की सभी मिडल पावर्स को इससे बाहर आना चाहिए। अब उन्हें एक साथ आकर एक नया इंटरनैशनल सिस्टम बनाने की जरूरत है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि आज, भेडियों और डाकुओं का रूप ले चुकी सुपरपावर्स से किसी भी देश की सॉवरेनिटी सुरक्षित नहीं है। पूरी दुनिया के देश उनसे डरे हुए हैं। वेनेजुएला में क्या हुआ? एक कायर डाकू का रूप लेकर, प्रैसिडैंट डोनाल्ड ट्रम्प ने वहां के प्रैसिडैंट निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को उनके बिस्तर से किडनैप कर लिया और उन्हें अमरीका ले आए। दुनिया के किसी भी देश ने कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। अमरीका और उसके साथी इसराईल ने गाजा पट्टी को तबाह कर दिया। 70 हजार से ज्यादा लोग मारे गए, लाखों घायल और बेघर हो गए। कई लोग भूख से मर रहे हैं। लेकिन सुपरपावर्स के डर से किसी भी देश ने कुछ नहीं किया। वे ईरान को भी खत्म करना चाहते थे लेकिन उसके ताकत दिखाने की वजह से उन्हें समझौता करना पड़ा। अब उन्होंने उसे फिर से उखाड़ फैंकने की कोशिश की। सी.आई.ए. और मोसाद ने ईरान में पब्लिक विद्रोह पैदा करने की नाकाम कोशिश की। यूक्रेन पर रूस का हमला 24 फरवरी, 2022 से चल रहा है, लेकिन अभी तक किसी भी सुपरपावर ने वहां शांति स्थापित करने की सच्ची कोशिश नहीं की। कार्नी ने साफ कहा कि पश्चिमी देश भी इस झूठ के शिकार हो गए और अपने निजी फायदे और हितों के लिए अमरीका के साथ हो लिए। अब हालत यह है कि अमरीका पूरी दुनिया में अपनी मोनोपॉली का दबदबा बनाना चाहता है और मौजूदा संस्थाओं की जगह अपने दबदबे में एक 'बोर्ड ऑफ पीस' बनाकर पूरी दुनिया का नक्शा बदलना चाहता है, जिसका वह जिंदगी भर चेयरमैन रहेगा। उसने भारत समेत 60 देशों को इस बोर्ड का मैंबर बनने के लिए बुलाया है। जो एक अरब डालर देगा उसे परमानैंट मैंबरशिप दी जाएगी। क्या ऐसे सिस्टम में किसी देश की सॉवरेनिटी सुरक्षित रहेगी? इसलिए इस सिस्टम से बचने के लिए, मीडियम पावर वाले देशों को आपसी सहयोग, बराबरी और न्याय पर आधारित एक नया इंटरनैशनल सिस्टम बनाने के लिए एक साथ आगे आना होगा। अमरीकी कांग्रेस और लोकतंत्र से प्यार करने वाले अमरीकी लोग अपना 80 साल पुराना विवेक आत्ममुग्ध राष्ट्रपति ट्रम्प के हाथों खो चुके हैं, जो नाजी हिटलर और फासिस्ट मुसोलिनी के रास्ते पर चल रहे हैं और हर दिन पड़ोसी राज्यों को धमका रहे हैं।

# अपने ही बोझ से ढहता ईरान का 'मुल्ला तंत्र'

ईरान में 22 वर्षीय कुर्द युवती महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में क्रूर पिटाई से हुई मौत ने साल 2022 में ऐसी आग लगाई जो आज भी सुलग रही है। हिजाब न पहनने के आरोप में तेहरान में गिरफ्तार हुई महसा कभी घर नहीं लौटीं। पुलिस ने दिल का दौरा बताकर उसकी मौत छिपाने की कोशिश की लेकिन परिवार और दुनिया ने इसे राज्य-प्रायोजित हत्या माना। उससे भी बढ़कर ईरान के लोगों ने इसे नृशंस हत्या माना, जो इस पूरी पटकथा का मूल पहलू है। यूएन फैक्ट फाइंडिंग मिशन ने साल 2024 में कहा कि महसा की मौत राज्य की शारीरिक हिंसा से हुई। इसके बाद 19 मई 2023 की सुबह ईरान के शासन ने माजिद काजेमी (30 वर्ष), सालेह मीरहाशेमी (36 वर्ष) और सईद याघौबी (37 वर्ष) को फांसी पर लटका दिया। ये तीनों महसा अमीनी की मौत के बाद साल 2022 में पूरे ईरान में फैले विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे। खासकर मध्य ईरान के इस्फहान शहर में। ईरानी न्यायपालिका ने इन पर मोहारेबेह (अल्लाह के खिलाफ युद्ध छेड़ना) का आरोप लगाया, जो मौत की सजा वाला अपराध है। आरोप था कि नवंबर 2022 में इस्फहान के विरोध प्रदर्शनों के दौरान इन तीनों ने कथित तौर पर बंदूक चलाई, जिसके परिणामस्वरूप एक पुलिस अधिकारी और दो बसिज मारे गए। इनकी गिरफ्तारी नवंबर 2022 में हुई और केवल दो महीने के भीतर जनवरी 2023 में मौत की सजा सुनाई गई। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इस ट्रायल को पूरी तरह फर्जी और अन्यायपूर्ण करार दिया। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसे टॉर्चर-आधारित बताया, जहां इन तीनों को गिरफ्तारी के बाद यातना दी गई ताकि जबरन कबूलनामा लिया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार विशेषज्ञों ने भी 19 मई 2023 को इन फांसियों पर गहरा दुख जताया और कहा कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों से जुड़े लोगों को दबाने के लिए मौत की सजा का इस्तेमाल बढ़ रहा है। महसा अब सिर्फ एक आम महिला नहीं, बल्कि ईरानी महिलाओं की आजादी की प्रतीक बन चुकी हैं। उनके नाम पर महिला, जीवन, स्वतंत्रता का नारा गूंज रहा है। पूरे ईरान में महिलाएं (और पुरुष भी) सड़कों पर उतर आई हैं, हिजाब फेंक रही हैं, अपने लंबे बाल काट रही हैं और दमन के बावजूद न्याय की मांग कर रही हैं। यह विरोध अब तक नए रूप में फैल चुका है। जिसमें दिसंबर 2025 से तेहरान के ग्रैंड बाजार में व्यापारियों की हड़ताल और कई शहरों में फैले प्रदर्शन शामिल हैं। जहां आर्थिक तबाही (रियाल अब खुले बाजार में लगभग 14 लाख से 15 लाख प्रति डॉलर के आसपास पहुंच चुका है) और पुराने दमन ने 'मुल्ला तंत्र' को गहरे संकट में डाल दिया है। शासन कठोर नियंत्रण और फांसी जैसे दमन से अपनी इस्लामी क्रांति की विरासत बचाने की कोशिश में जुटा है लेकिन ये प्रयास हताशा और अस्थिरता से भरे दिखते हैं। सामाजिक असंतोष, आर्थिक बदहाली और इजरायल-अमेरिका जैसे टकराव ने इस तानाशाही को भीतर से खोखला कर दिया है। अमेरिका और इजरायल के ईरान के प्रति आक्रामक रुख को समझने के लिए इतिहास में लौटना जरूरी है। यह दुश्मनी कोई अचानक नहीं बल्कि दशकों की जड़ों वाली है। ईरान और अमेरिका के रिश्तों में पहली बड़ी दरार 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले ही पड़ चुकी थी, खासकर 1953 में। उस साल सीआईए और ब्रिटिश एमआई6 ने मिलकर ऑपरेशन अजाक्स (ऑपरेशन बूट) चलाया, जिसमें ईरान के लोकतांत्रिक रूप से चुने गए प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसद्देक को उखाड़ फेंका गया। मोसद्देक ने ब्रिटिश-नियंतरित तेल कंपनी एंग्लो-ईरानियन ऑयल (अब बीपी) का राष्ट्रीयकरण किया था, जिससे पश्चिमी हितों को खतरा महसूस हुआ। इस तख्तापलट के बाद शाह मोहम्मद रजा पहलवी को फिर से सत्ता सौंपी गई, जो अमेरिका का भरोसेमंद सहयोगी बन गया। शाह ने पुलिस के जरिए कठोर दमन किया, पश्चिमी जीवनशैली को बढ़ावा दिया और इजरायल के साथ गुप्त संबंध बनाए रखे। लेकिन यह अमेरिकी समर्थन ईरानी जनता में गहरा असंतोष पैदा कर गया। 1953 का तख्तापलट आज भी ईरानी प्रचार में अमेरिकी साम्राज्यवाद का प्रतीक है।

**यूएन फैक्ट फाइंडिंग मिशन ने साल 2024 में कहा कि महसा की मौत राज्य की शारीरिक हिंसा से हुई। इसके बाद 19 मई 2023 की सुबह ईरान के शासन ने माजिद काजेमी (30 वर्ष), सालेह मीरहाशेमी (36 वर्ष) और सईद याघौबी (37 वर्ष) को फांसी पर लटका दिया। ये तीनों महसा अमीनी की मौत के बाद साल 2022 में पूरे ईरान में फैले विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे। खासकर मध्य ईरान के इस्फहान शहर में। ईरानी न्यायपालिका ने इन पर मोहारेबेह (अल्लाह के खिलाफ युद्ध छेड़ना) का आरोप लगाया, जो मौत की सजा वाला अपराध है। आरोप था कि नवंबर 2022 में इस्फहान के विरोध प्रदर्शनों के दौरान इन तीनों ने कथित तौर पर बंदूक चलाई, जिसके परिणामस्वरूप एक पुलिस अधिकारी और दो बसिज मारे गए। इनकी गिरफ्तारी नवंबर 2022 में हुई और केवल दो महीने के भीतर जनवरी 2023 में मौत की सजा सुनाई गई। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इस ट्रायल को पूरी तरह फर्जी और अन्यायपूर्ण करार दिया। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसे टॉर्चर-आधारित बताया, जहां इन तीनों को गिरफ्तारी के बाद यातना दी गई ताकि जबरन कबूलनामा लिया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार विशेषज्ञों ने भी 19 मई 2023 को इन फांसियों पर गहरा दुख जताया और कहा कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों से जुड़े लोगों को दबाने के लिए मौत की सजा का इस्तेमाल बढ़ रहा है।**

1979 में अयातुल्ला रुहोल्ला खुमैनी ने जनआंदोलन के जरिए शाह को सत्ता से बेदखल किया और इस्लामी गणराज्य की स्थापना की। खुमैनी ने अमेरिका को महान शैतान और इजरायल को छोटा शैतान करार दिया। क्रांति के तुरंत बाद तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर कब्जा कर 444 दिनों तक 52 अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाया गया, जिसने दुश्मनी को स्थायी बना दिया। खुमैनी ने ईरान को सिर्फ एक राष्ट्र नहीं, बल्कि पूरी इस्लामी दुनिया का क्रांतिकारी मार्गदर्शक घोषित किया। इस सोच के तहत फिलिस्तीन मुद्दे को केवल कूटनीतिक समर्थन तक सीमित नहीं रखा गया बल्कि इजरायल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष को राज्य नीति का हिस्सा बनाया गया। इजरायल के साथ ईरान का टकराव और इसराइल के अस्तित्व के प्रश्न से जुड़ा है। खुमैनी के नेतृत्व में ईरान ने खुद को न केवल एक देश की तरह बल्कि पूरी इस्लामी दुनिया के मार्गदर्शक के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया। इसी सोच के तहत उसने फिलिस्तीन मुद्दे को केवल कूटनीतिक समर्थन तक सीमित नहीं रखा बल्कि इज़रायल के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष को बढ़ावा दिया। लेबनान में हिज़्बुल्ला जैसे संगठनों को संगठित करना, उन्हें धन और हथियार उपलब्ध कराना इसी रणनीति का हिस्सा रहा है। इसके साथ ही गाज़ा पट्टी में सक्रिय हमास को भी ईरान लंबे समय से आर्थिक और सैन्य सहायता देता रहा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम इस टकराव को और खतरनाक बना देता है। इज़रायल इसे अपने अस्तित्व पर सीधे खतरे के तौर पर देखता है। यही कारण है कि इज़रायल के लिए ईरान का मजबूत होना 'करो या मरो' जैसी स्थिति पैदा करता है। इसके अलावा यमन, सीरिया और इराक में ईरान समर्थित सशस्त्र गुटों की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि तेहरान 1979 की इस्लामी क्रांति के प्रभाव को पूरे अरब जगत में फैलाने की रणनीति पर काम कर रहा है। इसराइल के लिए यह जंग इसी समय जीतना बेहद जरूरी है क्योंकि यदि ईरान परमाणु सम्पन्न हुआ या अगले मध्यावधि चुनाव में अमेरिकी संसद में ट्रम्प ने बहुमत खो दिया तो शायद इजरायल भविष्य में ईरानी आक्रमण में अपना अस्तित्व हमेशा के लिए खो दे। जब खुले बाजार में डॉलर के मुकाबले ईरानी रियाल ऐतिहासिक रूप से कमजोर हुआ तो इसका सीधा असर तेहरान के व्यापारिक वर्ग पर पड़ा। मुद्रा संकट के विरोध में शुरू हुए व्यापारियों के प्रदर्शन जल्द ही राजधानी से बाहर अन्य शहरों तक फैल गए। इसी अवसर की तलाश में बैठे ट्रम्प ने ईरान पर हमले का पूरी तरह मन बना लिया था। इसी बीच अचानक वैश्विक मीडिया विमर्श का केंद्र बदल गया और ईरान से जुड़ी खबरें पीछे चली गईं। हालांकि बाद में सामने आई रिपोर्टों से संकेत मिला कि यह बदलाव केवल सतही था। कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के भीतर सैन्य कार्रवाई की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी थीं, इसके बावजूद निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। इसकी एक अहम वजह इज़रायल द्वारा अमेरिका को रोका जाना बताया गया। इज़रायली खुफिया आकलनों के अनुसार, किसी भी अमेरिकी हमले की स्थिति में ईरान की ओर से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इज़रायल के रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता था। इससे इज़रायल को गंभीर सैन्य और नागरिक नुकसान उठाना पड़ सकता था। इन्हीं आशंकाओं के चलते यह युद्ध उस समय नहीं हो सका। ईरान का 'मुल्ला तंत्र' केवल शासन व्यवस्था नहीं है बल्कि ऐसी वैचारिक व्यवस्था बन चुका है जिसने राज्य, धर्म और हिंसा को आपस में इस हद तक मिला दिया है कि आम नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन लगभग असंभव हो गया है। दुनिया के कई हिस्सों में धार्मिक कट्टरता मौजूद है, लेकिन ईरान में इसका संस्थागत रूप सबसे अधिक कठोर दिखाई देता है। यह कट्टरता समाज से नहीं बल्कि सत्ता में है, जहां एक इस्लामी मौलाना पूरे देश के राजनीतिक, न्यायिक और सैन्य निर्णयों पर नियंत्रण रखता है। औपचारिक रूप से ईरान खुद को एक गणराज्य कहता है, जहां राष्ट्रपति, संसद और चुनाव की व्यवस्था मौजूद है। लेकिन व्यवहार में यह लोकतंत्र सर्वोच्च नेता के अधीन काम करने वाला एक भ्रम है। गार्जियन काउंसिल जैसी संस्थाएं चुनाव से पहले ही उम्मीदवारों को छांट देती हैं, जिससे वास्तविक राजनीतिक विकल्प जनता तक पहुंच ही नहीं पाते। इस व्यवस्था में नागरिक स्वतंत्रताएं बेहद सीमित हैं और असहमति का हश्र हत्या है। महिलाओं के अधिकारों के सवाल पर यह इस्लामी हुकूमत विशेष रूप से कठोर रही है। अनिवार्य हिजाब कानूनों के उल्लंघन पर गिरफ्तारी, हिंसा और हिरासत में मौतों के कई मामले अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा दर्ज किए गए हैं। साल 2022 में महसा अमीनी की मौत कोई अपवाद नहीं थी, बल्कि वह उस दमनकारी व्यवस्था का प्रतीक बन गई, जिसमें राज्य निजी जीवन तक पर नियंत्रण का दावा करता है। यह कहना तथ्यात्मक रूप से अधिक सटीक होगा कि महिलाओं और लड़कियों पर हिंसा केवल ्रहिजाब न पहननेङ्क तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यापक नैतिक पुलिसिंग और कानूनी दमन का परिणाम है। **-मृदुल कृष्ण**

# काग़ज़ी सम्मान की चमक में खोता वास्तविक योगदान

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं हैं बल्कि ये राष्ट्र के आत्ममंथन के अवसर भी होते हैं। इन दिनों प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले प्रशंसा पत्रों को समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उद्देश्य यह होता है कि ऐसे लोगों को सामने लाया जाए जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज और व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दिया है। किंतु बीते कुछ वर्षों में इन प्रशंस पत्रों की प्रक्रिया और चयन पद्धति पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। सबसे बुनियादी सवाल यही है कि क्या किसी प्रशंसा पत्र के लिए आवेदन करना आवश्यक होना चाहिए? यदि हाँ, तो क्यों? सम्मान तो वह होता है जो स्वतः मिले, जिसे समाज और व्यवस्था स्वयं पहचानें। यदि किसी व्यक्ति को अपने कार्य के लिए स्वयं आवेदन करना पड़े या किसी माध्यम से अपना नाम अनुशंसित करवाना पड़े तो ऐसे सम्मान की नैतिकता और प्रामाणिकता पर स्वाभाविक रूप से संदेह उत्पन्न होता है। विडंबना यह है कि जब किसी क्षेत्र में अनियमितता, भ्रष्टाचार या अव्यवस्था की खबरें समाचार पत्रों, टीवी चैनलों या सोशल मीडिया पर आती हैं तो प्रशासन तत्काल सक्रिय हो जाता है। जांच बिठा दी जाती है, नोटिस जारी होते हैं और कार्रवाई की घोषणाएँ की जाती हैं। यानी नकारात्मक घटनाओं पर प्रशासन की दृष्टि अत्यंत सजग और तीक्ष्ण है। फिर सकारात्मक, रचनात्मक और जनहितकारी कार्यों को पहचानने में वही प्रशासन इतना असहाय क्यों दिखाई देता है? क्या अच्छे कार्यों को देखने और समझने की प्रशासनिक दृष्टि अब केवल फाइलों और औपचारिक रिपोर्टों तक सीमित होकर रह गई है? वास्तविकता यह है कि आज प्रशंसा पत्रों की व्यवस्था योग्यता की बजाय प्रक्रिया आधारित होती जा रही है। आवेदन, अनुशंसा, विभागीय चैनल और व्यक्तिगत संपर्क- ये सभी सम्मान प्राप्त करने के अनौपचारिक मानदंड बन चुके हैं। परिणामस्वरूप वही लोग बार-बार सम्मानित होते दिखाई देते हैं जो व्यवस्था के भीतर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना जानते हैं, न कि वे जिन्होंने वास्तव में समाज के लिए ज़मीन पर काम किया है। यह स्थिति सम्मान को प्रेरणा के साधन से अधिक एक औपचारिक रस्म में बदल देती है। यह भी देखने में आता है कि कई बार प्रशंसा पत्र सरकारी कर्मचारियों को उनके नियमित दायित्वों के निर्वहन के लिए दे दिए जाते हैं, जबकि उनका कार्य मूलतः उनकी नौकरी का हिस्सा होता है। इसके विपरीत, अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यकार, कलाकार, शिक्षक और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले लोग- जो बिना किसी पद या संसाधन के समाज में बदलाव लाने का प्रयास कर रहे होते हैं- प्रशासन की दृष्टि से बाहर ही रह जाते हैं। क्या यह सम्मान की सही कसौटी है? प्रशंसा पत्रों के मूल्य पर भी विचार आवश्यक है। जिन व्यक्तियों को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर पत्र लिखे जाते हैं, वे केवल औपचारिक सम्मान नहीं होते। ऐसे पत्र व्यक्ति के कृतित्व के ऐतिहासिक दस्तावेज बन जाते हैं। वे शोध-ग्रंथों में उद्धृत होते हैं, सामाजिक स्मृति का हिस्सा बनते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। इसके विपरीत, आवेदन-आधारित प्रशंसा पत्र अक्सर समारोह समाप्त होते ही अपनी प्रासंगिकता खो देते हैं। सम्मान की सबसे बड़ी कसौटी प्रशासन नहीं बल्कि समाज होता है। पाठक, दर्शक, श्रोता और आम लोग तय करते हैं कि कौन उनके विश्वास पर खरा उतरा और कौन नहीं। साहित्य और कला के क्षेत्र में यह बात और भी स्पष्ट हो जाती है। किसी रचनाकार का मूल्यांकन उसके प्रमाण पत्रों से नहीं, बल्कि उसकी रचनाओं, विचारों और सामाजिक प्रभाव से होता है। यही कारण है कि कई बार बिना किसी औपचारिक सम्मान के भी कुछ लोग समाज में अमर हो जाते हैं, जबकि अनेक पदक और प्रमाण पत्र पाने वाले लोग समय के साथ भुला दिए जाते हैं। यहाँ पद और प्रतिष्ठा के अंतर को समझना भी आवश्यक है। पद से मिलने वाला सम्मान अस्थायी होता है। जब तक व्यक्ति पद पर होता है, तब तक उसके चारों ओर अभिनंदन और औपचारिक सम्मान की भीड़ रहती है। जैसे ही पद समाप्त होता है या व्यक्ति सेवानिवृत्त होता है, वही भीड़ छँटने लगती है। इसके विपरीत, जो लोग अपने कार्य और कृतित्व के बल पर पहचान बनाते हैं, उनकी प्रतिष्ठा पद से परे होती है और समय के साथ और गहरी होती जाती है।

## सेहत मंत्र

# औषधीय गुणों का खजाना है तुलसी के बीज

आयुर्वेद में तुलसी के पौधे को औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है। इस पौधे का हर हिस्सा दवा बनाने के काम आता है। तुलसी के पत्तों के फायदे के बारे में तो आप जानते ही होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तुलसी के बीज भी हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। तुलसी के बीज में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो कई तरह की बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। सर्दी-खांसी में तुलसी के बीज बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। सर्दी लगने पर तुलसी के बीज का काढ़ा बनाकर पीने से खांसी-जुकाम में जल्द राहत मिलती है। यह सूखी खांसी दूर करने में एक कारगर घरेलू नुस्खा है। इसके साथ ही तुलसी के बीज का काढ़ा पीने से फ़ेफड़ों में जमा कफ को बाहर निकालने में मदद मिलती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो तुलसी के बीज का सेवन आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। इसमें भरपूर मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड और फाइबर होता है। तुलसी के बीज का सेवन करने से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है और इससे वेट लॉस में मदद मिलती है। आप चाहें तो तुलसी के बीज की चाय बनाकर भी पी सकते हैं। तुलसी के बीज हमारी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। तुलसी के बीज से त्वचा में नई कोशिकाओं के विकास को बढ़ाने में मदद मिलती है। तुलसी के बीज को नारियल के तेल में मिलाकर त्वचा पर लगाने से एग्जिमा और सोरायसिस जैसी त्वचा संबंधी बीमारियों के इलाज में मदद मिलती है। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी तुलसी के बीज का सेवन फायदेमंद है। इसमें मौजूद डाइटरी फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद करता है। इसके लिए रात में सोने से पहले एक गिलास पानी में तुलसी के बीज को भिगो दें। सुबह दूध के साथ बीज को मिलाकर पी लें। इससे शुगर लेवल कम करने में मदद मिलेगी। तुलसी के बीजों का नियमित सेवन हमारी पाचन क्रिया के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है जिससे कब्ज, दस्त और अपच जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान गणेश हैं वैभवता एवं शुभता देने वाले देव

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। वे सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। उनका जन्म भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को हुआ। गणेशजी शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं, मंगलकर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी।

## पर्यटन



# ओडिशा में मौजूद हैं खूबसूरत झीलें

ओडिशा टूरिस्ट के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। भव्य मंदिरों, संग्रहालयों और मठ, समुद्र तट, जंगल और हरी-भरी पहाड़ियों के अलावा यहां पर कुछ बेहतरीन झीलें है। ओडिशा की झीलें प्राकृतिक और मानव निमित दोनों हैं और स्थानीय और पर्यटकों दोनों के लिए दर्शनीय स्थल हैं। चिल्का झील सबसे बड़ी और ओडिशा की सबसे लोकप्रिय झीलों में से एक है। भारत में सबसे बड़ी खारे पानी की झील है और दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी है। हर तरफ हरे भरे जंगलों से घिरा, चिल्का झील पर्यटकों को बर्ड वॉचिंग, पिकनिक, बोटिंग और मछली पकड़ने के लिए बेहतरीन है। चिल्का झील झील की यात्रा के लिए नवंबर से मार्च सही समय है क्योंकि साइबेरिया से बहुत से प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। महानदी नदी के किनारे पर स्थित है और सारनदा हिल्स और बिष्णुपुर हिल्स से घिरा हुआ है, अंसुपा झील में अपार प्राकृतिक सुंदरता और विदेशी वनस्पति और जीव हैं। यह तैरते, जलमग्न और उभरते हुए जलीय पौधों और कई जलीय जीवों का घर है। यह झील न केवल वनस्पति विज्ञानियों और प्राणीविदों को आकर्षित करती है, बल्कि इसकी समृद्ध जैव विविधता भी बेहद लोकप्रिय है। आप यहां पर एक बस झील के किनारे बैठकर, शांत वातावरण का आनंद ले सकता है। छतरपुर शहर के पास स्थित, पाटा झील ओडिशा में मीठे पानी की झीलों में से एक है, जो साल भर पर्यटकों द्वारा घूमती है। खूबसूरत परिवेश से लेकर अपनी स्फूर्तिदायक ताजगी के लिए, पाटा झील काफी सुंदर जगह है और स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। यदि आप भुवनेश्वर में हैं, तो कांजिया झील को अपनी सूची में जरूर रखें। शहर के बाहरी इलाके में स्थित, यह झील 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और इसे प्रमुख जल स्रोत माना जाता है। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध जैव विविधता इसे ओडिशा की एक महत्वपूर्ण झील बनाती है। नंदन कानन जूलॉजिकल पार्क से जाने या वापस आते समय लोग आम तौर पर इस झील का दौरा करते हैं। यह जोंक नदी के पास पटोरा गांव में स्थित है। यह झील ओडिशा की लोकप्रिय झीलों में से एक है। चारों ओर से पहाड़ियों और जंगलों से घिरी इस झील की प्राकृतिक सुंदरता उत्कृष्ट है और यहाँ आने वाली ठंडी हवा हर आगंतुक के मन और आत्मा को तरोताजा कर देती है।

# शम्मा-ए-वतन की लौ पर जब कुर्बान पतंगा हो होठों पर गंगा हो, हाथों में तिरंगा हो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। 77 वें गणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर बाराबंकी पुलिस द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउण्ड में भव्य परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा परेड का अभिवादन स्वीकार किया गया। तत्पश्चात समारोह के मुख्य अतिथि श्री सतीश चन्द्र शर्मा (माननीय राज्यमंत्री) खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उ0प्र0 द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का मान प्रणाम ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा परेड को शपथ दिलाई गई। श्री सौरभ श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा परेड कमांडर प्रथम के रुप में भव्य परेड का नेतृत्व किया गया। तथा परेड कमाण्डर द्वितीय उ0नि0स0पु0 श्री शमशुद्दीन अहमद व तृतीय परेड कमाण्डर उ0नि0 स0पु0 श्री अमर सिंह रहे। परेड में कुल 09 टोलियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर मा0 जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी बाराबंकी श्री शशांक त्रिपाठी व जनपद के न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी व जनता के गणमान्य व्यक्ति

## गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए सेनानियों के परिजन

उपस्थित रहे। परेड का दर्शकगणों द्वारा तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड कमाण्डर्स, विजेता टोली कमाण्डर एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया गया एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रिता श्रीमती रमाकन्ती देवी पत्नी स्व0 श्री राम चन्द्र निवासिनी ग्राम व पोस्ट हरख थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधान परिचालक, रेडियो शाखा श्री प्रेम चन्द्र आनंद को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अति उत्कृष्ट सेवा पदक, थाना सतरिख पर नियुक्त आरक्षी प्रमोद सिंह को उत्कृष्ट सेवा पदक तथा मु0आ0 चालक श्री कमलेश राम परिवहन शाखा को प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण), प्रभारी निरीक्षक थाना रामसनेहीघाट श्री जगदीश प्रसाद शुक्ला को प्रशंसा चिन्ह (रजत), उ0नि0 रेडियो श्री विनोद कुमार दीक्षित को उत्कृष्ट सेवा सम्मान, उ0नि0 श्याम बाबू को प्रशंसा चिन्ह (रजत), उ0नि0 उपेन्द्र यादव थाना सतरिख



को प्रशंसा चिन्ह (रजत), उ0नि0 श्री हरेराम उपाध्याय, मु0आ0 चालक श्री सुनील दत्त तिवारी, मु0आ0 चालक हौसिला प्रसाद को पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। सास्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

फतेहपुर तहसील क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस सरकारी अर्ध सरकारी व शैक्षणिक संस्थाओं में तिरंगा शान से लहराया। तत्पश्चात विविध कर्यक्रम आयोजित हुए।उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कार्तिकेय सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी और संविधान की स्थापना में स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग अविस्मरणीय है। उनका सम्मान करना हम




सभी का नैतिक कर्तव्य है। तहसीलदार वैशाली अहलावत ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान को देश की मूलभूत संरचना बताया। उन्होंने कहा कि संविधान को केवल जानना ही नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारना भी आवश्यक है।नागरिकों से संविधान का अध्ययन करने का आग्रह कियाताकि अपनेअधिकारों और कर्तव्यों को समझे। इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, राजस्वकर्मी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और संविधान के प्रति सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। नगर स्थित पटेल प्रतिमा केनिकट गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बतायाकि भारत का लहराता तिरंगा हर देशवासी के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाता है।राष्ट्रीयध्वज का सम्मान और उसकी रक्षा करने को सभी का कर्तव्य बताया। हमें भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के स्वाभिमान को देश की पहचान बताते हुए कहाकि इसकी गरिमा बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। विधायक ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को प्रेरणा का प्रतीक बताया। उन्होंने सरदार पटेल जी ने चुनौतियों का सामना कर देश को एकजुट किया था।अब इस देश को अखंड, सशक्त और गौरव शाली बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। नागरिकों से देश निर्माण के लिए संकल्प लेने और उसे पूरा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नगर के दर्जनों विद्यालयों केछात्र-छात्राओं ने पटेल चौराहे तक देशभक्ति रैली निकाली। बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस मौके पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार वैशाली अहलावत, नायब तहसीलदार तहजीब हैदर, कोतवाल अमित कुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी अनिल पांडे, भाजपा नेता अंजूचंद्रा, साईं डिग्री कॉलेज प्रबंधक विपिन सिंह राठौर,आजाद इ0कालेज प्राचार्य, दिनेश पाण्डे, नेशनल इण्टर कालेज प्राचार्य रामू मौर्य, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रंजीत कुमार, अनुपम निगम, रंजीत लोधी, गिरधर गोपाल गुप्ता, महंत हेमंत दास और अंशुमान मिश्र,अंकित जोशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बेस्ट बीएलओ बेस्ट सुपरवाइजर सम्मानित

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के बूध नं0 252 के बीएलओ सिद्धार्थ श्रीवास्तव और साढेमऊ प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक और सुपर वाइजर महेंद्रकुमार को 'बेस्ट बीएलओ' और 'बेस्ट सुपर वाइजर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय मतदातादिवस के उत्तर प्रदेश मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिडवा ने रविवार को लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रदान किया। दोनों अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान मिला। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने और घर-घर जाकर सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को निष्ठा और पारदर्शिता के साथ पूरा किया। उनके प्रयासों से संबंधित क्षेत्रों की मतदाता सूचियां अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनीं, जिसकी निर्वाचन विभाग ने सराहना की। मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिडवा ने समारोह में कहाकि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में बूथलेवल अधिकारियों, सुपरवाइजरों की भूमिका महत्वपूर्ण है।जमीनी स्तर पर उनके ईमानदार कार्य से ही निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित होती है। सम्मान समारोह बाद, एईआरओ और एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने दोनों सम्मानित कर्मियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 'बेस्ट बीएलओ' और 'बेस्ट सुपर वाइजर' अवार्ड से सम्मानित

**फतेहपुर(बाराबंकी), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के बूध नं0 252 के बीएलओ सिद्धार्थ श्रीवास्तव और साढेमऊ प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक और सुपर वाइजर महेंद्रकुमार को 'बेस्ट बीएलओ' और 'बेस्ट सुपर वाइजर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय मतदातादिवस के उत्तर प्रदेश मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिडवा ने रविवार को लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रदान किया। दोनों अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान मिला। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने और घर-घर जाकर सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को निष्ठा और पारदर्शिता के साथ पूरा किया। उनके प्रयासों से संबंधित क्षेत्रों की मतदाता सूचियां अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनीं, जिसकी निर्वाचन विभाग ने सराहना की। मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिडवा ने समारोह में कहाकि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में बूथलेवल अधिकारियों, सुपरवाइजरों की भूमिका महत्वपूर्ण है।जमीनी स्तर पर उनके ईमानदार कार्य से ही निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित होती है। सम्मान समारोह बाद, एईआरओ और एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने दोनों सम्मानित कर्मियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ईसाले सवाब कुरान खानी

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मकामी बड़ा इमाम बाड़ा में हर दिल अज़ीज़ शख्सियत मरहूम जमाल मेहदी के इसाले सवाब के लिए कुरआन खानी और मजलिसे अज़ा मुनक़्क़िद की गई। जिसमें लखनऊ सीतापुर बनारस दिल्ली उन्नाव जायस बाराबंकी लखीमपुर के तमाम लोग मजलिस में पहुंचे थे। पहले ईसाले सवाब के लिए कुरआन खानी की गई कुरआन खानी के बाद सोज़खानी और पेशखानी की गई। अकबरपुर के मौलाना शब्बर खान ने मजलिस को खिताब करते हुए कहाकि सिर्फ़ और सिर्फ़ इमाम हुसैन की बेमिसाल कुर्बानी की वजह से दीन व इंसानियत बाक़ी है।आज भी मुल्क और लोग जिन्होंने कर्बला से दर्स लिया है वो अल्लाह के अलावा किसी भी सुपर पावर से नहीं डरते हैं। मजलिस के बाद अंजुमन अब्बासिया ने नौहा की। मजलिस में सुन्नी मुसलमानों ने भी शिरकत की।

## हर शख्स के सिर पर छत, फली भूत हो रही योजना

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2 के तहत सोमवार को नगर पंचायत रामसनेहीघाट में समारोह आयोजित कर स्वीकृति पत्र वितरण किए गये जं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने 400 पात्र लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र व प्रदेश सरकार की उस मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक, सुरक्षित एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हर गरीब के सिर पर पक्की छत का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है। उन्होंने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना केवल आवास उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है,बल्कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में एसडीएम अनुराग सिंह,अधिशासी अभियंता संतोष चौधरी भाजपा नेता जवाहर लाल वर्मा,बनीकोडर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह,रवि सिंह, सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

## दो बाइक भिड़ी, एक युवक की मौत, तीन जख्मी

**फतेहपुर(बाराबंकी), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रीवा-सीवा से सरसवा मार्ग पर मौलाबाद गांव के पास दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हुई।बाइक पर सवार दीपक कुमार पुत्र प्रमेंद्र, निवासी दुलारे फार्म,उनके साथ प्रमेंद्र मौर्य,उनकी पुत्री रोशनीऔर पत्नी(अज्ञात) घायल हो गए। वही दूसरी बाइक पर सवार गोपीकृष्ण, निवासी दरियापुर,अंगद (27)पुत्र लक्ष्मी नारायण, निवासी मलिकापुर,थाना महमूदाबाद, सीतापुर भी हादसे की चपेट में आ गए। सूचना पर बड्डूपुर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को स्थानीय सीएचसी भेजवाया।जहां चिकित्सकों ने अंगद को मृत घोषित कर दिया,इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।वही गोपी कृष्ण की दशा गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामासेंटर लखनऊ रेफर कर दिया,जहां उनका उपचार जारी है।अन्य घायलों दीपक,प्रमेंद्र मौर्य, उनकी पुत्री रोशनी और पत्नी को प्राथमिक उपचार बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया।

## कम्पोजिट विद्यालय छेदा में शिक्षक चौपाल का आयोजन

**बेलहरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय छेदा में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूरतगंज ब्लॉक के संबंधित न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। चौपाल के दौरान समस्त विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं एवं एसएमसी सदस्यों,अभिभावकों ने भी प्रतिभागी किया।कार्यक्रम में नोडल शिक्षक रविशंकर जोशी एवं एआरपी अनूप कुमार चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ शिक्षक ललित मोहन,सुरेंद्र कुमार मौर्य,प्रा.वि.के हेड टीचर विजय कुमार यादव,शिक्षक संकुल उमाकांत मिश्रा, शिव प्रकाश मौर्य,सत्य प्रकाश वर्मा,सत्येंद्र कुमार मौर्य, तफज्जल सब्बाह,सरिता मौर्य, नम्रता सिंह,शिप्रा सिंह, जगजीवन,मोनिका निगम,संतोष मिश्रा शिवेंद्र प्रताप चौधरी लक्ष्मीकांत वाजपेई,आकांक्षा सिंह,अनिल कुमार,सौरभ बैसवार,राम भरोसे,सूरज वर्मा, अशोक कुमार सहित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने प्रतिभाग किया। एआरपी अनूप कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुए कार्यक्रम का संचालन रविशंकर जोशी ने किया। चौपाल के माध्यम से निपुण भारत मिशन को सफल बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया।

## हर्षोल्लास एवं परंपरागत पूर्ण आस्था से मनाया गया गणतंत्र दिवस पर्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास एवं परंपरागत पूर्ण आस्था से मनाया गया। उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल ने तहसील मुख्यालय पर तिरंगा फहराया। अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने संविधान की रक्षा और देश की एकता अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।

तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में देशभक्ति गीत कविताएं और प्रेरक उद्बोधन प्रस्तुत किए गए।उपजिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का स्मरण करते हुए संविधान के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में तहसीलदार विपुल सिंह सहित सभी राजस्व एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।इसी तरह क्षेत्र के सभी स्कूल कॉलेजों व कार्यालयों में छब्बीस जनवरी मनाई गई। गणतंत्र दिवस पावन अवसर पर भगवान देवी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज रामनगर के अध्यक्ष राम चरण पाठक ने तिरंगा ध्वज फहराया।बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तथा विजयी बच्चों को कॉलेज के प्रबंधक संजय कुमार यादव व प्रधानाचार्य ब्रज लता जैन द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। वहीं पर विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिका और कर्मचारी गण उपस्थित थे। इसके अलावा विकासखंड रामनगर तहसील मुख्यालय इंटर कॉलेज सहित अनेक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

## भागवत कथा मे हुआ श्री कृष्ण की बाललीला का मार्मिक वर्णन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गणेशपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के गणेशपुर कस्बे में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे एवं पांचवें दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।कथा व्यास आचार्य अश्वनी कुमार त्रिपाठी के मुखारविंद से ध्रुव चरित्र एवं भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और मार्मिक वर्णन किया गया जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।कथा के चौथे दिन बालक ध्रुव के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि मात्र पांच वर्ष की आयु में ध्रुव ने अपनी अटल श्रद्धा दृढ़ संकल्प और कठोर तपस्या से भगवान विष्णु को प्रसन्न कर लिया।? नमो भगवते वासुदेवायङ्क के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने ध्रुव की भक्ति से प्रेरणा लेकर उसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।वहीं, कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का सजीव वर्णन किया गया।माखन चोरी, बाल सुलभ चेष्टाओं और लीलाओं का श्रवण करते ही पूरा पंडाल 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।इस ज्ञान यज्ञ में अयोध्या हनुमानगढ़ी से पधारे महंत बाबा बलराम दास महाराज,महंत श्रवण दास सौरभ दास तथा महंत बी.पी. दास सहित अनेक संत-महात्माओं ने अपनी उपस्थिति से आयोजन



की शोभा बढ़ाई।इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत शुक्ला सुरेंद्र शुक्ला अधिवक्ता आदर्श कुमार मौर्य वरिष्ठ प्रतियोगी अजय कुमार शुक्ला सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।कथा के यजमान सुरेश कुमार शुक्ल एवं लक्ष्मी शुक्ल ने सभी संतों और अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर नगर पंचायत रामनगर के चेयरमैन रामशरण पाठक, दयाशंकर तिवारी, नीरज शुक्ला,रोहित त्रिपाठी, गिरजा शंकर अवस्थी, कुलदीप गुप्ता,घनश्याम गुप्ता, समाजसेवी अवधेश शुक्ल, अनुपम शुक्ल,के.के. शुक्ला, आशीष शुक्ल,आनंद शुक्ला, गौरव अवस्थी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए सेनानियों के परिजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी,। तहसील क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस सरकारी अर्ध सरकारी व शैक्षणिक संस्थाओं में तिरंगा शान से लहराया। तत्पश्चात विविध कर्यक्रम आयोजित हुए।उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कार्तिकेय सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी और संविधान की स्थापना में स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग अविस्मरणीय है। उनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। तहसीलदार वैशाली अहलावत ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार रखें। जन सामान्य से संविधान का अध्ययन करने का आग्रह कियाताकि अपनेअधिकारों और कर्तव्यों को समझे। इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, राजस्वकर्मी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और संविधान के प्रति सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ !नगर स्थित पटेल प्रतिमा केनिकट गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान और उसकी रक्षा करने को सभी का कर्तव्य बताया। हमें भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के स्वाभिमान को देश की पहचान बताते हुए कहाकि इसकी गरिमा बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान नगर के दर्जनों विद्यालयों केछात्र-छात्राओं ने पटेल चौराहे तक देशभक्ति रैली निकाली। बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस मौके पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार वैशाली अहलावत, नायब तहसीलदार तहजीब हैदर, कोतवाल अमित कुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी अनिल पांडे, भाजपा नेता अंजूचंद्रा, साईं डिग्री कॉलेज प्रबंधक विपिन सिंह राठौर,आजाद इ0कालेज प्राचार्य, दिनेश पाण्डे, नेशनल इण्टर कालेज प्राचार्य रामू मौर्य, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रंजीत कुमार, अनुपम निगम, रंजीत लोधी, गिरधर गोपाल गुप्ता, महंत हेमंत दास और अंशुमान मिश्र,अंकित जोशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



''ब्राइट फ्यूचर एकेडमी बाराबंकी में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष महंत बी.पी. दास द्वारा ध्वजारोहण कर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने सराहा। अपने अध्यक्षीय संबोधन में महंत बी.पी. दास ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्यबोध एवं राष्ट्र के निर्माण में अपनी सहभागिता की प्रेरणा देता है प्रबंध निदेशक मनोज तिवारी ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में आकांक्षा चौधरी, राज क्रांति, निधि वर्मा, अनुष्का रावत, दिव्यांशी दीक्षित, सीमा वर्मा, रिचा शुक्ला, मानसी सोनी, पूनम वर्मा, रश्मि सिंह, रिचा रावत सहित विद्यालय के सम्मानित शिक्षक गण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त राजेश ने परखा एसआईआर की भौतिक प्रगति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अयोध्या परिक्षेत्र के कमिश्नर राजेश कुमार ने मंगलवार को रामसनेही घाट क्षेत्र स्थित बनीकोडर ब्लॉक का दौरा कर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर कार्य की प्रगति का स्थलीय समीक्षा की। उन्होंने चल रही एसआईआर सुनवाई की स्थिति का जायजा लिया। खंड विकास अधिकारी एवं ई आर ओ डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि अब तक 30 प्रकरणों की सुनवाई की जा चुकी है।जिन मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की जरूरत पड़ रही है, उन्हें मौके पर ही अपलोड कराया जा रहा है।कमिश्नर ने स्वयं कंप्यूटर पर अपलोड किए गए, फॉर्म व दस्तावेजों की जांच कर पूरी प्रक्रिया को विस्तार से देखा। इसी बीच एक अश्विनी कुमार नाम के व्यक्ति की सुनवाई भी कमिश्नर ने स्वयं की।अश्विनी कुमार ने बताया कि उनकी बहू कोमल को एस आई आर से संबंधित नोटिस प्राप्त हुई थी, जिसके अनुपालन में वे सुनवाई के लिए पहुंचे हैं।इस पर कमिश्नर ने दस्तावेज न प्रस्तुत किए जाने का कारण पूछा जिस पर उन्होंने बताया कि मैपिंग के समय बीएलओ द्वारा दस्तावेज नहीं मांगे गए थे। इसके बाद खंड विकास अधिकारी ने फोटो सहित सेव किए गए फॉर्म और अपलोडिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। कमिश्नर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निस्तारण पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से किया जाए,ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदन और आपत्तियों का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने परखीं व्यवस्थाएं

वाराणसी। संत रविदास जयंती की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सीर गोवर्धनपुर परिक्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों और न्यास के पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कर सभी जरूरी विषयों पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। न्यास के चेयरमैन ने कार्यक्रम के विभिन्न गतिविधियों के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने रविदास मंदिर में चल रहे लंगर हॉल मेला क्षेत्र, दर्शनार्थियों के रात्रिनिवास क्षेत्र, बनाए जा रहे पंडाल व मंच व्यवस्था सहित मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। उन्होंने अलग - अलग राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगाये गए टेंट आदि की व्यवस्था देखी। उन्होंने सभी उपस्थित संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को पूरे परिसर एवं मंदिर के आसपास के चारों तरफ विशेष अभियान चलाकर साफ सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## बच्चों संग हर्षोल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नवज्योति सेवा संस्थान की त्रिवेणी नगर शाखा में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह, देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर देश के प्रति गर्व और उमंग साफ झलक रही थी। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रंजना राठौर एवं समाजसेवी संजय राठौर उपस्थित रहे। साथ ही मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया। गणतंत्र दिवस समारोह में संस्थान के बच्चों, उनके अभिभावकों एवं नवज्योति सेवा संस्थान की पूरी टीम ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने तिरंगे को सलामी दी। देशभक्ति गीतों की धुन पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रस्तुति दी और पूरे परिसर को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के दौरान देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बलिदान को याद किया गया। अतिथियों ने बच्चों को संविधान, देश की एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। समारोह का समापन भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारों के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति की भावना और भी प्रबल हो गई।

# महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' व्यवस्था में दखल से उच्चतम न्यायालय का इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि यह विषय न्यायिक निर्णय के दायरे में नहीं आता है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने मंदिर में कथित 'वीआईपी' को गर्भगृह में जलाभिषेक की अनुमति और आम श्रद्धालुओं पर पाबंदी को लेकर उच्चतम न्यायालय में उठाया था। मामले में हस्तक्षेप करने की उच्चतम न्यायालय की अनिच्छा के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।



याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दलील दी कि यह व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है और गर्भगृह में प्रवेश के लिए एक समान नीति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'वीआईपी' दर्जे के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता और यदि कुछ लोगों को कलेक्टर जैसी प्राधिकृत सिफारिशों पर प्रवेश दिया जाता है, तो समान स्थिति वाले अन्य भक्तों को भी अधिकार मिलना चाहिए। पीठ ने यह तर्क स्वीकार नहीं किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति या प्रतिबंध का निर्णय अदालतों का विषय नहीं है और यह मंदिर प्रशासन के विवेक पर छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने टिप्पणी की कि अदालतें यदि यह तय करने लगें कि किसे प्रवेश मिले और किसे नहीं, तो यह अदालतों के लिए मुश्किल हो जायेगा। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि यदि गर्भगृह के भीतर अनुच्छेद 14 को लागू माना गया, तो अन्य मौलिक अधिकारों के दावे भी उठ सकते हैं, जिससे धार्मिक और प्रशासनिक व्यवस्थाएं जटिल हो जाएंगी। अधिवक्ता जैन ने दोहराया कि उनकी आपत्ति केवल भेदभाव तक सीमित है और या तो पूर्ण प्रतिबंध हो या सभी के लिए समान प्रवेश, लेकिन पीठ अपने रुख पर कायम रही। अंततः याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली। उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, ''याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है और वह सक्षम प्राधिकरण के समक्ष अपने सुझाव/अनुशंसाएं प्रस्तुत कर सकता है। उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निष्कर्षों का भी संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठकों के ब्यौरे में गर्भगृह में प्रवेश पर कोई विशिष्ट निषेध नहीं दर्शाया गया है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि 'वीआईपी' की परिभाषा किसी कानून या नियम में निर्धारित नहीं है और अनुमति सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर, मामले-दर-मामले दी जाती है। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को व्यक्तिगत रूप से पीड़ित मानते हुए याचिका को 'सुनवाई के लिये स्वीकार नही' कहकर खारिज कर दिया था।

# भारत-ईयू समझौता विकसित भारत की नींव: शिवराज

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक नेतृत्व और आर्थिक सामर्थ्य का प्रतीक है।

शिवराज ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जो भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। भारत के लिए महत्वपूर्ण कृषि उत्पाद– जैसे चाय, कॉफी, मसाले, टेबल अंगूर, खीरा, सूखे प्याज, मीठा मक्का, चुनिंदा फल-सब्जियां और प्रोसेस्ड फूड को इस समझौते से बड़ा लाभ होगा। प्रमुख क्षेत्रों में आपसी संवेदनशीलता का सम्मान करते हुए यह समझौता निर्यात वृद्धि को घरेलू प्राथमिकताओं के साथ



संतुलित करता है और दोनों पक्षों के किसान समुदायों के लिए लाभ सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आज भारत सिर्फ स्वयं आगे नहीं बढ़ रहा है, बल्कि पूरी दुनिया को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। यह समझौता भारतीय किसानों, कृषि उत्पादों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। भारत की कृषि शक्ति आज विश्व के सामने है–भारत चावल उत्पादन में पहले स्थान पर पहुंच चुका है और हमारी कृषि विकास दर ने हरित क्रांति के दौर को भी पीछे छोड़ दिया है। चौहान ने कहा कि भारत-यूरोपियन यूनियन के बीच हुआ यह समझौता कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, निर्यात और निवेश के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। इससे भारतीय कृषि उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में बेहतर पहुंच मिलेगी, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह समझौता आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत और दूरगामी कदम है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं। घटिया पेस्टिसाइड और नकली बीज किसानों की कमर तोड़ देते हैं, इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी दिशा में सरकार एक सख्त पेस्टिसाइड अधिनियम और नया बीज अधिनियम लाने जा रही है, ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण इनपुट और सुरक्षित भविष्य मिल सके। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोजगारयुक्त, गरीबी मुक्त और स्वावलंबी गांवों का निर्माण आवश्यक है। इसी संकल्प के तहत 'विकसित भारत- जी-राम-जी अधिनियम' देश में लागू किया जा रहा है, जिससे गांव संपूर्ण विकसित ग्राम के रूप में उभर सकेंगे और ग्रामीण भारत विकास की मुख्यधारा में मजबूती से खड़ा होगा।

# संयुक्त राष्ट्र को अब अंतरराष्ट्रीय शांति कायम करने वाली संस्था के रूप में नहीं देखा जाता : भारत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को अब अंतरराष्ट्रीय शांति सुनिश्चित करने वाली संस्था के रूप में नहीं देखा जा रहा है और शांति एवं सुरक्षा से जुड़े परिणाम हासिल करने के लिए चर्चाएं ''समानांतर बहुपक्षीय ढांचों'' की ओर बढ़ गई हैं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने सोमवार को यहां 'अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन की पुनः पुष्टिः शांति, न्याय और बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने के मार्ग' विषय पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कहा, ''सार्वभौमिक सदस्यता वाले बहुपक्षवाद, जिसके केंद्र में संयुक्त राष्ट्र है, पर दबाव बढ़ रहा है। इस संगठन के सामने चुनौतियां केवल बजटीय नहीं हैं। संघर्षों से निपटने में जड़ता और प्रभावहीनता इसकी एक बड़ी कमी बनी हुई है।''

हरीश ने कहा कि दुनिया भर के लोग संयुक्त राष्ट्र को ऐसी संस्था के रूप में नहीं देखते जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा प्रदान कर सके। उन्होंने कहा, ''चर्चाएं अब समानांतर बहुपक्षीय ढांचों की ओर बढ़ गई हैं, जिनमें कुछ मामलों में निजी क्षेत्र के भागीदार भी शामिल हैं, ताकि संयुक्त राष्ट्र के ढांचे से बाहर शांति और सुरक्षा से जुड़े परिणाम हासिल किए जा सकें।''

भारत का यह बयान ऐसे समय आया है, जब संयुक्त राष्ट्र और उसके सबसे शक्तिशाली अंग सुरक्षा परिषद की वैश्विक भू-राजनीतिक संघर्षों को रोकने और सुलझाने में लगातार विफलता सामने आ रही है। इसी पृष्ठभूमि में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के लिए अपना 'शांति बोर्ड' शुरू किया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र के विकल्प या प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वैश्विक नेताओं को अपने 'शांति बोर्ड' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह बोर्ड गाजा में स्थायी शांति लाने और 'वैश्विक संघर्षों' को सुलझाने के लिए एक 'नए साहसपूर्ण तरीके' पर काम करेगा। पिछले हफ़्ते दावोस में विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) के मौके पर एक कार्यक्रम में, ट्रंप ने शांति बोर्ड के घोषणापत्र को आधिकारिक तौर पर मंज़ूरी दी। ट्रंप बोर्ड के अध्यक्ष के तौर पर काम करेंगे, और जिन देशों ने इसके घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं और इसमें शामिल हुए हैं, वे अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अज़रबैजान, बहरीन, बुल्गारिया, हंगरी, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कज़ाकिस्तान, कोसोवो, मंगोलिया, मोरक्को, पाकिस्तान, पैराग्वे, कतर, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और उज़्बेकिस्तान हैं। हरीश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन का अनुप्रयोग निरंतरता, वस्तुनिष्ठता और पूर्वानुमेयता पर आधारित होना चाहिए तथा इसमें दोहरे मानदंड नहीं होने चाहिए। भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन का उपयोग किसी देश की संप्रभुता पर सवाल उठाने या उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## पाकिस्तान के 'सरकारी नीति के औजार' के रूप में आतंकवाद का इस्तेमाल सहना सामान्य नहीं: भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर ''झूठा और स्वार्थपूर्ण'' विवरण पेश करने पर पाकिस्तान के राजदूत को करारा जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा कि आतंकवाद को ''सरकारी नीति के औजार'' के रूप में पाकिस्तान द्वारा लगातार इस्तेमाल किए जाने को सहना सामान्य नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। अहमद ने 'अंतरराष्ट्रीय विधि–शासन की पुनर्पुष्टि: शांति, न्याय और बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने के मार्ग' विषय पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई खुली बहस में ऑपरेशन सिंदूर, जम्मू कश्मीर और सिंधु जल संधि पर टिप्पणी की। हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद का निर्वाचित सदस्य पाकिस्तान एकल सूत्री एजेंडा रखता है–भारत और उसके लोगों को नुकसान पहुंचाना। अहमद ने परिषद से कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तान की प्रतिक्रिया ने ''साबित किया कि दबाव या दंडमुक्ति पर आधारित कोई नयी सामान्य स्थिति (न्यू नॉर्मल) नहीं हो सकती। भारत ने अहमद की टिप्पणियों को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधा और हरीश ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को ''सामान्य'' बनाना चाहता है लेकिन ऐसा कभी नहीं हो सकता। हरीश ने कहा, ''हमने पाकिस्तान के प्रतिनिधि से 'नयी सामान्य स्थिति' की बात सुनी। मैं फिर दोहराता हूं कि आतंकवाद को, जैसा पाकिस्तान करना चाहता है, कभी सामान्य नहीं बनाया जा सकता। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को 'सरकारी नीति के औजार' के रूप में लगातार इस्तेमाल किए जाने को सहना सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा। हरीश ने कहा, ''यह पावन सदन पाकिस्तान के लिए आतंकवाद को वैध ठहराने का मंच नहीं बन सकता।

# गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को जानबूझकर अपमानित किया गया : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, लोकसभा तथा राज्यसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया है। श्री खरगे ने कांग्रेस के सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मंगलवार को लिखा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है। श्री खरगे ने कहा ''मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी जी के पास कैबिनेट रैंक है लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे।इतना ही नहीं, हमने अपने सचिवों को भेजकर जगह तलाश की और उनके जरिए पास का इंतजाम किया। श्री गांधी पर राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान श्री गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में भाजपा ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। उसके सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा ''राहुल गांधी ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली, वहीं श्री मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे।

# पेज एक का शेष

## 'मदर ऑफ...

(समझौतों का महा-समझौता) करार देते हुए कहा कि यह तो केवल शुरुआत है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और ईयू अपने रणनीतिक संबंधों को आगे और मजबूत करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस समझौते से दोनों पक्ष मुक्त व्यापार की एक स्पष्ट व्यवस्था के साथ समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध विश्वसनीय साझेदार के रूप में जुड़े हैं। यूरोपीय संघ देश के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, और वस्तुओं तथा सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2024ऽ25 में भारतऽईयू वस्तु व्यापार 11.5 लाख करोड़ रुपये (136.54 अरब डॉलर) था। इसमें भारत की ओर से 6.4 लाख करोड़ रुपये (75.85 अरब डॉलर) का निर्यात और 5.1 लाख करोड़ रुपये (60.68 अरब डॉलर) का आयात शामिल था। वर्ष 2024 में भारतऽईयू सेवाओं का व्यापार 7.2 लाख करोड़ रुपये (83.10 अरब डॉलर) तक पहुंच गया। भारत और यूरोपीय संघ क्रमशः दुनिया की चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जो वैश्विक जीडीपी में लगभग एक-चौथाई और वैश्विक व्यापार में एक-तिहाई हिस्से के बराबर योगदान करती हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री गोयल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रणनीतिक दृष्टिकोण और दृढ़ नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, ''यह समझौता भारत की आर्थिक सहभागिता और वैश्विक दृष्टिकोण में एक निर्णायक उपलब्धि है। यह विश्वसनीय, पारस्परिक रूप से लाभकारी और संतुलित साझेदारियों को सुरक्षित करने की भारत की रणनीति को मजबूत करता है।'' उन्होंने कहा, ''यह केवल एक पारंपरिक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि रणनीतिक आयामों वाली एक व्यापक साझेदारी है और अब तक के सबसे प्रभावशाली एफटीए में से एक है। इस समझौते के तहत भारत ने यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात (व्यापार मूल्य के आधार पर) के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच सुनिश्चित की है, जिससे 'मेक इन इंडिया' पहल को भी मजबूती मिलेगी। वस्तुओं के साथ-साथ, यह सेवाओं में उच्च-मूल्य प्रतिबद्धताओं और कुशल भारतीय पेशेवरों की सहज आवाजाही के लिए एक व्यापक गतिशीलता ढांचे को भी सक्षम बनाता है।'' वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि यह समझौता वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार, व्यापार उपचार, उत्पत्ति के नियम, सीमा शुल्क और व्यापार सुगमता जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ एसएमई और डिजिटल व्यापार जैसे उभरते क्षेत्रों को भी कवर करता है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, यह एफटीए वस्त्र, परिधान, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग वस्तुएं और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को निर्णायक बढ़ावा देता है। लगभग 33 अरब डॉलर के निर्यात पर 10 प्रतिशत तक के शुल्क को समझौते के लागू होते ही शून्य किया जायेगा। इससे प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और श्रमिकों, कारीगरों, महिलाओं, युवाओं और एमएसएमई को सशक्त किया जाएगा, साथ ही भारतीय व्यवसायों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से और गहराई से जोड़ा जायेगा। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में, सावधानीपूर्वक तैयार की गई कोटा-आधारित उदारीकरण व्यवस्था से यूरोपीय वाहन निर्माताओं को भारत में उच्च मूल्य श्रेणी के मॉडल पेश करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही भविष्य में 'मेक इन इंडिया' और निर्यात की संभावनाएं भी खुलेंगी। भारतीय उपभोक्ताओं को उच्च तकनीक वाले उत्पादों और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा का लाभ मिलेगा। यूरोपीय बाजार में पारस्परिक पहुंच से भारत में निर्मित वाहनों के लिए भी अवसर सृजित होंगे। मंत्रालय ने कहा है कि इससे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र को भी इस एफटीए से बड़ा लाभ मिलेगा। चाय, कॉफी, मसाले, ताजे फल और सब्जियां तथा प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी, जिससे ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिलेगी। भारत ने डेयरी, अनाज, पोल्ट्री, सोयामील तथा कुछ फलों और सब्जियों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की है। शुल्क उदारीकरण के अलावा, यह एफटीए गैर-शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए नियामक सहयोग, पारदर्शिता, सरल सीमा शुल्क प्रक्रियाओं, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता (एसपीएस) उपायों तथा तकनीकी व्यापार बाधाओं को मजबूत करता है। सीबीएएम (कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मेकेनिज्म) प्रावधानों के तहत भारत ने महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं सुनिश्चित की हैं, जिनमें भविष्य उन्मुख मोस्ट फ़ेवर्ड नेशन आश्वासन, कार्बन मूल्य की मान्यता पर तकनीकी सहयोग, सत्यापनकर्ताओं की मान्यता तथा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने के लिए वित्तीय सहायता शामिल है। दोनों अर्थव्यवस्थाओं सेवा क्षेत्र सबसे तेजी से बढ़ रहा है। बाजार पहुंच की निश्चितता, गैर-भेदभावपूर्ण व्यवहार, डिजिटल सेवाओं पर ध्यान और पेशेवरों की सुगम आवाजाही से भारत की सेवा निर्यात क्षमता को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। इस एफटीए के तहत यूरोपीय संघ ने सूचना प्रौद्योगकी और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन, निर्माण और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में भारत के लिए व्यापक प्रतिबद्धताएं दी हैं। बयान में कहा गया है कि मोबिलिटी के क्षेत्र में यह समझौता अल्पकालिक, अस्थायी और व्यावसायिक यात्राओं के लिए एक स्पष्ट और सुविधाजनक ढांचा प्रदान करता है। इसके अंतर्गत कंपनी के अंदर कर्मचारियों के स्थानांतरण, कारोबार करने के लिए यात्रा करने वालों, वीजा और अनुबंध पर सेवाएं प्रदान करने वालों और स्वतंत्र पेशेवरों को लाभ मिलेगा। इसके अंतर्गत भारत ने सामाजिक सुरक्षा समझौतों पर पांच वर्षों की अवधि में रचनात्मक संवाद का ढांचा भी सुनिश्चित किया है। साथ ही छात्रों की आवाजाही और अध्ययन के बाद कार्य अवसरों को समर्थन देने की व्यवस्था भी की गई है। इसके अतिरिक्त, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा के चिकित्सकों को उन यूरोपीय सदस्य देशों में कार्य करने की अनुमति मिलेगी, जहां पारंपरिक चिकित्सा के लिए कोई विनियमन व्यवस्था नहीं है। यह एफटीए बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा को मजबूत करता है और पारंपरिक ज्ञान की डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) के महत्व को मान्यता देता है। इससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि, निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार और भारतीय व्यवसायों का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहन एकीकरण होने की अपेक्षा है।

## लखनऊ के 905 बैंक...

डिमांड ड्राफ्ट बनवाने आए छात्रों और अभिभावकों के लिए हड़ताल किसी मुसीबत से कम नहीं रही।

## एक ही विधायी...

दलील दी है कि ये प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21 और 300-ए का उल्लंघन करते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी ने पीठ के समक्ष कहा कि बीएनएस की धारा 111 और यूपी गैंगस्टर एक्ट एक ही विधायी क्षेत्र में आते हैं और दोनों के बीच प्रत्यक्ष तथा अपूरणीय टकराव है। उन्होंने तर्क दिया कि संसद ने धारा 111 को लागू करते समय संगठित अपराध और समूह आधारित आपराधिक गतिविधियों के लिए एक समग्र और पूर्ण कानूनी ढांचा बनाने का लक्ष्य रखा था, जिससे यूपी गैंगस्टर एक्ट जैसे राज्य कानून अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्थापित हो जाते हैं। श्री तिवारी ने अपने तर्क के समर्थन में उच्चतम न्यायालय के फैसले फोरम फॉर कलेक्टिव अफर्ट्स (एफपीसीई) बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (2021) का हवाला दिया, जिसमें न्यायालय ने रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 से टकराव के आधार पर पश्चिम बंगाल हाउसिंग इंडस्ट्री रेगुलेशन एक्ट, 2017 को निरस्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि उक्त फैसले में असंगति तय करने के लिए तीन कसौटियां निर्धारित की गई थीं- पहला, दोनों कानूनों के बीच प्रत्यक्ष टकराव। दूसरा, क्या संसद ने विषय पर एक संपूर्ण और विस्तृत कानून बनाने का इरादा किया है। तीसरा, क्या दोनों कानून एक ही क्षेत्र में लागू होते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने भी राज्य कानून और बीएनएस के बीच टकराव का उल्लेख करते हुए विशेष रूप से प्रत्यक्ष असंगति की कसौटी पर जोर दिया। राज्य की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज और अधिवक्ता रुचिरा गोयल ने दलील दी कि असंगति का प्रश्न विस्तृत कानूनी परीक्षण की मांग करता है और इस पर अध्ययन के लिए समय मांगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने की अनुमति दी और निर्देश दिया कि वह एफपीसीई फैसले में निर्धारित असंगति की कसौटियों के संदर्भ में अपना स्पष्ट पक्ष रखे। उच्चतम न्यायालय ने यह भी संज्ञान लिया कि पिछले वर्ष न्यायालय की एक अन्य पीठ ने गोरखनाथ मिश्रा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (एसएचयूएटीएस मामला) में की गई टिप्पणियों के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाये गये दिशा-निर्देशों को स्वीकार किया था, जहां यूपी गैंगस्टर एक्ट के कथित दुरुपयोग को लेकर चिंता जतायी गयी थी।

## न्यायालय ने राज्यों...

शामिल है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे तेजाब हमले के उन मामलों की जानकारी दें जिनमें अधीनस्थ अदालतों में आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। उन्हें उन मामलों की जानकारी भी देनी होगी जिनमें अधीनस्थ अदालत स्तर पर फैसला हो चुका है या जो लंबित हैं। चार सप्ताह में विवरण देने का आदेश देते हुए पीठ ने उनसे ऐसे मामलों में उच्च न्यायालयों समेत अपीलीय अदालतों में दायर की गईं अपीलों की संख्या के बारे में भी जानकारी देने को कहा। पीठ ने उनसे हर पीड़ित की संक्षिप्त जानकारी, उसकी शैक्षणिक योग्यता, नौकरी और वैवाहिक स्थिति तथा चिकित्सा उपचार और हो चुके या होने वाले खर्चों के बारे में भी जानकारी देने को कहा। उसने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ऐसे पीड़ितों के लिए पुनर्वास योजनाओं की जानकारी देने को भी कहा। पीठ ने उनसे उन मामलों का विवरण भी देने को कहा जहां पीड़ितों को तेजाब पीने के लिए मजबूर किया गया। प्रधान न्यायाधीश ने केंद्र से कानून में बदलाव पर विचार करने को कहा ताकि तेजाब हमलों में शामिल दोषियों को असाधारण सजा मिल सके। पीठ शाहीन मलिक की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो खुद तेजाब हमले की शिकार हैं। मलिक कानून के तहत दिव्यांग लोगों की परिभाषा को व्यापक करने की मांग कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जिन पीड़ितों के अंदरूनी अंगों को जबरदस्ती तेजाब पिलाने से जानलेवा नुकसान हुआ है, उन्हें पर्याप्त मुआवज़ा और चिकित्सा देखभाल समेत अन्य राहत मिलें।

सरकार सभी मुद्दों ...

'' मैं यह बात बिल्कुल साफ कर देना चाहता हूं। पिछली बार सभी विपक्षी पार्टियों ने मतदाता सूची के गहन विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग की थी और सरकार ने इसका दायरा बढ़ाया था। हमने चुनाव सुधारों पर चर्चा की जिसमें एसआईआर का मुद्दा भी शामिल था। चुनाव सुधार पर लोकसभा और राज्यसभा में लंबी चर्चा हुई थी जिसमें सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दिया गया था। उन्होंने कहा कि विपक्ष अगर फिर से एसआईआर पर बहस या चर्चा चाहते हैं तो यह बेवजह होगा क्योंकि इस पर पहले ही पूरी तरह से चर्चा हो चुकी है। इस बीच लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य हिवप के. सुरेश ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में विभिन्न नेताओं ने सरकार पर विधेयकों की रूपरेखा में विधायी एजेंडे नहीं देने का आरोप लगाया, हालांकि बैठक में शामिल सरकार के मंत्रियों ने कहा है कि एजेंडा बाद में प्रसारित किया जाएगा। उनका यह भी कहना था कि सरकार किसी विधेयक को लाने से पहले विधेयक की प्रतियां भी समय पर उपलब्ध नहीं कराती है। गौरतलब है कि सरकार ने बजट सत्र के कल से शुरु हो रहे सत्र से पहले दोनों सदनों में कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बजट दो चरणों में होगा जिसके पहले चरण में एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी। इस साल का बजट रविवार को पेश हो रहा है और बताया जा रहा है कि पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है।

## रक्षा प्रौद्योगिकी के...

आधारित मौजूदा विश्व में आगे बने रहने के लिए अनुसंधान एवं विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों से नवोन्मेषी और त्वरित सोच अपनाने तथा जोखिम लेने से न डरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा ,'' प्रौद्योगिकी बहुत तेजी से बदल रही है और जो प्रौद्योगिकी आज नई है, वह चार-पांच वर्षों में अप्रासंगिक हो सकती है। ऐसे में, विशेषकर युद्धक्षेत्र में, केवल 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' नहीं बल्कि 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना होगा। जो देश तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और तकनीक को तैनात करता है, वही आगे रहता है।'' श्री सिंह ने डीआरडीओ से आग्रह किया कि वह उन क्षेत्रों से आगे बढ़े जहां निजी क्षेत्र पहले ही अपनी क्षमताएं विकसित कर चुका है। उन्होंने संगठन के भीतर एक अलग इकाई बनाने का सुझाव दिया जो ऐसे क्षेत्रों में जोखिम उठाए, जहां सफलता की संभावना कम प्रतीत होती है, लेकिन यदि सफलता मिलती है तो वह ऐतिहासिक होगी। रक्षा मंत्री ने अनुसंधान से प्रोटोटाइप, प्रोटोटाइप से परीक्षण और परीक्षण से तैनाती के बीच समय को कम करने के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में समय पर समावेशन हमारे प्रदर्शन का सबसे बड़ा मानक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि डीआरडीओ आमतौर पर डिजाइन और प्रोटोटाइप पर ध्यान देता है, जबकि उत्पादन उद्योगों की भूमिका होती है, लेकिन इस अंतर को पाटना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मॉडलों की तरह सह-विकास की पद्धति अपनाई जा सकती है, जिसमें उद्योग को डिजाइन से लेकर उत्पादन तक शुरुआती चरणों से ही शामिल किया जाए। डीआरडीओ से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र के साथ व्यापक सहयोग का आह्वान करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि अब पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हल्का लड़ाकू विमान तेजस, जो आज एक बड़ी उपलब्धि के रूप में उभरा है, डीआरडीओ और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच ज्ञान साझा करने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई और लक्ष्य हमारे सामने हैं, लेकिन इसके लिए डीआरडीओ को शिक्षा जगत के साथ सहयोग करना होगा और सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों के साथ ज्ञान साझा करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का समर्थन तभी सार्थक होगा जब डीआरडीओ एकाधिकार आधारित अनुसंधान मॉडल से आगे बढ़कर सहयोगात्मक पारिस्थितिकी तंत्र अपनाए और सार्वजनिक क्षेत्र, निजी उद्योगों, एमएसएमई, स्टार्ट-अप और अकादमिक संस्थानों के साथ मिलकर कार्य करे। इस स्थिति में ही हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़े कदम उठा सकेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार के आत्मनिर्भरता प्रयासों के परिणामस्वरूप रक्षा निर्यात 2014 में 1,000 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 24,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीआरडीओ को अपने प्रणालियों के डिजाइन चरण से ही निर्यात बाजारों को ध्यान में रखना चाहिए, विशेषकर ड्रोन, रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों और गोला-बारूद के क्षेत्र में। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डीआरडीओ वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री सिंह ने वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों को डीआरडीओ की वास्तविक शक्ति बताते हुए कहा कि उन्हें सीखने के अवसर देने के साथ-साथ नेतृत्व की जिम्मेदारियां भी दी जानी चाहिए और यह विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि उनके विचारों को सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में असफलताएं होती हैं और हमें उनसे सीखना चाहिए। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ पुरस्कार योजना 2024 के अंतर्गत पुरस्कार भी प्रदान किए। डॉ. भगवंतम प्रौद्योगिकी नेतृत्व पुरस्कार 2024 हैदराबाद स्थित एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी के निदेशक बी.वी. पापाराव को प्रदान किया गया, जिन्होंने अग्नि मिसाइलों और दीर्घ दूरी की हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल के लिए भारत की पहली मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक से जुड़ी विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकियों के डिजाइन, विकास और प्रदर्शन में वैज्ञानिक टीमों का सफल नेतृत्व किया। डॉ. नागचौधुरी जीवन पर्यंत पुरस्कार 2024 चेन्नई स्थित सीवीआरडीई के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. बालगुरु वी को एमबीटी अर्जुन एमके-1 और भारतीय लाइट टैंक 'जोरावर' जैसे प्रतिष्ठित रक्षा प्लेटफार्मों को साकार करने में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त तीन सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक उत्कृष्टता पुरस्कार और दो सर्वश्रेष्ठ तकनीकी उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर 'द अनप्रेसिडेंटेड सक्सेस स्टोरी ऑफ द फर्स्ट इंडिजिनस सुपरसोनिक मल्टी-टार्गेट सरफ़ेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम ऽ आकाश' शीर्षक पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसे आकाश परियोजना के पूर्व परियोजना निदेशक और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. जी. चंद्रमौली तथा आकाश के प्रथम परियोजना निदेशक और पद्मश्री डॉ. प्रह्लाद राम राव ने लिखा है।

